वर्ष : 16 अंक : 170 लखनऊ रविवार, 23 जून 2024 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम
सूर्योदय : 05:13
सूर्यास्त : 07:03
अधिकतम : 37:00°
न्यूनतम : 29:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **

10



ब्लैक ड्रेस में सुपर हॉट बनकर इवेंट में पहुंची दिशा पाटनी

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान 6 | कागजों पर कराया बंधा निर्माण 7 | समय पर त्रुटि रहित बिल पहुंचायें घरों तक 12

# पेपर लीक रोकने को बनी उच्चस्तरीय समिति

## सात सदस्यीय समिति में पूर्व इसरो चीफ भी शामिल, दो महीने के भीतर सौंपेगी अपनी रिपोर्ट

### समिति परीक्षा प्रक्रिया में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार व एनटीए को लेकर करेगी सिफारिशें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के कामकाज में सुधार के तरीकों पर विचार करने के लिए जिस उच्चस्तरीय समिति की घोषणा की थी, उसका गठन कर दिया गया है। इसमें कुछ जाने-माने शिक्षाविद और टेक्नोक्रेट शामिल हैं। NEET परीक्षा में कथित अनियमितताओं और यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने को लेकर एजेंसी और सरकार आलोचनाओं के घेरे में हैं। इन दो महत्वपूर्ण परीक्षाओं में 30 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे।

अब कैसे रोका जाए पेपर लीक, क्या होने चाहिए सुधार? इसको लेकर एक समिति गठित की गई है। शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। डॉ. के राधाकृष्णन आईआईटी कानपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के वर्तमान अध्यक्ष हैं।

पैनल में दिल्ली स्थित एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति बी.जे. राव, आईआईटी दिल्ली में छात्र मामलों के डीन आदित्य मित्तल और आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व प्रोफेसर राममूर्ति के. शामिल हैं। मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि सात सदस्यीय समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना और कार्यप्रणाली को लेकर सिफारिशें करेगी। समिति दो महीने के भीतर मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

केंद्र सरकार ने शनिवार को बताया कि शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल और पीपल स्ट्रॉन्ग के सह-संस्थापक और कर्मयोगी भारत के बोर्ड सदस्य पंकज बंसल शेष दो सदस्य हैं। गुरुवार को प्रधान ने कहा था, सरकार एक उच्च स्तरीय समिति भी गठित कर रही है। यह समिति एनटीए की संरचना, इसकी कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के बारे में सिफारिशें देगी। हम शून्य त्रुटि वाली परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को NTA (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए 7 सदस्यीय हाई लेवल कमेटी का ऐलान किया। ISRO के पूर्व चेयरमैन और IIT कानपुर के पूर्व डायरेक्टर के. राधाकृष्णन इसके चीफ होंगे। यह कमेटी 2 महीने में शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी। NEET एग्जाम विवाद पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 20 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की थी। शिक्षा मंत्री ने कहा था कि ये कमेटी NTA के स्ट्रक्चर, फंक्शनिंग, एग्जाम प्रोसेस, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफर और डेटा, सिक्योरिटी प्रोटोकॉल को और इम्प्रूव करने के लिए शिक्षा मंत्रालय को सुझाव देगी। 2017 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में NTA के गठन की घोषणा की थी। इसका काम है देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में एडमिशन और स्कॉलरशिप के लिए क्वालिटी टेस्टिंग सर्विस देना यानी एग्जाम कराना।



**30** लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे।

**07** सदस्यीय हाई लेवल कमेटी का ऐलान किया।

**02** महीने में शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

NTA ने शुक्रवार को शाम 8:30 बजे CSIR UGC NET परीक्षा स्थगित कर दी थी। यह एग्जाम 25-27 जून के बीच होना था। परीक्षा स्थगित करने की वजह रिसोर्सेस की कमी बताई गई है। NTA ने कहा कि इस परीक्षा का नया टाइम टेबल जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट csirnet.nta.ac.in पर अपलोड किया जाएगा। दो दिन पहले 19 जून को गड़बड़ियों की आशंका के बाद NTA ने UGC NET परीक्षा रद्द की थी। इससे पहले 12 जून को NCET की परीक्षा रद्द की गई थी। NEET UG एग्जाम में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए 23 जून को रीएग्जाम होना है। इस एग्जाम के लिए 6 नए टेस्ट सेंटर्स बनाए गए हैं। चंडीगढ़ के सिर्फ एक सेंटर को दोबारा रीएग्जाम का सेंटर बनाया गया है। यहां सिर्फ दो कैंडिडेट्स ही एग्जाम देंगे। 23 जून को 2 बजे से 5:20 बजे तक ये एग्जाम होना है। ये एग्जाम 6 शहरों में कंडक्ट किया जाएगा। NTA ने सेंटर्स पर ऑब्जर्वर अपॉइंट कर दिए गए हैं। एग्जाम के दौरान NTA और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी सेंटर्स पर मौजूद रहेंगे। हरियाणा के झज्जर सेंटर को भी बदल दिया गया है। इसी सेंटर से 720/720 स्कोर करने वाले 6 कैंडिडेट्स सामने आए थे। इस सेंटर पर रीएग्जाम कंडक्ट नहीं किया जाएगा। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि एग्जाम के दौरान किसी तरह की परेशानी न आए, ये सुनिश्चित करने के लिए एग्जाम सेंटर में बदलाव किया गया है। NEET एग्जाम विवाद पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 20 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था, 'NEET एग्जाम के साथ समझौता नहीं होगा। इसे जीरो एरर बनाया जाएगा। NTA के लिए हाई लेवल कमेटी गठित होगी, जो इसको और बेहतर करने की सिफारिश करेगी।'

## नीट पेपर लीक की रिपोर्ट ईओयू ने सौंपी शिक्षा मंत्रालय को

### बताया कि अब तक जांच में क्या-क्या हुआ

एजेंसी

**पटना।** बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने नीट पेपर लीक की सिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है। ईओयू ने केंद्र सरकार को अब तक की जांच के बारे में पूरी जानकारी दी है। बताया जा रहा है कि पटना में छापेमारी से बरामद हुए नीट के जले हुए प्रश्न पत्र की कॉपी से लेकर गिरफ्तार आरोपियों के कबूलनामे तक, पूरी जानकारी केंद्र सरकार को दे दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय इस रिपोर्ट की समीक्षा करके परीक्षा के बारे में फैसला ले सकता है। इसके अलावा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ईओयू के एडीजी नैयर हसनैन खान को भी दिल्ली बुलाया है। वे एडीजी और एनडीए के शीर्ष अधिकारी के साथ बैठक कर नीट परीक्षा पर समीक्षा करेंगे। यह बैठक 25 जून को संभावित है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईओयू ने शिक्षा मंत्रालय को बताया है कि 5 मई को हुई नीट यूजी की परीक्षा से एक दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। ईओयू ने 21 जून तक की जांच के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की और शनिवार को उसे मंत्रालय को सौंपी। ईओयू ने इसमें गिरफ्तार 13 आरोपियों के बयानों की प्रति भी है, जिनमें 4 नीट अभ्यर्थी शामिल हैं। ये सभी अभी पटना की बेऊर जेल में बंद हैं। इसके अलावा 5 मई को पेपर लीक की सूचना के बाद पटना पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में बरामद एडमिट कार्ड, जले हुए प्रश्न पत्र के अवशेष की कॉपी समेत अन्य दस्वातेज भी शिक्षा मंत्रालय को सौंप दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और आला अधिकारी ईओयू की जांच रिपोर्ट की बारीकी से समीक्षा करेंगे। इसके बाद नीट यूजी परीक्षा को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि देशभर में नीट के अभ्यर्थी और विपक्षी दलों के नेता नीट परीक्षा को रद्द कर इसे फिर से आयोजित करवाने की मांग कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक शिक्षा मंत्रालय ने नीट का पेपर लीक होने की बात स्वीकार नहीं की है।

## 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

### एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर बने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नरों समेत भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 16 वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसपी शिराडकर को अपर पुलिस निदेशक (एडीजी) लखनऊ जोन के पद पर स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने एडीजी लखनऊ जोन अमरेंद्र कुमार सेंगर का स्थान लिया है।

प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन के पद पर स्थानांतरित किया गया है। लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) तरुण गाबा को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। बरेली जोन के एडीजी प्रेम चंद्र मीना को पुलिस आवास निगम का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बनाया गया है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद से ही पद पर बने एडीजी विनोद कुमार सिंह को एडीजी साइबर क्राइम बनाया गया है। पुलिस आवास निगम के सीएमडी प्रकाश डी को एडीजी रेलवे के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जय नारायण सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर के पद पर भेजा गया है। एडीजी विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) एलवी एंटनी देव को उसी पद पर सीबी-सीआईडी में स्थानांतरित किया गया है। एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल को एसएसएफ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एडीजी सीबी-सीआईडी के सत्यनारायण को उसी पद पर यातायात एवं सड़क सुरक्षा में स्थानांतरित किया गया है। एडीजी यातायात बीडी पॉलसन को एडीजी प्रशिक्षण के पद पर स्थानांतरित किया गया है। आईजी आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी लखनऊ रेंज के पद पर तैनात किया गया है। एसपी स्थानीय खुफिया बरेली यमुना प्रसाद को डिप्टी पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के पद पर स्थानांतरित किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रामपुर राजेश द्विवेदी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज के पद पर स्थानांतरित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के डिप्टी पुलिस कमिश्नर विद्या सागर मिश्रा को एसपी रामपुर के पद पर तैनात किया गया है।




## हरियाणा की फायरबॉल फैक्ट्री में धमाका, 4 की मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा में गुरुग्राम के दौलताबाद इंडस्ट्रियल एरिया में फायरबॉल बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात आग लग गई। इसके बाद फैक्ट्री में जबरदस्त धमाके हुए, जिससे पूरा इलाका दहल गया। भीषण आग लगने से 12 लोग झुलस गए। वहीं, कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड समेत 4 लोगों की मौत हो गई। घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। धमाकों के बाद आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कंपनी में धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के मकान तक हिल गए। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने बताया है कि फैक्ट्री में पड़े केमिकल के कारण विस्फोट हुए हैं। बता दें कि फायरबॉल एक प्रकार का अग्निशामक यंत्र है जो गेंद के आकार का होता है और इसका उपयोग आग बुझाने के लिए किया जाता है।

## रेंट एग्रीमेंट की स्टाम्प ड्यूटी घटाने के निर्देश

### इसके लिए अलग-अलग ब्रैकेट बनाने व एग्रीमेंट प्रक्रिया सरल बनाने का सीएम ने दिया सुझाव

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवासीय, गैर आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के रेंट एग्रीमेंट के लिए स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क कम करने के निर्देश शनिवार को दिए तथा इसके लिए अलग-अलग ब्रैकेट बनाने और एग्रीमेंट प्रक्रिया को सरल बनाने का सुझाव दिया। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नियमावली 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जीवन को सुगम बनाने और बेहतर रिकॉर्ड एवं डेटा प्रबंधन के लिए स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा, इस संबंध में जल्द से जल्द तैयारी की जाए और एक मसौदा तैयार कर प्रस्तुत किया जाए। योगी ने जोर देकर कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नियमावली 2024 के तहत संहिताकरण, ई-पंजीकरण और ई-फाइलिंग की पूरी व्यवस्था पारदर्शी होनी चाहिए। ई-पंजीकरण सरकारी एजेंसियों और रेरा से अनुमोदित बिल्डरों के माध्यम से किया जाना चाहिए। साथ ही, ई-फाइलिंग का कार्य बैंक फाइल 6 (1), 12 महीने तक के रेंट एग्रीमेंट और पंजीकरण अधिनियम 1908 की धारा 18 और 89 के तहत किसी भी दस्तावेज के माध्यम से किया जाना चाहिए।



ई-पंजीकरण के चरण-1 में विकास और औद्योगिक विकास प्राधिकरणों सहित सरकारी एजेंसियों को बिक्री विलेख, समझौते और लीज डीड के लिए मंजूरी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण और अनुमोदन इन सरकारी एजेंसियों के नोडल अधिकारियों द्वारा प्रबंधित किए जाने चाहिए। साथ ही, इसमें शामिल पक्षों की तस्वीरें और हस्ताक्षर डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रूप से कैप्चर किए जाने चाहिए। रजिस्ट्रार अधिकारी उपरोक्त प्रक्रिया से इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डेटा के आधार पर पंजीकरण पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-पंजीकरण के चरण 2 में, इसे बिक्री विलेख, समझौते और लीज डीड के लिए रेरा से अनुमोदित संस्थानों तक बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, संबंधित पक्षों की फोटो और हस्ताक्षर डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक रूप से कैप्चर किए जाने चाहिए। इस प्रक्रिया के तहत, इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रेषित डेटा के आधार पर पंजीकरण अधिकारी द्वारा पंजीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ई-फाइलिंग के तहत, चरण 1 में बैंक फाइलों की प्रोसेसिंग शुरू हो चुकी है, जबकि दूसरे चरण में, 12 महीने तक के रेंट एग्रीमेंट, ऑनलाइन स्टैंपिंग, ई-हस्ताक्षर और पक्षों और गवाहों का आधार के माध्यम से ई-केवाईसी सत्यापन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्तमान में, पंजीकरण के लिए रजिस्ट्री कार्यालय में भौतिक उपस्थिति अनिवार्य है, जिससे नागरिकों को असुविधा होती है और बहुमूल्य समय बर्बाद होता है।

## सीएम केजरीवाल की जमानत पर फैसला एक-दो दिन में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल की जमानत पर 24 घंटे के अंदर ही रोक लग गई। दिल्ली हाईकोर्ट की वेकेशनल बेंच ने शुक्रवार को ED की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा- हम दलीलों पर विचार कर रहे हैं। सोमवार-मंगलवार (24 या 25 जून) को हम फैसला सुनाएंगे। तब तक राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले पर रोक रहेगी।

दरअसल, 20 जून को शाम 8 बजे राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी थी। जज न्याय बिंदु की बेंच ने कहा था कि ED के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सीधे सबूत नहीं हैं। कोर्ट ने केजरीवाल को 1 लाख के बेल बॉन्ड पर जमानत दे दी थी। लोअर कोर्ट के फैसले के विरोध में ED ने 21 जून को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका लगाई। जस्टिस सुधीर जैन और जस्टिस रविंदर डुडेजा की बेंच में ED के वकील एसवी राजू ने कहा- लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है। हमें दलीलें रखने का पूरा समय नहीं मिला। ED की ओर से ASG एसवी राजू, केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी और विक्रम चौधरी ने करीब 5 घंटे दलीलें रखीं। बेंच ने 5 घंटे की सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया और सभी वकीलों से सोमवार (24 जून) तक लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा है।



## आर्थिक साझीदारी करार करेंगे भारत-बंगलादेश

### पीएम मोदी व बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की बैठक में लिये गये अहम निर्णय

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और बंगलादेश ने कनेक्टिविटी, व्यापार और सहभागिता के आधार पर अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ सीमा पार परिवहन सुविधाओं को बढ़ाने और समग्र आर्थिक साझीदारी समझौते (सीपा) पर बातचीत शुरू करने का शनिवार को फैसला किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ यहां हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधि मंडल स्तर की बैठक में ये निर्णय लिये गये। बैठक के बाद आपसी सहयोग के 10 समझौतों एवं दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान-प्रदान किया गया। इसके साथ ही 13 घोषणायें भी की गयीं। श्री मोदी ने घोषणा की कि भारत में चिकित्सा उपचार के लिये आने वाले बंगलादेशी लोगों के लिए ई-मेडिकल वीसा सुविधा शुरू की जायेगी। उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि बंगलादेश, हमारी पड़ोसी प्रथम, एक्ट ईस्ट नीति, विज़न सागर और हिन्द प्रशांत विजन के संगम पर स्थित है। पिछले एक ही वर्ष में हमने साथ मिल कर लोक कल्याण की अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को पूरा किया है। अखौरा-अगरतला के बीच भारत-बंगलादेश का छठा क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक शुरू हो गया है। खुलना-मंगला बंदरगाह द्वारा भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिये कार्गो सुविधा शुरू की गयी है। मंगला बंदरगाह को पहली बार रेल से जोड़ा गया है। 1320 मेगावाट मैत्री ताप विद्युत संयंत्र की दोनों इकाइयों ने बिजली उत्पादन शुरू कर दिया है।



## अय्यन्नापतरुडु आंध्र प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष बने

**विजयवाड़ा।** श्री चिंताकायला अय्यन्नापतरुडु को शनिवार को सर्वसम्मति से आंध्र प्रदेश विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। श्री अय्यन्नापतरुडु एकमात्र विधायक थे जिन्होंने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया और अस्थायी अध्यक्ष जी बुचैया चौधरी ने इस पद के लिए उनके निर्वाचन की घोषणा की। उन्होंने आज पूजा-अर्चना करने के बाद अपने कक्ष में अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। अध्यक्ष के रूप में उनके पहले हस्ताक्षर ईटीवी समाचार चैनल पर विधानसभा और परिषद की लाइव कार्यवाही के प्रसारण पर प्रतिबंध हटाने की फाइल पर थी। श्री अय्यन्नापतरुडु (66) ने 1982 में महान अभिनेता एनटी रामाराव द्वारा बनाई गई तेलुगु देशम पार्टी(तेदेपा) के साथ अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। वह पहली बार 1983 में नरसीपट्टनम निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गए और 1985 में इस सीट को बरकरार रखा।

## आकाश आनंद को बसपा में फिर मिली अहम जिम्मेदारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की राजनीति में री-एंट्री हो रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती ने उन्हें 'अपरिपक्व' बताकर पार्टी में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के पद और अपने उत्तराधिकार से हटा दिया था। अब विधानसभा उपचुनावों में उत्तराखंड और पंजाब के जरिए उन्हें फिर राजनीति में सक्रिय किए जाने की तैयारी है। दोनों राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर उनका नाम है। लोकसभा चुनाव के दौरान आकाश आनंद को हटाकर पार्टी प्रमुख मायावती ने आम लोगों के साथ-साथ राजनीति के जानकारों को भी चौंका दिया था। अब जब उन्हें दो राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में प्रभारी बनाया गया है तो माना जा रहा है कि बसपा में एक बार फिर धीरे-धीरे उनकी सक्रियता बढ़ेगी। लोकसभा चुनाव के दौरान आकाश आनंद के प्रचार अभियान को काफी अक्रामक माना गया था। उनके कुछ भाषणों की काफी चर्चा हुई थी। ऐसे ही एक भाषण के बाद एफआईआर भी दर्ज हो गई थी। तब कई राजनीतिक जानकारों का कहना था कि आकाश के तेवरों से बसपा में एक बार फिर कुछ हलचल दिखने लगी है।



» विधानसभा उपचुनाव के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल

## इटली के तट पर शरणार्थी जहाज़ दुर्घटनाग्रस्त, 34 की मौत

**रोम।** इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी जिनमें से आठ नाबालिग थे। शरणार्थियों से भरी एक नौका इटली के कैलाब्रिया क्षेत्र के तट से 120 मील दूर मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। भूमध्य सागर में बचाव अभियान चलाने वाले एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा 11 लोगों को बचाया गया। बचाए गए लोगों ने गैर-सरकार संगठन को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त नाव पर कुल 66 शरणार्थी सवार थे।

**षड़यंत्र** जली बुकलेट का नंबर हजारीबाग का, प्रोफेसर ने वॉट्सऐप पर साजिश के मास्टरमाइंड को भेजा था पेपर

## झारखंड से लीक हुआ था NEET का पेपर, मिल गये सबूत

विश्ववार्ता ब्यूरो

**पटना।** NEET एग्जाम विवाद में झारखंड पुलिस ने देवघर से शनिवार को 6 लोगों को हिरासत में लिया है। इन्हें बिहार के पटना ले जाया जाएगा। इस मामले में अब तक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उधर, दोनों राज्यों की पुलिस ने बताया कि NEET का पेपर झारखंड से ही लीक होने के सबूत मिले हैं।

बिहार पुलिस का कहना है कि 5 मई को नीट की परीक्षा हुई थी। इस दौरान सूचना मिली थी कि कुछ स्टूडेंट्स और सेंटर के पास पेपर पहले से पहुंच गया है और उसे रटवाया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो जला पेपर मिला और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद की गई थी। सूत्रों की मानें तो यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर की है। इससे यह माना जा रहा है कि पेपर झारखंड से ही लीक हुआ था।

इधर जांच एजेंसी के हेड फिलहाल दिल्ली में हैं। सूत्रों की मानें तो उन्होंने अपनी जांच रिपोर्ट और अब तक की कार्रवाई से एनटीए और शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों को अवगत कराया है। हालांकि जांच एजेंसी की तरफ से अब तक इसे लेकर आधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा गया है।

देवघर पुलिस ने बताया, जिन 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिंटू उर्फ बलदेव कुमार, काजू उर्फ प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पिंकू कुमार शामिल हैं। देवघर सदर के SDPO रित्विक श्रीवास्तव ने बताया कि एक इनपुट के बाद यह कार्रवाई की गई है। ये आरोपी जुहू सिंह के घर में ठहरे थे।




अब तक की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि नूरसराय उद्यान कॉलेज का कर्मी संजीव मुखिया ही पेपर लीक करने वाले गिरोह का सरगना है। यह गिरोह कई माह से इसकी साजिश रच रहा था। संजीव को एक प्रोफेसर ने वॉट्सऐप पर पेपर भेजा था। इसके बाद पटना और रांची के मेडिकल स्टूडेंट्स की मदद से पेपर हल कराया गया। हल होने के बाद 5 मई की सुबह उत्तर के साथ इसे करायपरसुराय के चिंटू उर्फ बलदेव के मोबाइल पर भेजा गया। जांच एजेंसी को भी प्रोफेसर के बारे में जानकारी मिली है। हालांकि एजेंसी अधिकारी फिलहाल इस पर कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।

चिंटू के कहने पर हिलसा के पिंटू ने इसका प्रिंट निकाला और सुबह 9 बजे खेमनीचक स्थित बंद हो चुके लर्न एंड प्ले स्कूल के हॉस्टल में ठहराए गए करीब 20-25 अभ्यर्थियों को रटने के लिए दे दिया गया। जेल भेजे गए अभ्यर्थियों के रिजल्ट से भी पता चलता है कि वे किसी एक ही विषय का प्रश्न और उत्तर रट पाए, क्योंकि एक ही विषय में उनका परसेंटाइल बेहतर है। 5 मई को पुलिस ने अभ्यर्थी अभिषेक को परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया था। इसी दिन अभिषेक के पिता अवधेश को भी गिरफ्तार किया गया था। अवधेश रांची के काको में रहता है। सिकंदर 2012 से पहले रांची में ठेकेदारी करता था और अवधेश उसका मुंशी था। 2012 में सिकंदर बिहार में सरकारी जेई बन गया। इसके बाद अवधेश रांची में जमीन का कारोबार करने लगा। 12 साल में अवधेश करोड़ों की संपत्ति अर्जित कर चुका है। सूत्रों की मानें तो अवधेश सिकंदर का इन्वेस्टर है। सिकंदर ने भी रांची में करोड़ों की संपत्ति अर्जित की है। सिकंदर का रांची के जगतपुरम में मकान और फ्लैट भी है। करीब तीन माह पहले सिकंदर ने रांची के बाइपास रोड पर बेटे के लिए स्पोर्ट्स का एक शोरूम भी खोला है। उसकी बेटी एमबीबीएस कर चुकी है। पुलिस को भी जानकारी मिली है कि सिकंदर की अवैध कमाई को अवधेश रांची में जमीन में इन्वेस्ट करता है।

## कश्मीर में मुस्लिम लीग व तहरीक-ए-हुर्रियत पर प्रतिबंध बरकरार

**श्रीनगर।** यूएपीए न्यायाधिकरण ने अलगाववादी नेता मसर्रत आलम के नेतृत्व वाले मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर के गुट और दिवंगत सैयद अली गिलानी द्वारा गठित तहरीक-ए-हुरियत को गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के अंतर्गत 'गैरकानूनी संगठन घोषित करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा है। यह प्रतिबंध पांच वर्षों तक जारी रहेगा।

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की अध्यक्षता वाले यूएपीए न्यायाधिकरण ने गृह मंत्रालय द्वारा 27 दिसंबर, 2003 और 31 दिसंबर, 2023 को पारित आदेश की पुष्टि की, जिसके द्वारा उसने मुस्लिम लीग जम्मू और कश्मीर [मसरत आलम गुट] और तहरीक-ए-हुर्रियत जम्मू और कश्मीर को यूएपीए की धारा 3(1) के अंतर्गत एक गैरकानूनी संघ घोषित किया था।

# पीड़ित व्यक्ति को हर हाल में मिले न्याय: उपमुख्यमंत्री

## पीएमजीएसवाई के तहत नई सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाये : मौर्य

- जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का सत्यापन कराने के निर्देश
- विद्युत बिलों की ओवरबिलिंग करने वाले दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा राज्यमंत्री कारागार/प्रभारी मंत्री सुरेश राही के साथ मां शीतला देवी अतिथि गृह, सयारा, कौशांबी में जनपद कौशांबी के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। उप मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन/फरियादियों की छोटी-छोटी समस्याओं का निस्तारण ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर एवं थाना स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाये जिससे आमजन/फरियादी को जिला स्तर या शासन स्तर तक न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि पीड़ति व्यक्ति को न्याय हर हाल में मिले तथा अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि 03 वर्ष से अधिक एक तहसील में कार्य कर रहे लेखपाल का दूसरे तहसील में स्थानान्तरण कर दिया जाये। इसी प्रकार 03 वर्ष से अधिक एक विकास खण्ड में कार्यरत सचिव, ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी को दूसरे ब्लॉक में एवं थाने में कार्यरत सिपाही/दरोगा को दूसरे थानों में स्थानान्तरण कर दिया जाये। सभी स्थानान्तरण नियमानुसार निर्धारित गाइडलाइंस के अनुसार ही किये जायें। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामलों में राजस्व अधिकारियों की समिति गठित कर ग्रामवासियों के साथ बैठक कर मामलों का निस्तारण कराया जाये। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में भी प्रगति लाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं यथा-रामवन गमन मार्ग एवं प्रयागराज एयरपोर्ट से उत्खनन स्थल कौशाम्बी तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य आदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी से पूर्ण कराया जाये। निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाये, गुणवत्ता न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि को पीएमजीएसवाई के अन्तर्गत नई सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने सिराथू बाजार में दिन में हो रही दुर्घटना के दृष्टिगत सैनी से सिराथू पुल होते हुए धाता की ओर जाने वाले हैवी वाहनों का आवागमन दिन में प्रतिबन्धित करने के निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री ने जल-जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम से अब तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कार्यों को तेजी से पूर्ण कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि पाइप-लाइन जमीन से एक मीटर अन्दर बिछाई गई है या नहीं आदि कार्यों का अधिकारी नामित करते हुए सत्यापन कराया जाये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 06 लाख 91 हजार लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 05 लाख 23 हजार लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुके हैं। उप मुख्यमंत्री ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र की जांच करा ली जाये, जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक या पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी है, वहां पर स्टाफ की तैनाती के लिए कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि गौशालाओं में गोवंशों के लिए भूसा-चारा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हमेशा सुनिश्चित रखी जायें। उन्होंने अधिशासी अभियंता,विद्युत को निर्देशित किया कि ओवर बिलिंग/गलत बिल बनाने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही किया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि ओवर बिलिंग न होने पाये। विद्युत फाल्ट होने पर तत्काल ठीक कराया जाये।

उप मुख्यमंत्री ने जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायतवार रोस्टर बनाकर अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों की साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाये कि राशन की दुकानों पर घटतौली न होने पाये तथा कोटेदारों को उनका लाभान्श समय से मिल जाये। उन्होंनें सभी अधिकारियों से कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं-प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों, किसान सम्मान निधि, शौचालय एवं पेंशन आदि से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उपायुक्त एनआरएलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उन्हें ऐसे उत्पाद तैयार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाये जिससे वे उत्पाद विश्व भर में निर्यात किया जा सकें। उन्होंने प्रभागीय वनाधिकारी को सयारा गेस्ट हाउस परिसर एवं कलेक्ट्रेट आदि प्रमुख स्थानों पर पौधारोपण के साथ ही लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री सुरेश राही ने भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि अमृत सरोवरों के इनलेट/आउटलेट ठीक कराया जा रहा है जिससे वर्षा का जल संचय किया जा सके जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये जिससे अमृत सरोवरों में हमेशा पानी बना रहे। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था किया जाये जिससे किसानों को अपने खेत की सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े। बैठक में बताया गया कि कोरौं में लाइब्रेरी के निर्माण के लिए टेण्डर कर दिया गया है जिस पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वस्तरीय लाइब्रेरी का निर्माण कार्य कराया जाये। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य तथा जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दो चरणों में पूरी कराएं 42000 होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती



- होमगार्ड स्वयंसेवकों की कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभावना सराहनीय : मुख्यमंत्री
- सीएम ने की होमगार्ड विभाग की समीक्षा, कहा- होमगार्डों की हो साप्ताहिक ड्रिल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में होमगार्ड विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए प्रमुख दिशा-निर्देश इस प्रकार थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि क़ानून व्यवस्था का विषय हो अथवा आपदाकाल में जनसामान्य के सहयोग का अवसर, होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवाभावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पॉइंट पर प्रतिस्थापित हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग 4000 होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए। दो चरणों मे 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर कार्यवाही आगे बढ़ाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष मैनपॉवर है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण करावाकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त कर नियमावली तैयार करवाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाए। होमगार्ड स्वयंसेवकों की फिजिकल फिटनेस के लिए उनकी साप्ताहिक ड्रिल भी कराई जानी चाहिए।

# उत्तर प्रदेश में बाघों व हाथियों के संरक्षण का मार्ग होगा प्रशस्त

- प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट बनेगा जरिया

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास की पटकथा लिख रही योगी सरकार प्रदेश की अनुपम प्राकृतिक छटा को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। उत्तर प्रदेश के वन्य क्षेत्रों, अभ्यारण्यों व रिजर्व सैंक्चुरीज के विकास के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में बाघों व हाथियों समेत विभिन्न प्रकार के जीव-जंतुओं के संरक्षण को लेकर भी कृत संकल्प है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में टाइगर व एलिफेंट रिजर्व्स में जीव-जंतुओं के संरक्षण के साथ ही यहां छुपी पर्यटन की असीमित संभावनाओं को भी चिह्नित कर उन्हें विकसित करने की प्रक्रिया जारी है। इससे एक ओर राज्य में पर्यटन विकास के जरिए राजस्व में वृद्धि का अवसर प्राप्त हुआ है वहीं, बाघों-हाथियों व अन्य संरक्षित जीव-जंतुओं के संरक्षण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसी क्रम में, अब सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश में बाघों व हाथियों के संरक्षण को लेकर जारी विभिन्न परियोजनाओं को गति देने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि डबल इंजन की सरकार द्वारा देश में बाघों व हाथियों के संरक्षण के लिए प्रोजेक्ट टाइगर एंड प्रोजेक्ट एलीफेंट की शुरुआत गई है और इस परियोजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के विभिन्न रिजर्व्स में भी यह परियोजना क्रियान्वित है। प्रदेश में परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर कार्य हो रहा है और इन्हीं कार्यों को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार ने केंद्र से प्राप्त सहायता को राज्यांश संग समाहित करते हुए जनराशि जारी कर दी है। वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा विभागाध्यक्ष को इस विषय में शासनादेश जारी करके अवगत करा दिया गया है। परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 5.31 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की गई है। परियोजना के अंतर्गत जो धनराशि अवमुक्त की गई है उसका कई मदों में उपयोग होगा। आवंटित धनराशि के जरिए मशीनों, संयंत्रों व उपकरणों के क्रय तथा निर्माण कार्यों की पूर्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यालय व्यय तथा मजदूरी समेत विभिन्न मदों में धनराशि का उपयोग हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में रिजर्व फॉरेस्ट रीजंस के टूरिस्ट एरिया में तमाम प्रकार की पर्यटक सुविधाओं के विकास के कार्य तो जारी हैं ही, वहीं क्षेत्रों में वनों के कोर एरिया रीजंस में भी कुछ निर्माण कार्य जारी हैं।

# सामूहिक प्रयासों से यूपी को कृषि क्षेत्र में बनाना है अग्रणी : शाही

## गोरखपुर में आयोजित की गई मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024

- कृषि उत्पादन आयुक्त तथा अपर मुख्य सचिव कृषि ने भी की सहभागिता



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश चावल उत्पादकता में राष्ट्रीय औसत उत्पादकता के करीब पहुंच चुका है। इसे सामूहिक प्रयास से और आगे ले जाना है। इसके साथ ही दलहन और तिलहन में आत्म निर्भरता के लिए सरकार ने 10 लाख किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध करावाये हैं। यह बात शनिवार को सर्किट हाउस गोरखपुर स्थित एनेक्सी भवन में मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी-2024 का आयोजन के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कही। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों तथा सहभागी किसानों से अपील की कि हमें सामूहिक प्रयासों से प्रदेश को कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट बनाना है। उन्होंने किसानों उनकी प्रत्येक समस्या का उचित समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे कृषि के साथ बागवानी, पशुपालन एवं मत्स्य पालन में भी ध्यान दें जिससे उनकी आजीविका बढ़ सके। राज्य सरकार भी इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि उप्र को कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाना है। मंत्री ने कहा कि दलहन और तिलहन में आत्म निर्भरता के लिए सरकार ने 10 लाख किसानों को निःशुल्क बीज उपलब्ध करावाये हैं। इन प्रयासों के फलस्वरूप विगत सात वर्षों में प्रदेश में दलहन के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दलहन के साथ तिलहन के उत्पादन के लिए भी राज्य सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। विगत 7 वर्षों में तिलहन के उत्पादन में लगभग 8.5 लाख टन की वृद्धि हुई है।

मंत्री ने कहा कि नंद बाबा दुग्ध मिशन तथा गौ-संवर्धन योजना के माध्यम से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रयास किया जा रहा है। चारा उत्पादन के लिए भी किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को समय पर भुगतान, बंजर भूमि विकास हेतु जिप्सम का वितरण, एफपीओ को कृषि यंत्रों पर अनुदान, एमएसपी में निरन्तर वृद्धि आदि प्रयासों के माध्यम से सरकार कृषि विकास एवं किसान कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बीज के लिए सीड हब का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीड पार्क भी बनाये जा रहे हैं ताकि किसान बीज खरीदने के साथ बीज का उत्पादन भी करें। उन्होंने किसानों से ढैचा की खेती करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह अत्यंत कम लागत वाली कृषि है जो आय के साथ भूमि के स्वास्थ्य को भी उत्तम बनायेगी।

इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि कृषकगण उत्पादन बढ़ाने के लिए समतल भूमि पर रेखीय बुआई करें। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति यथा स्प्रिंकलर एवं ड्रीप सिंचाई विधि अपनाएं। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में बीज एवं खाद की कमी नहीं है। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खाद की अर्न्तराज्यीय सीमा पार अवैध निर्यात पर सख्त निगरानी रखें।

प्रमुख सचिव पशुधन विभाग श्री रविन्दर ने भी किसानों को विभाग द्वारा पशुपालन हेतु चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया और किसानों से अनुरोध किया कि अपने पशुओं की ईयर टैगिंग अवश्य करायें। किसान भाई पशुधन एप पर अपने पशुओं का रजिस्ट्रेशन अवश्य करें ताकि उन्हें विभिन्न शासकीय सहायता सरलता से प्राप्त हो सके। गोष्ठी में सम्मिलित निदेशक कृषि, निदेशक उद्यान तथा आयुक्त ग्राम्य विकास ने अपने अपने विभागों द्वारा किसानों के सर्वांगीण कल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं, नीतियों, तथा कार्यों से किसान भाइयों को अवगत कराया तथा इन योजनाओं में उनको ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए निवेदन भी किया।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर शोक जताया। अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर सीएम ने लिखा कि प्रभु श्रीराम उनके शिष्यों व अनुयायियों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

सीएम योगी ने लिखा कि काशी के प्रकांड विद्वान एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित, वेदमूर्ति, आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित जी का गोलोकगमन अध्यात्म व साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति है। संस्कृत भाषा व भारतीय संस्कृति की सेवा हेतु वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके शिष्यों व अनुयायियों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति! गौरतलब है कि 500 वर्ष के उपरांत अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित थे। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

# 3725 करोड़ रुपये के निवेश से दस हजार को मिलेगा रोजगार

## अंबुजा सीमेंट, बिसलेरी बॉटलिंग प्लांट, अपोलो ट्यूब्स की यूनिट और रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर के लिए गीडा देगी जमीन

- गीडा के वर्तमान वित्तीय वर्ष में सात बड़ी निवेश परियोजनाओं के आने की संभावना

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गोरखपुर।** औद्योगिक प्रगति में छलांग लगा रहे गोरखपुर में चालू वित्तीय वर्ष में 3725 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरने की कतार में हैं। अडानी ग्रुप समेत सात औद्योगिक घरानों ने गीडा को अपने निवेश प्रस्ताव देकर जमीन की डिमांड की है। गीडा इन निवेशकों को उनके मनमाफिक जमीन देने की प्रक्रिया में है। इन निवेश परियोजना के मूर्त होने के बाद करीब दस हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। अडानी ग्रुप ने अंबुजा ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री लगाने के लिए, लोटस सिंगापुर ग्रुप ने बिसलेरी ब्रांड का बॉटलिंग प्लांट लगाने के लिए, शाही एक्सपोर्ट ने रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर के लिए, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) व आईआईएमटी यूनिवर्सिटी ने शिक्षा संस्थान के लिए, अपोलो ट्यूब्स ने स्टील पाइप फैक्ट्री के लिए और स्टैम्ज टेक ने कोल्ड रोल फार्मिंग सेक्शन, वैगन निर्माण एवं रख रखाव के लिए कुल मिलाकर 128 एकड़ जमीन की मांग गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) से की है। इन निवेशकों को जमीन मिलने के बाद वे 3725 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इनमें सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव अडानी ग्रुप का है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक ने इन निवेश प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि इन सभी निवेशकों को उनकी पसंद के मुताबिक जमीन दिखा दी गई है और जल्द ही आगे की प्रक्रिया पर काम शुरू कर दिया जाएगा।

इंडस्ट्री और गोरखपुर के बीच दशकों तक विरोधाभासी रिश्ता बना रहा लेकिन योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद सात साल में माहौल ऐसा बदला कि अब दोनों एक दूसरे के पूरक रूप में देखे जा रहे हैं। जिस गोरखपुर में स्थानीय पूंजीपति भी औद्योगिक निवेश करने से घबराते थे, अब वहां देश की नामी कम्पनियों के आने की होड़ सी दिखती है। गोरखपुर को औद्योगिक विकास के नक्शे पर स्थापित करने के लिए नोएडा की तर्ज पर गीडा की स्थापना यूं तो 34 वर्ष पूर्व ही ओर दी गई थी लेकिन नोएडा से प्रतिस्पर्धा का दौर बीते आधे दशक में शुरू हुआ है। इंडस्ट्री को लेकर नकारात्मक धारणा वाले इस क्षेत्र में इंडस्ट्री फ्रेंडली होने की यह दास्तां महज सात साल पुरानी है। इस दौरान गोरखपुर के विशिष्ट औद्योगिक क्षेत्र गीडा में मल्टीनेशनल समेत कई ऐसी बड़ी यूनिट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ जो तीन दशक पहले तक सिर्फ कल्पनाओं की बात होती थीं। बीते करीब डेढ़ साल में ही गीडा में 1100 करोड़ रुपये के निवेश वाली पेप्सिको जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनी यूनिट में कमर्शियल उत्पादन शुरू हो चुका है। इस यूनिट का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ने किया था। इसके अलावा सीएम योगी 118 करोड़ रुपये के निवेश वाली ज्ञान डेयरी की यूनिट, जल जीवन मिशन में सप्लाई देने वाली तत्वा प्लास्टिक की 110 करोड़ रुपये निवेश वाली पाइप फैक्ट्री का उद्घाटन करने के साथ 1200 करोड़ रुपये का निवेश करने वाली केयान डिस्टलरी के एथेनॉल व डिस्टलरी प्लांट तथा 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का भी शिलान्यास कर चुके हैं।

# भाजपा सरकार के वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे

## विकास के नाम पर विनाश करना भाजपा सरकार की फितरत : अखिलेश यादव



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के सभी दावे झूठे और कागजी हैं। इस सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश की जनता मौसम की मार झेलने पर मजबूर है। इस साल भीषण गर्मी और लू से सैकड़ों लोगों की मौत हो गयी। विकास के नाम पर विनाश करना भाजपा सरकार की फितरत है। नतीजतन प्राकृतिक असंतुलन के चलते मौसम, पर्यावरण में भारी अंतर आ गया हैं, जंगल सिकुड़ते जा रहे हैं। नए शहरों के नाम पर कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे है। पेड़ों का निर्ममता से कटान होने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

भाजपा सरकार ने वृक्षारोपण अभियान को भी जुमलेबाजी बना दिया है। मुख्यमंत्री जी 2023 में 36 करोड़ 15 लाख से अधिक पौधारोपण का दावा करते है। इसके पहले 2022 में 35 करोड़ से ज्यादा, 2021 में 30 करोड़ से ज्यादा, 2020 में 25 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाने का दावा किया गया है। इससे पहले भी हर वर्ष पौधारोपण के बड़े-बड़े दावे किये गये है लेकिन ये वृक्ष कहां लगाये गये हैं इसका कोई विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जाता है। भाजपा सरकार ने फाईलों की जगह अगर पौधारोपण जमीन पर किया होता तो भीषण गर्मी से जनता का इतना बुरा हाल न होता। इस भीषण गर्मी में जनता को कुछ राहत मिलती। गर्मी में सैकड़ों लोगों की जानें जा रही है। अस्पताल बीमारों से भरे पड़े हैं। उनके इलाज की सुचारू व्यवस्था न होने से जनता त्राहि त्राहि कर रही है। सच तो यह है कि उत्तर प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान एक बड़ा घोटाला बन गया है। भाजपा सरकार अब तक जितने पौधे लगाने का दावा करती आई है अगर उनका जोड़ हो तो प्रदेश में कोई जगह अब अगले वृक्षारोपण के लिए नहीं बची है। भाजपा का वृक्षारोपण महज एक कागजी कार्रवाई बन कर रह गया है।

समाजवादी सरकार में बुन्देलखण्ड में वृक्षारोपण का रिकार्ड बना था। समाजवादी सरकार हमेशा से पर्यावरण को लेकर संवेदनशील रही है। राजधानी लखनऊ में डॉ. राममनोहर लोहिया पार्क और जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कराया। जनेश्वर मिश्र पार्क को लंदन के हाईड पार्क की तर्ज पर लगभग उतने ही क्षेत्रफल में बनाया गया है। जहां हजारों लोग रोज स्वच्छ हवा का सेवन करते है। हजारों पेड़ लगाए गए। लखनऊ में गोमती नदी की सफाई की गई और गोमती रिवरफ्रंट बनाया गया। गोमती नदी के किनारे हजारों पेड़ लगाये गये। समाजवादी सरकार में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण के कार्य बड़े पैमाने पर किये गये थे, जो आज जमीन पर दिखाई देते हैं।

भाजपा सरकार में वृक्षारोपण सिर्फ कागजों पर हुआ है। यह सरकार जितने वृक्ष रोपने का दावा करती है अगर वे सच में लगाये गये होते तो आज पेड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। भाजपा सरकार पौधारोपण के झूठे दावे कर रही है। पौधो के लिए गड्ढ़े खोदने-लगाने में भी घपले करके पर्यावरण को बिगाड़ने का ही भाजपा ने काम किया है। भाजपा सरकार आपदा में अवसर खोजती है। पौधारोपण में भी यह दावा सटीक लगता है। पौधारोपण की जांच की जाए तो वहां भी पता चलेगा कि भाजपा सरकार को जहां से पेड़ की सप्लाई हुई है वहां भी क्या उसने चुनावी चंदा वसूला है? अब तो जहां चंदा, वहीं धंधा भाजपा का नारा बन गया है।

# आधुनिक फायर फाइटिंग व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस होगा भदोही का मार्ट

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/भदोही।** उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही योगी सरकार प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही नागरिक सुविधाओं में इजाफा करने के लिए भी प्रयासरत है।

इसी क्रम में, सीएम योगी की मंशा अनुसार भदोही में बने मार्ट के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके अंतर्गत उसे आधुनिक फायर फाइटिंग, अलार्म सिस्टम व पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लैस किया जाएगा। इस उच्चीकरण प्रक्रिया को भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण किया जा रहा है तथा सभी प्रक्रियाओं को अगले तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित बीडा मार्ट में उच्चीकरण प्रक्रिया को 53.30 लाख रुपए के व्यय से पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कालीनों के निर्माण के लिए देश-विदेश में विख्यात भदोही में एक लाख से ज्यादा लूम, 500 से अधिक निर्यात इकाइयां तथा 63000 कारीगर सक्रिय हैं। पूरी दुनिया में शहर की पहचान 'कालीन नगरी' के तौर पर है, ऐसे में यहां के औद्योगिक परिवेश को बढ़ावा देने और समग्र विकास के दृष्टिगत भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरणका गठन किया गया था।भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत भदोही टाउन समेत कुल 314 स्क्वेयर किलोमीटर (31400 हेक्टेयर) का कार्यक्षेत्र आता है जिसमें 328 राजस्व ग्रामों को सम्मिलि1 किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल, रेजिडेंशियल, कमर्शियल, वीवर सेंट्रिक व इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज का विभिन्न परियोजनाओं के जरिए विकास किया जा रहा है।

**उपलब्धि** देश में 70 हजार से अधिक सरोवरों का हुआ विकास, लगभग 17 हजार यूपी में बने, यूपी का योगदान लगभग 30 प्रतिशत

# मिशन अमृत सरोवर विकसित करने में उत्तर प्रदेश बना नजीर

- यूपी में टॉप-10 में गाजियाबाद और सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर भी



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** डबल इंजन की सरकार के मंशानुरूप 'मिशन अमृत सरोवर' के विकास का कार्य निरंतर तेज गति से हो रहा है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 80 फीसदी लक्ष्य पूर्ण कर लिया है। देश में अब तक 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर विकसित किया गया है। इसमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास रिपोर्ट के मुताबिक गाजियाबाद टॉप पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर भी जबकि टॉप-5 में शामिल है।

**अमृत सरोवर विकसित करने में उप्र अव्वल**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अमृत सरोवर विकसित करने में उत्तर प्रदेश अव्वल है। देश में कुल 70158 स्थानों पर अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर निर्माण के लिए 24774 स्थान चिह्नित किए गए। इसमें से 21014 पर कार्य जारी है। 16909 स्थानों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। जो लगभग 80 प्रतिशत है। वहीं मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर है। यहां 5821 कार्य पूर्ण हुए हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत कर्नाटक में 4058, राजस्थान में 3138 सरोवरों का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि महाराष्ट्र में यह आंकड़ा 3079 का है।

**गाजियाबाद शीर्ष पर, टॉप-5 में सीएम का गोरखपुर भी**

उत्तर प्रदेश में अमृत सरोवर विकास का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। 57691 ग्राम पंचायतों में से 16909 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हो चुका है। यानी लगभग 30 फीसदी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश ने निर्धारित किया था, जिसमें से 24.1 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिए गए। वहीं उत्तर प्रदेश के जनपदों पर नजर डालें तो गाजियाबाद शीर्ष पर है। यहां 142 ग्राम पंचायतों में से 100 में अमृत सरोवर (70 फीसदी) का कार्य पूर्ण हो चुका है। महराजगंज में 882 ग्राम पंचायतों में से 601 अमृत सरोवर विकसित हुए। महराजगंज ने 68 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया। बांदा तीसरे स्थान पर है। वहीं मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में 1273 ग्राम पंचायतों में से 737 अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण हुआ। 58 फीसदी लक्ष्य हासिल कर गोरखपुर चौथे स्थान पर है। नोएडा पांचवें, रामपुर छठवें, चित्रकूट सातवें, बागपत आठवें, मऊ नौवें और सोनभद्र दसवें स्थान पर है।

**धीमी गति से कार्य करने वाले जनपदों को चेतावनी**

अमृत सरोवर विकसित करने में कुछ जनपदों की प्रगति धीमी है। सीएम योगी ने इन्हें भी तेजी से कार्य करने की चेतावनी दी है। जिन जनपदों में कार्य की गति धीमी है, उसमें देवरिया, बस्ती, अंबेडकरनगर, संभल, आगरा, बदायूं, बहराइच, मुरादाबाद, हाथरस व बरेली हैं। इन जनपदों में भी 18 से 22 फीसदी कार्य हो चुका है। इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

**वर्षा जल संचयन पर योगी सरकार का जोर**

योगी सरकार ने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए कहा कि जल संरचनाओं एवं अमृत सरोवर के कैचमेंट क्षेत्र का विकास कर पुनरूद्धार किया जाये, जिससे अमृत सरोवर एवं जल संरचनाओं में पानी की उपलब्धता बनी रहे। वर्षा जल का संचयन किया जा सके और जल संचयन हेतु मनरेगा योजनान्तर्गत अथवा राज्य वित्त/15वां वित्त के मध्य कन्वर्जेन्स करते हुए निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप नियमानुसार कार्यवाही कराई जाए।

**कैचमेंट इंप्रूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश**

वहीं अमृत सरोवर का कैचमेंट इम्प्रूवमेंट सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल अमृत सरोवर में पहुंच सके। गांव का गंदा पानी अमृत सरोवर में न जाए, इसके लिए फिल्टरिंग चैम्बर का प्राविधान सुनिश्चित किया जाए। तालाब के चारों तरफ बंधो के निर्माण में सतहवार कम्पैक्शन सुनिश्चित किया जाए, जिससे बंधों का कटान न हो। जिन तालाबों में सिल्ट आदि जमा हो गई है, उसके पुनरूद्धार के लिए योजना के अन्तर्गत उचित कार्यवाही की जाएगी, इससे वर्षा ॠतु में अधिकाधिक जल का संचयन सुनिश्चित हो सकेगा। ग्राम पंचायतों में नलकूपों तथा नहरों के माध्यम से सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए अमृत सरोवर में पर्याप्त जल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

# लखनऊ में चार दिन में हुईं 210 मौतें

## श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए वेटिंग, शव जलाने को नहीं मिल रहीं लकड़ियां




विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ में पिछले चार दिन में 200 से अधिक मौतें हुई हैं। श्मशान घाट पर शवों के अंतिम संस्कार के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है। हालात यह है कि शव को जलाने के लिए लकड़ियां तक खत्म हो गईं। वहीं पोस्टमॉर्टम हाउस में भी अधिक संख्या में शव लाए गए। 16 से 20 जून तक यानी 4 दिन में बैकुंठ धाम श्मशान घाट पर 210 शव लाए गए। सबसे अधिक 18 जून को 62 शव लाए गए थे। मृतकों में सबसे ज्यादा संख्या 60 साल या इससे ज्यादा उम्र के बुजुर्गों की बताई जा रही है।

जून महीन में पोस्टमॉर्टम हाउस में शवों की संख्या अचानक बढ़ गई। सामान्य तौर पर रोजाना 10-12 की संख्या में शव लाए जाते थे। लेकिन जून के तीसरे सप्ताह (16 से 20 जून) के बीच 4 दिनों में करीब 210 शव KGMU के पोस्टमॉर्टम हाउस लाए गए। हालांकि अब स्थिति सामान्य हो गई है। 21 जून को पोस्टमॉर्टम के लिए 33 शव लाए गए, इसमें 20 अज्ञात थे। जबकि 27 शवों का श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। श्मशान घाट पर आए शवों में पिछले 4 दिनों में 45 शव लावारिस थे। इसमें से अधिकतर शवों का अंतिम संस्कार इलेक्ट्रिक मशीनों से किया गया। लखनऊ के तीनों श्मशान घाट पर एक जैसा ही नजारा बीते चार दिनों में दिखा। इसके पहले 26 मई से 1 जून तक रिकॉर्ड स्तर पर गर्मी पड़ी थी। इस दौरान अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया गया, जो 20 साल में चौथा सबसे अधिक तापमान था। तब भी पोस्टमॉर्टम हाउस में 236 शव लाए गए थे।

शवों का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट पर कतार लगी रही है। लोगों को शवों के लिए बनाए गए प्लेटफार्म खाली होने का इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली शव दाह गृह में गुरुवार को एक साथ कई शवों के पहुंचने से भीड़ लग गई। श्मशान घाट के कर्मचारी बताते हैं कि सुबह के समय सबसे अधिक संख्या में शव बीते चार दिनों में आए। क्योंकि लोग सुबह आकर ही पूरा कर्मकांड करने की कोशिश करते हैं। लेकिन अधिक भीड़ होने के कारण लोगों को शाम तक इंतजार करना पड़ा। 16 से 20 जून के बीच बैकुंठ धाम में अधिक शव आने से लकड़ियां भी खत्म हो गई थी। बैकुंठ धाम में चार ठेकेदार लकड़ी की सप्लाई करते हैं, ऐसे में अंतिम संस्कार के लिए तुरंत लकड़ी की व्यवस्था करने में लोगों को परेशानी हुई। एक कर्मचारी ने बताया कि श्मशान घाट के चारों गोदाम में लकड़ी की कमी हो गई थी। आम तौर पर रोजाना 10-15 शव ही श्मशान आते हैं, लेकिन बीते 4 दिनों में 50-60 शव रोज आने लगे। ऐसे में व्यवस्था बिगड़ गई। मामले की जानकारी के बाद नगर निगम की तरफ से लकड़ी की सप्लाई कराई गई।

मरने वालों में बुजुर्ग सबसे अधिक

बीते 4 दिन में सबसे अधिक मौत बुजुर्गों की हुई है। इसमें भी सबसे अधिक संख्या पुरुषों की है। बैकुंठ धाम श्मशान घाट के पंडित कुलदीप दुबे ने कहा कि मौसम गर्म होने और हीट वेव अधिक होने से लोगों की मौत हुई है। 50 से अधिक शव एक दिन में लाए गए। इसमें लावारिस शवों की संख्या अधिक रही। लकड़ी की कमी होने पर फिर से मंगाया गया।

श्मशान घाट पर तीन गुना बढ़े शव

लखनऊ में भैंसाकुंड, VVIP रोड और गुलाला घाट पर अंतिम संस्कार किया जाता है। बैकुंठधाम में 17 जून को 52 शव, 18 को 62, 19 को 54 और 20 को 42 शव पहुंचे। इसके कारण श्मशान घाट की व्यवस्था भी प्रभावित हुई। श्मशान घाट पर आम दिनों में पंडित सिर्फ अपनी बारी आने पर अंतिम संस्कार का कर्मकांड कराते हैं, लेकिन भीड़ बढ़ने पर बाहर से पंडितों को बुलाना पड़ा। 17 से 20 जून के बीच करीब 174 शव पोस्टमॉर्टम के लिए लाए गए। इस पीरियड में रोजाना करीब 40 शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी बढ़ने से ही मौत की संख्या बढ़ी है। KGMU में पोस्टमॉर्टम के लिए 17 जून को 44, 18 जून को 48 जून, 19 जून को 48, 20 जून 50 शव पहुंचे। देर रात तक पोस्टमॉर्टम चला।

# सऊदी अरब से हाजियों का पहला जत्था लौटा लखनऊ



विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** सऊदी अरब से 40 दिन बाद हाजियों का पहला जत्था लखनऊ वापस लौटा। उत्तर प्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा और हज कमेटी के सचिव एसपी तिवारी ने हाजियों को फूल देकर स्वागत किया। उनके चेहरे पर परिवार से मिलने की खुशी दिखी।

यात्रा को लेकर कहा कि गर्मी बहुत थी। कुछ जगहों पर परेशानी हुई। अल्लाह ने सही सलामत लौटाया है। कई हाजियों ने कहा कि वहां अकेले जाना ठीक नहीं है। परिवार के किसी सदस्य को लेकर जाना चाहिए। रूट डायवर्जन से बहुत असुविधा हुई। 9 मई को हाजियों का पहला जत्था लखनऊ से रवाना हुआ था। शनिवार को जत्थे के सभी 285 हाजी वापस आ गए। इस बार प्रदेश के 18000 हाजी यात्रा पर गए थे। जिसमें यूपी के तीन हाजियो की मक्के में मौत हो गई थी। हज यात्रा से लौटे अब्दुल अजीज ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है। हज पूरा करके अपने वतन वापस लौट आए हैं। उन्होंने कहा कि काबे के अंदर हिंदुस्तान की तरक्की और अमन के लिए दुआ मांगी उन्होंने कहा कि हाजियों की संख्या बहुत ज्यादा होती है इसलिए थोड़ी बहुत समस्या हो जाती है बाकी भारत सरकार और सऊदी गवर्नमेंट की व्यवस्थाएं ठीक रही। हज यात्रा से वापस लौटे फरहान खान ने कहा कि हज यात्रा के दौरान भीषण गर्मी थी। लाखों की संख्या में लोग थे। हाजी रास्ता भूल जाते हैं। अपनी बसों में नहीं पहुंच पाते हैं। हाजी फरहान ने कहा कि मिना के मैदान में गर्मी बहुत लेकिन AC और कूलर की ठीक व्यवस्था न होने की वजह से हाजियों को परेशानी हुई। 5 मुख्य दिन होते हैं वो दिन हमारे लिए कठिन रहे।

फरहान खान ने कहा कि सभी लोगों को यह प्रयास करना चाहिए कि बुजुर्गों को अकेले हज पर ना भेजें। क्योंकि वहां पर हाजियों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है। बुज़ुर्ग हाजी रास्ता भटक जाते हैं। जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है।

## एक नजर

### मजदूरों के दबने की जांच एलडीए को सौंपी गई

**लखनऊ।** सैरपुर छठा मील रैथा रोड पर मिट्टी का टीला ढहने के मामले में अब एलडीए जांच करेगा। जिला प्रशासन ने जांच लखनऊ प्राधिकरण को सौंपी गई है। एसटीपी निर्माण के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई थी जबकि तीन घायल हो गए थे। एसडीएम बीकेटी सतीश त्रिपाठी ने इस मामले में पहले जिला पंचायत से जानकारी हासिल की। इसके बाद एलडीए को पूरे प्रकरण की जांच करने के संबंध में चिट्ठी लिखी है। एसडीएम के अनुसार जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। अलीगंज सीतापुर रोड योजना निवासी बिल्डर मयूर जायसवाल सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में एसटीपी के लिये निर्माण करा रहे थे। मंगलवार को मजदूर 20 फीट नीचे मिट्टी के किनारे दीवार बना रहे थे। मिट्टी धसकने से गिरे मलबे में वहां काम कर रहे मजदूर दब गये थे। बीकेटी थाने में मजदूर वचनेश ने बिल्डर मयूर जायसवाल व मुंशी कल्लू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी।

### यात्रियों का मोबाइल चुराने वाला जेल भेजा गया

**लखनऊ।** ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर चोरी, लूट, जहर खुरानी की घटनाओं को अंजाम देने वाला शातिर चोर को गिरफ्तार करके जीआरपी ने जेल भेज दिया। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम विकास पांडेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक चारबाग जीआरपी संजय खरवार ने बताया कि चारबाग लखनऊ के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। टीम की ओर से शनिवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद मोबाइल सैमसंग बरामद करके न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### चिकित्सा महासंघ की ओर से किया गया प्रसाद वितरण

**लखनऊ।** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से शनिवार को बलरामपुर अस्पताल के भाटिया भवन में भंडारे का आयोजन हुआ। प्रभु हनुमान जी की पूजा अर्चना व भजनों से भंडारे की शुरूआत हुई। मरीज व तीमारदारों के साथ हजारों की संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूडी सब्जी, बूंदी, चावल समेत अन्य वस्तुओं का वितरण किया गया। महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार, सर्वेश पाटिल, हैरी गोल्ड शर्मा, कमल, रजत, कपिल, अंकुर समेत अन्य लोगों ने प्रसाद वितरण किया।

### जेवर-नकदी लेकर घूम रहे युवक को परिजनों को सौंपा

**लखनऊ।** घर से 1.53 लाख नगदी और तीन लाख के जेवर लेकर निकले युवक को सैरपुर पुलिस ने शनिवार को परिजनों को सौंप दिया। वह दो दिन से घर से निकले थे, उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इंस्पेक्टर सैरपुर जितेन्द्र गुप्ता के मुताबिक शनिवार सुबह सीतापुर रोड स्थित सेवा ढाबे के पास बैग लिए व्यक्ति नजर आया। उसके बारे में पूछते ही उसने बैग में रखे रुपये और जेवर सड़क पर पलट दिए। पूछताछ में युवक की पहचान बंथरा के ग्रीनसिटी धावापुर निवासी अमित के रूप में हुई। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पीड़ित के पिता अशोक कुमार के सुपुर्द कर दिया गया है। कुछ समय पहले बेचे गए मकान से मिले रुपये लेकर वह निकला था। परिवार वालों ने कोई गुमशुदगी नहीं दर्ज कराई थी।

### घर के बाहर बाइक लगाने पर दंपति को पीटा

**लखनऊ।** ठाकुरगंज में घर के सामने बाइक खड़ी करने के विवाद में दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोपित पिता ने बेटे-बेटी के साथ घर में घुसकर दंपति की पिटाई कर दी। तहरीर पर ठाकुरगंज पुलिस तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। ठाकुरगंज के समनान गार्डन निवासी जरीना खातून के मुताबिक मंगलवार को घर आए मेहमान ने पड़ोसी जियाउल हक के घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। इस पर जियाउल हक उन्हें गालियां देने लगे। पति छोटू ने विरोध जताया तो जियाउल हक बेटे नफीस और बेटी फरीन छोटू को मारने लगे। जान बचाकर छोटू घर में भाग आए तो तीनों घर में घुसकर उन्हें पीटने लगे। बीच-बचाव को जरीना भागकर आई तो उनपर भी लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में उनके हाथ-पीठ पर चोट आ गई। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के मुताबिक तहरीर पर शुक्रवार को तीनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### आभूषण कारीगर के साथ धोखाधड़ी में केस दर्ज

**लखनऊ।** चौक कोतवाली में आभूषण कारीगर ने व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। कारीगर ने व्यापारी को 463 ग्राम वजन के बने हुए जेवर दिए थे। जिसके बदले 350 ग्राम सोना देने की बात तय हुई। जिसे देने के लिए आरोपी तैयार नहीं हुआ और फोन बंद कर लिया। पुरानी सब्जी मण्डी निवासी कुबुतद्दीन गाजी घर में ही जेवर बनाने का कारखाना चलाते हैं। बने हुए जेवरों को वह सआदतगंज निवासी शशांक वर्मा उर्फ टिंकू को देते हैं। जिसके बदले उन्हें नए जेवर बनाने के लिए सोना मिल जाता है। पीड़ित के मुताबिक मई में शशांक वर्मा की दुकान पर जाकर उन्होंने करीब 463 ग्राम सोने के जेवर दिए।



# राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं पर बरसाए फूल

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने भी कार्यकर्ताओं पर गुलाब के फूल बरसाए, उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर सभी को बधाई दी। कहा कि साल 2027 तक भारत विश्व के टॉप थ्री देशों में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं देश बनाने के लिए होना चाहिए। लोकसभा चुनाव में जीत के बाद राजनाथ सिंह पहली बार लखनऊ पहुंचे हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लखनऊ लोकसभा सीट पर कार्यकर्ताओं की मेहनत से जीत हुई है। उन्होंने वादा किया कि लखनऊ के विकास के लिए जो काम पहले हुए हैं। वो आगे भी जारी रखा जाएगा। गोमतीनगर में आयोजित कार्यक्रम में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को केंद्रीय मंत्री ने सम्मानित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने की बात कही। राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर खुशी जताई। कहा कि देश ही नहीं दुनिया के लिए यह गौरव की बात है कि सालों के बाद भाजपा की सरकार तीसरी बार सत्ता पर काबिज होने में सफल हुई है। राजनाथ सिंह ने कार्यकर्ताओं के मेहनत की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि भीषम गर्मी के बाद भी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से वोट की अपील की। सरकार की नीतियों को हर घर पहुंचाने का काम किया। राजनाथ सिंह से मिली तारीफ के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह में दिखे। उन्होंने अपने नेता के स्वागत में जोरदार नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर यहां भी खुशी मनाई। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने कहा कि अगले तीन साल में भारत दुनिया के टॉप थ्री देशों में शामिल हो जाएगा।

# ई आफिस प्रणाली के क्रियान्वयन पर बैठक सम्पन्न

विश्ववार्ता ब्यूरो




**लखनऊ।** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा समस्त कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं विकास भवन के अधिकारी, कर्मचारी व तहसील स्तर के कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा zoom ke माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट और रेवेन्यू विभाग के सभी कार्यालयों को ई-ऑफिस से जोड़ने के निर्देशा दिये गये थे जिसके क्रम में कलेक्ट्रेट, विकास भवन व समस्त तहसीलों में ई आफिस प्रणाली लागू करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि ई-ऑफिस प्रणाली एक अत्यन्त ही सरल प्रक्रिया है। इस प्रणाली में हर अधिकारी एवं कर्मचारी को व्यक्तिगत डिजीटल सिग्नेचर दे दिये जाएंगे। डिजिटल सिग्नेचर के लिए ऐजेन्सी द्वारा कलेक्ट्रेट और विकास भवन मे कैम्प लगाया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी अपना फार्म भर कर आज ही जमा कर दें। उन्होंने बताया कि ई आफिस प्रणाली के लिए किन किन संसाधनों की आवश्यकता है, उसका सर्वे कराया जा रहा है। आगामी 2 दिवस के भीतर सभी कार्यालयों में निकनेट कनेक्टविटी का सर्वे करा लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि कलेक्ट्रेट के सभी पटलो पर कम्प्यूटर, स्कैनर उपलब्ध करा दिए गए है। यदि कहीं भी विकास भवन तहसील या कलेक्ट्रेट के किसी भी पटल पर कम्प्यूटर की कमी है तो संबंधित अधिकारी तत्काल अवगत कराते हुए कम्प्यूटर प्राप्त कर लें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली पर कैसे कार्य किया जाये, उसके बारे में विस्तार से समझाया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कर्मचारियों को क्रुतिदेव 10 एवं यूनीकोड एवं मंगल टाइप प्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया गया। सभी कर्मचारियों को दोनो ही पद्धितियों मे टाइपिंग की जानकारी होना आवश्यक है। उक्त के साथ ही एनआईसी को निर्देश दिए की कर्मचारियों के लिए 1 माह का इंटेंसिफ कम्प्यूटर ट्रेनिंग कोर्स तैयार किया जाए ताकि जिन कर्मचारियों को अगर कम्प्यूटर के संबंध में अधिक जानकारी नहीं है, उनको ट्रेन किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि मंगलवार तक सभी कर्मचारियों को लॉगिन उपलब्ध करा दिये जायेंगे। उसके बाद ई आफिस प्रणाली पर कैसे कार्य करना है, इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया कि यह प्रणाली बहुत ही सरल, सुगम व पारदर्शी है। जिलाधिकारी द्वारा सभी कर्मचारियों को फाइलों की इनडेकसिंग करने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही निर्देश दिया कि राजस्व, आफिस प्रोसीजर से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध कराते हुए कलेक्ट्रेट, विकास भवन और तहसीलों में एक एक लाइब्रेरी भी बनाई जाए ताकि सभी कर्मचारी राजस्व संहिता और आफिस प्रोसीजर के बारे में अध्ययन करते हुए कार्यों का संपादन करें जिससे उनके कार्यों में सुचिता और पारदर्शिता बनी रहे। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, apr जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी ट्रांस गोमती, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गोमतीनगर व आशियाना इलाके में चार इमारतें सील

लखनऊ। अवैध निर्माणों पर एलडीए प्रवर्तन टीमों ने बड़े स्तर पर कार्रवाई की। शनिवार को प्रवर्तन दस्ते ने गोमती नगर और आशियाना में चार कॉमर्शियल निर्माण सील कर दिए। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि अर्चना वर्मा और अन्य विभूतिखंड में निर्माण करा रहे थे। भूखण्ड संख्या-बी-78 पर 243 वर्गमीटर में अवैध व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद तौसीफ विभूति खण्ड में भूखण्ड संख्या-बी-98ए पर कॉमर्शियल निर्माण करा रहे थे। दोनों अवैध निर्माण पहले भी सील किए गए थे मगर चुपके चोरी फिर निर्माण शुरू हो गया। जानकारी पर सहायक अभियंता उदयवीर सिंह, जेई आशीष श्रीवास्तव ने दोनों इमारतों को फिर सील कर दिया। आशियाना में शहीद पथ किनारे भी अवैध निर्माण पर कार्रवाई हुई। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि नीलम सिंह और अन्य औरंगाबाद जागीर में 1500 वर्गफुट पर कॉमर्शियल निर्माण करवा रहे थे। अखिलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह और अन्य की ओर से

# पचास लाख घूस मांगने में लेखाधिकारी निलंबित

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** गाजियाबाद में आवास विकास परिषद के सहायक लेखाधिकारी और प्रभारी सम्पत्ति प्रबंधक पर कॉमर्शियल भूखंड के आवंटन के लिए 50 लाख रुपये घूस मांगने का आरोप है। स्टिंग ऑपरेशन में पूरा प्रकरण वीडियो में रिकॉर्ड हो गया। वायरल वीडियो के आधार पर आवास विकास के बाबू को निलम्बित कर दिया गया। सम्पत्ति प्रबंधक को प्रशासनिक मुख्यालय लखनऊ से अटैच कर दिया गया है। विभागीय जांच और कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आवास आयुक्त बलकार सिंह ने प्राथमिक जांच में दोनों को दोषी पाकर कार्रवाई की है। आवास आयुक्त के पत्र के अनुसार वीडियो क्लिप में पुष्टि हो रही है कि सहायक लेखाधिकारी राजकुमार 50 लाख मांग रहे हैं। मौजूदा समय राजकुमार की तैनाती सम्पत्ति प्रबंधन कार्यालय विद्युत खंड द्वितीय में है। सहायक लेखाधिकारी राज कुमार को तत्काल निलम्बित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। अपर आवास आयुक्त नीरज शुक्ला ने सम्पत्ति प्रबंधक आनन्द गौतम के खिलाफ जांच बैठा दी है। मेरठ जोन के जोनल आयुक्त को जांच अधिकारी नामित किया गया है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड गाजियाबाद द्वितीय को आरोप पत्र गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साक्ष्यों के साथ वह आरोप पत्र तीन प्रतियों में नियुक्ति प्राधिकारी को 15 दिन में सौंपेगे। इसके पूर्व इस मामले की क्लिप सहित आयुक्त डॉ. बलकार सिंह से शिकायत की गई थी। आयुक्त ने मुख्यालय के अफसरों की उपस्थित में वीडियो देखा तो सहायक लेखाधिकारी राजकुमार की पहचान हुई। इसमें संपत्ति प्रबंधक आनंद गौतम की साठगांठ पाई गई। वीडियो में सहायक लेखाधिकारी कॉमर्शियल भूखंड का आवंटन के लिए 50 लाख रुपये घूस मांगते दिख रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसी में सम्पत्ति प्रबंधक आनन्द गौतम समर्थन कर रहे हैं। मेरठ के जोनल आयुक्त की रिपोर्ट के बाद ही सम्पत्ति प्रबंधक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

# महिला से चेन लूट के आरोपी किशोर समेत दो गिरफ्तार

» तीसरा आरोपित पुलिस के सामने से भाग निकला

» सौ से अधिक सीसीटीवी खंगालने पर हुई पहचान

विश्ववार्ता संवाददाता

**लखनऊ।** तालकटोरा पुलिस ने शुक्रवार को स्कूटी सवार महिला से चेन लूट में शामिल किशोर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, तीसरा आरोपित पुलिस के सामने से चकमा देकर भाग निकला। आरोपितों के कब्जे से लूटी हुई चेन व घटना में प्रयुक्त आर-15 बाइक बरामद हुई है। फरार आरोपित की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

ऐशबाग एलडीए कॉलोनी निवासी अर्चना शुक्ला ने 16 जून को मुकदमा दर्ज कराया था कि वह बेटी के साथ राजाजीपुरम ई-ब्लॉक मार्केट से घर लौट रही थी। न्यू अरोड़ा बैंक्वेट हॉल के पास वह पहुंची ही थी तभी पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन लुटरों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट ली। डीसीपी दुर्गेश कुमार ने बताया कि इस मामले में शुक्रवार को आलमनगर पुल के पास महिला के साथ लूट में शामिल बाइक सवार तीनों लुटेरे नजर आए। जो पुलिस को देखते ही भागने लगे, जिनमें से दो लोगों को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। वहीं एक व्यक्ति बाइक छोड़कर भाग निकला। आरोपित की पहचान काकोरी के नरौना मोड़ निवासी शोभित यादव के रूप में हुई। वहीं दूसरा किशोर है। किशोर को बाल सुधार घर भेज दिया गया है। किशोर के खिलाफ तालकटोरा व पारा थाने में लूट व चोरी के तीन मुकदमें दर्ज हैं।

## पीजीआई फैकल्टी फोरम की जनरल बाडी बैठक में आरोप पर जताया एतराज, फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के रिपोर्ट से नहीं सहमत

# डॉक्टर द्वारा नर्स को थप्पड़ मारने के आरोप ने पकड़ा तूल

» थप्पड़ मारने जैसी कोई घटना नहीं हुई, कार्य की लापरवाही छिपाने के लिए लगाया आरोप

विश्ववार्ता ब्यूरो





**लखनऊ।** संजय गांधी पीजीआई में डॉक्टर द्वारा नर्स को थप्पड़ मारने के आरोप ने तूल पकड़ लिया है। संस्थान का फैकल्टी फोरम अध्यक्ष प्रो. अमिताभ आर्या और सचिव प्रो. पुनीत गोयल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि नर्स के आरोप पूरी तरह झूठे हैं। काम में लापरवाही को छुपाने के लिए गलत आरोप लगाया है।

फैक्ट फोरम ने संस्थान प्रशासन द्वारा गठित समिति के निर्णय पर भी सवाल खड़ा किया है। इस मामले पर शनिवार को फैकल्टी फोरम के जनरल बाडी बैठक हुई जिसमें संकाय सदस्यों ने कड़ा विरोध दर्ज किया। संकाय सदस्यों का कहना है कि इस तरह से काम करना संभव नहीं है। सभी के बराबर सहयोग से ही काम होता है। इस तरह के आरोप लगा कर छवि खराब की जाएगी तो कार्य की कुशलता कम होगी।

प्रो. आर्य के मुताबिक बताया कि ऑपरेशन के दौरान डॉ. वरुणा ने हार्ट लंग मशीन की ट्यूबिंग को क्लैंप करने के लिए (हवा के बुलबुले को मरीज के अंदर जाने से रोकने के लिए) ट्यूब क्लैंप की मांग की थी। इस नर्सिंग स्टाफ ने एओर्टिक क्रॉस क्लैंप दे दिया। डॉक्टर ने दोबारा ट्यूब वर्लेप मांगा लेकिन नर्सिंग स्टाफ ने फिर भी सही उपकरण उपलब्ध नहीं कराया। इससे नाराज होकर डॉक्टर ने दूसरे सहायक को असिस्ट करने के लिए कहा। यह तुरंत छोड़ कर चला गया।

कुछ देर बाद पता चला कि यह लोग प्रशासनिक भवन पर बवाल कर रहे हैं। थप्पड़ मारने जैसी कोई घटना नहीं घटी। नर्सिंग स्टाफ ने इसे अपमानजनक मानते हुए थप्पड़ जड़ने का आरोप लगा दिया। प्रो. वरुणा ने कहा कि सर्जरी के समय मृत्यु और जीवन की बीच युद्ध होता है। ऐसे में टाइम खराब नहीं कर सकते है। उक्त नर्स समय खराब कर सकता है।

नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री विवेक सागर और अध्यक्ष लता सचान का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ को डॉक्टर द्वारा थप्पड़ मारा गया। फैकल्टी फोरम मामले को घुमाने के लिए गुमराह कर रहा है। एनएसए ने आरोपित संकाय सदस्य के निलंबन की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए है। एक घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार 25 से 27 जून सुबह 10 से 11 बजे तक। पूर्ण कार्य बहिष्कार 28 जून से न्याय न मिलने तक जारी रहेगा।

## एक नजर

### व्यापारियों ने रक्षामंत्री का स्वागत किया, समस्याएं भी बताईं



**लखनऊ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में शनिवार को लखनऊ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। जीत और दोबारा रक्षामंत्री बनने पर बधाई के सात व्यापारियों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन दिया। जीएसटी की विसंगतियां और व्यापारियों को यथोचित सम्मान दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस भामाशाह जी की जयंती पर घोषित हुआ है। इसका आयोजन सभी जनपदों में किया जाना चाहिए एवं व्यापारियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्विन वर्मा, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम, राजीव अरोड़ा, दीपेश गुप्ता, जावेद बेग, हिना सिराज खान, शिवम सिंह, रवि सिंह आदि थे।

### साड़ी में महिलाओं ने आराम से किया सूर्य नमस्कार

**लखनऊ।** लखनऊ साड़ी क्लब की सदस्यों ने ''अंतरराष्ट्रीय योग दिवस'' के उपलक्ष्य में शनिवार को विपुलखंड, गोमती नगर में योग सत्र का आयोजन किया। इस दौरान महिलाओं ने साड़ी पहनकर योगाभ्यास किया। महिलाओं ने साड़ी पहनकर बहुत ही आराम से पर्वतारोहण, नाग मुद्रा, बिल्ली मुद्रा, ऊंट मुद्रा, सूर्य नमस्कार समेत कई योगासन किए। योग गुरु शोमिल शर्मा के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का सत्र चला। क्लब की संस्थापक रेखा कुमार और अनुपमा सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अच्छे स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति प्रेरित करना था। साथ ही भारत की पारंपरिक पोशाक साड़ी को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देना है।

### उर्दू की सेवा करने वालों को मिला निशान-ए-उर्दू का अवार्ड

**लखनऊ।** फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से हिन्दी संस्थान में उर्दू पढ़ाओ –उर्दू बढ़ाओ विषय पर सेमिनार हुआ। सेमिनार में 11 विभूतियों को निशान–ए–उर्दू अवार्ड से सम्मानित किया गया। निशान–ए–उर्दू सम्मान नवाब जाफर मीर अब्दुल्लाह को मरणोपरान्त दिया गया जिसे उनके भाई नवाब मसूद अब्दुल्लाह ने प्राप्त किया। इसके अलावा डॉ. हरिओम, प्रो. साबिरा हबीब, कुलसुम तलहा, डॉ. एस. नसीम सुबूही, मनीष शुक्ला, डॉ. फायजा अब्बासी, डॉ. सरवत तकी, परवेज मलिकज़ादा, तबस्सुम फातिमा व श्वेता श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि इरा मेडिकल कॉलेज के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेंहदी ने सम्मानित किया। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार इब्राहिम अलवी ने की। सेमिनार में उर्दू पढ़ाओ–उर्दू बढ़ाओ के विषय पर अपना पेपर पढ़ने वालों में डॉ. मसीउद्दीन खान, डॉ. यासिर जमाल, डॉ. नुजहत फातिमा, अतिया बी शामिल थी। इसी विषय पर कई कालेजों में लेख प्रतियोगिता भी करायी गयी थी जिसमें लगभग 86 लेख प्राप्त हुए।

### लखनऊ में आज से गरज चमक संग पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** बादलों की घेराबंदी ने बता दिया कि मानसून की आमद अब दूर नहीं। अप्रैल से जून तक तपी धरती को अब मानसून की बारिश शीतलता देगी। गर्मी से बेहाल लोगों को राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार लखनऊ में 24 जून से बारिश शुरू होगी। साथ ही इसकी तीव्रता अगले दिन के साथ बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मानसून के पहले मौसम के बदलाव की स्थिति है। इससे रविवार को बादलों की आवाजाही के साथ तेज हवा चल सकती है। बिजली कड़कने के साथ बूंदाबांदी या फुहार पड़ सकती है। बारिश का सिलसिला सोमवार से शुरू होगा। इसके बाद से तापमान में भी गिरावट होगी। शनिवार को अधिकतम पारा 39 .8 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 .3 डिग्री अधिक था। दिन में आमतौर पर बादल छाए रहे लेकिन उमस ने जरूर बेहाल रखा। न्यूनतम पारा सामान्य से 3 .7 डिग्री अधिक 30 .4 दर्ज किया गया। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के अनुसार रविवार सुबह आसमान साफ रहेगा, लेकिन इसके बाद बादलों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। बिजली कड़कने के साथ कुछ जगह बूंदाबांदी हो सकती है। अधिकतम पारा 39 और न्यूनतम 30 डिग्री रहने के आसार हैं।

### लापरवाही से गाड़ी चलाकर बाइक क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट दर्ज

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के श्रीदुर्गा नगर, गौरी निवासी बृजभान रावत एडवोकेट ने डंपर (एनएल 01 एएच 9114) के चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाकर बाइक क्षतिग्रस्त करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बृजभान का कहना है कि शुक्रवार सुबह करीब 8 :30 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे। तभी बगल में मौरंग गिरा रहे डंपर के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाकर बिजली के पोल में टक्कर मार दिया। जिससे बिजली के तीन पोल टूट गए और उनकी चपेट में आकर पीड़ित की रॉयल एनफील्ड बाइक क्षतिग्रस्त हो गई जबकि वह खुद वहां से जान बचाकर भागा। बाद में पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस उक्त डंपर को थाने ले आई। इस मामले में बृजभान की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बच्चों ने नाटक के जरिये पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**लखनऊ।** पीजीआई व पीएस–3 संस्था की ओर से शनिवार को संस्थान के सामुदायिक केंद्र में पर्यावरण बचाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक कैसा ये मजाक का मंचन किया गया। नाटक में दिखाया गया कि एक मज़दूर किसान एक पेड़ के नीचे सो रहा है। तभी एक कार वाला आता है। हॉर्न बजाकर उसको उठाकर पेड़ के नीचे से भगाता है ताकि वो छाया में कार खड़ी कर सके। फिर मज़दूर किसान उसे पर्यावरण के प्रति जागरूक करता है। आगे बिल्डर्स विकसित कॉलोनी को दिखाने कुछ ग्राहकों को लाते हैं। इन्हें बताया जाता है कि गांव की बस्ती, तालाब व जानवर को हटा दिया गया। सभी आर्टीफिशियल बनाये गए हैं। इस पर ग्राहकों के साथ आये दो बच्चों ने उन्हें टोकते हुए कहा कि असली पेड़ तालाब हटाकर नक़ली बना देने से क्या विकास होगा? कहानी के अगले भाग में शहर में एक तेंदुआ घुस आने की खबर से सब परेशान हो जाते हैं। एक दिन कुछ लोगों की तेंदुआ और उसके बच्चों से मुलाक़ात हो जाती है। यह लोगों से कहते हैं कि 10 वर्ष पहले यहां जंगल में हमारा घर था। लोग यह सुनकर शर्मिंदा हो गए, लेकिन तेंदुआ धमकी देते हुए कहा कि अब अगर जंगल में घुसे तो अच्छा नहीं होगा। नाटक में विभिन्न दृश्यों से जल, जंगल, पेड़ और पर्यावरण बचाने की अपील की गई। नाटक का लेखन निर्देशन प्रीती चौहान ने किया। पीजीआई के डॉक्टर के बच्चों को अभिनय का प्रशिक्षण रंगकर्मी संदीप यादव ने दिया। इस मौके पर पीजीआई फैकल्टी क्लब के अध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार व क्लब के सदस्य डॉ. रचना श्रीवास्तव, डॉ. संदीप खूबा, डॉ. दीप्ति चंद्रा, डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. निखिलेश गौड़, डॉ. भारत समेत अलग अलग विभागों के प्रमुख समेत कई गणमान्य लोग उपस्थिति थे।

# एलडीए ने ई-ऑक्शन में बेची 240 करोड़ की सम्पत्ति

## इसी वर्ष 15 अगस्त तक लांच होंगे देवपुर पारा योजना में 500 ईडब्ल्यूएस भवन

» एलडीए की परियोजनाओं व हेरिटेज जोन के कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने इस बार के ई- ऑक्शन में 240 करोड़ रूपये से अधिक कीमत की व्यावसायिक व आवासीय सम्पत्ति बेची है। प्राधिकरण की अध्यक्ष/मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने ई- ऑक्शन में बोली लगाने वाले सफल आवंटियों को शनिवार को प्राधिकरण भवन के रूद्राक्ष सभागार में आमंत्रित करके सर्टिफिकेट वितरित किये।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने आवंटियों को बधाई देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी को 15 दिन के अंदर आवंटन पत्र निर्गत कर दिये जाएं। साथ ही आवंटियों द्वारा इन सम्पत्तियों पर जो भी प्रोजेक्ट लाये जाएंगे, उसके लिए मानचित्र स्वीकृत करने आदि की समस्त कार्यवाही सिंगल विन्डो सिस्टम के अंतर्गत निष्पादित करायी जाए।

इसके बाद मण्डलायुक्त ने प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे अभियंत्रण व हेरिटेज जोन के कार्यों की समीक्षा की। इसमें देवपुर पारा योजना में विकसित की जा रही ग्रुप हाउसिंग के सम्बंध में उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अवगत कराया कि ईडब्ल्यूएस, एलआईजी व एमएमआईजी के लिए 09 आवासीय टावर बनाये जा रहे हैं जिसमें कुल 1560 फ्लैट्स होंगे। जिसमें से ईडब्ल्यूएस के 03 टावर इस वर्ष 15 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएंगे और इनमें बने 500 फ्लैट्स का पंजीकरण जन सामान्य के लिए खोल दिया जाएगा। इसके बाद मण्डलायुक्त ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि म्यूजियम ब्लाक तथा वाटर बाडी आदि का कार्य अगले माह तक पूर्ण करा लिया जाए। समय से कार्य पूर्ण न करने पर सम्बंधित ठेकेदार पर जुर्माना रोपित करने के साथ ही फर्म को डिबार कर दिया जाएगा। इस क्रम में उन्होंने ग्रीन कारिडोर के प्रथम व द्वितीय चरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

**लापरवाही पर ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के आदेश**

बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-एन में पूर्व में निर्मित किये गये 2256 प्रधानमंत्री आवासों में से 02 ब्लाक का कार्य अधूरा होने पर मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जतायी। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त दोनों ब्लाक का निर्माण मेसर्स प्रताप हाईट्स ने किया था जिसके कार्यों की थर्ड पार्टी जांच करवायी जा रही है। इस पर मण्डलायुक्त ने आदेश दिया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाली फर्म मेसर्स प्रताप हाईट्स के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करवायी जाए। साथ ही तत्समय योजना का कार्य देख रहे अवर अभियंता को चार्जशीट दिया जाए।

**अकबर नगर के विस्थापितों के लिए परिवहन व रोजगार का सृजन**

मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बैठक में कहा कि बसन्तकुंज योजना के सेक्टर-आई में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों में अकबर नगर के अध्यासियों को विस्थापित किया गया है। उनके परिवहन के लिए सिटी बस संचालित करवायी जा रही हैं जिसके लिए उपयुक्त स्थान पर बस स्टाप बनवाया जाए। इसके अलावा योजना में आबादी के दृष्टिगत दुकानों का निर्माण करवाया जाए जिससे कि लोगों को रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए दूर न जाना पड़े और रोजगार के साधन भी सृजित हों। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना में मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, टेलर, कारपेंटर आदि कुशल श्रमिक भी रहते हैं। उन सभी के रोजगार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए अलग से बैठक आयोजित करायी जाए और सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए समुचित प्रबंधन कराया जाए।

**जुरासिक पार्क में जल्द सैर-सपाटा कर सकेंगे लोग**

गोमती नगर विस्तार स्थित जनेश्वर मिश्र पार्क में निर्मित किये जा रहे जुरासिक पार्क का कार्य 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि एक बार स्थल निरीक्षण करके यह सुनिश्चित करा लिया जाए कि सभी कार्य डीपीआर के मुताबिक ही किये गये हैं तथा प्रोजेक्ट पूर्ण कराकर इसे लोगों के लिए खोल दिया जाए। इसके अलावा बेगम हजरत महल पार्क व ग्लोब पार्क में कराये जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्य भी अगले महीने तक पूर्ण करा लिये जाएं। इसके बाद उन्होंने झीलों के संरक्षण व संवर्द्धन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि मोतीझील व जमुना झील का पुनः सर्वे कराकर सभी अवैध कब्जे/अतिक्रमण तत्काल हटवाये जाएं। बैठक में सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक सिंह व पीआईयू के प्रभारी एके सिंह सेंगर समेत अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित रहे।

## खड़ंजा नीचा होने से जलभराव की बनी रहती है समस्या

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत रहीम नगर पड़ियाना गांव के महेंद्र गांव में रामविलास लोधी के घर से अजय लोधी के घर तक लगा खड़ंजा काफी निचला होने के कारण उसमें अक्सर जलभराव की समस्या बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इसको लेकर कई बार ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से शिकायत की गई। लेकिन किसी ने अब तक कोई ध्यान नहीं दिया जिससे ग्रामीणों को जल भराव युक्त खड़ंजे से होकर ही आना जाना पड़ रहा है।

महेंद्र गांव के मनीष कुमार, श्रीकेशन, सूरज, विपिन कुमार, मोनू, रमेश यादव, श्रीकुमार यादव, अशोक कुमार, अरविंद रावत, राकेश यादव, मीरा सुरेश कमल किशोर लोधी, गंगासागर, रामविलास, बेचालाल, अजय लोधी सहित करीब तीन दर्जन ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर खण्ड विकास अधिकारी से लिखित शिकायत की है। उनका कहना है कि रामविलास लोधी के घर से अजय लोधी के घर तक लगा खड़ंजा काफी निचले स्तर पर लगा है और काफी पुराना भी हो चुका है।

खड़ंजे के बगल में ही तालाब है जिसकी वजह से तालाब का पानी अक्सर खड़न्जे पर भरा जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बरसात के समय होती है जब हल्की सी बारिश होने पर ही तालाब का सारा पानी खड़ंजे पर भर जाता है। ऐसे में गांव के लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें होती हैं। उन्हें खड़ंजे पर भरे गंदे और दुर्गंधयुक्त जल भराव से होकर ही निकलना पड़ता है।

## डायलिसिस में मरीज का खून बहने पर नर्स बर्खास्त

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लोहिया संस्थान में डायलिसिस मरीज का खून बह जाने के मामले में संविदा नर्स की लापरवाही उजागर हुई है। शनिवार को जांच के बाद डायलिसिस यूनिट की संविदा नर्स की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। तीमारदारों की शिकायत पर संस्थान प्रशासन ने शनिवार को जांच की गई। तीमारदारों के बयान दर्ज किए गए हैं। घटना के वक्त ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के बयान भी दर्ज किए गए हैं।

विभाग के डॉक्टरों ने अपने स्तर से भी घटना की सच्चाई का पता लगाना शुरू कर दिया है। निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि डायलिसिस यूनिट में मरीज के इलाज में लापरवाही सामने आई है। ड्यूटी पर तैनात नर्स ने कार्य में शिथिलता बरती है। मरीज की सेहत की निगरानी में कोताही बरती है। जांच पड़ताल के बाद संविदा स्टाफ नर्स को नौकरी से हटा दिया गया है। इस बावत एजेंसी को भी निर्देशित कर दिया गया है। उधर, कर्मचारियों का कहना है कि संविदा कर्मचारियों पर जांच की गाज गिराई गई हे। नियमित कर्मचारियों पर शिकंजा कसने की जहमत कोई नहीं उठा रहा है। बस्ती के खरहटिया निवासी चन्द्रशेखर पाठक को किडनी संबंधी परेशानी है। जांच के बाद डॉक्टरों ने मरीज को नियमित डायलिसिस कराने की सलाह दी। भाई चन्द्रभूषण पाठक का कहना है कि भाई को 18 जून को डायलिसिस के लिए लोहिया संस्थान के नेफ्रोलॉजी विभाग लाए थे। यहां डायलिसिस की प्रक्रिया शुरू की। आरोप हैं कि टेक्नीशियन और कर्मचारी की लापरवाही से मशीन द्वारा शरीर में जा रहे खून नली से बाहर निकलने लगा। खून बिस्तर पर बहता रहा, जिससे बेड पर बिछी चादर और मरीज का कुर्ता-बनियान खून से लथपथ हो गया था। आरोप है कि अधिक खून बहने से मरीज बेसुध हो गया था और उसकी हालत गंभीर हो गई थी।

## इटौंजा में स्टंटबाजी पर ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

**लखनऊ।** अटेसुवा में शनिवार दोपहर शाहपुर मैदान में शर्त लगाकर स्टंट करते वक्त ट्रैक्टर पलटने से युवक की मौत हो गई। भरी दोपहर दर्जनों लोगों की मौजूदगी में स्टंटबाजी की पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। इस बीच ट्रैक्टर के नीचे दबे युवक का शव निकालकर साथी सीतापुर के अटरिया हिम्मतनगर लेकर चले गए। स्टंट से जुड़ा वीडियो सामने आने पर डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने जांच के आदेश दिए हैं। अटरिया हिम्मतनगर निवासी नीरज (30) शनिवार को ट्रैक्टर लेकर इटौंजा के अटेसुवा आया था। जहां अजरैलपुर निवासी जोगेंद्र के साथ ट्रैक्टर पर स्टंट करने की शर्त लगी। 15 हजार रुपये का दांव जीतने के लिए दोनों ट्रैक्टरों के बीच चेन बांधी गई।

## कर्मचारी हित को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» अवध बस डिपो पर शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**लखनऊ।** परिवहन निगम के श्रमिक समाज कल्याण संघ की ओर से शनिवार को कैसरबाग स्थित अवध बस डिपो पर शपथ ग्रहण समारोह का अयोजन किया है। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री समेत कार्यकारिणी के सदस्यों को संगठन के प्रति गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष एमएल कुरील, प्रांतीय महामंत्री बनारसी राम के अलावा प्रंतीय उपाध्यक्ष सुशील कुमार, रामराज विश्वकर्मा, संजय कुमार प्रेमी, अनिल कुमार ने शपथ ली। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री बनारसी राम ने कर्मचारियों की ढेरों समस्याओं से रूबरू कराया। इनमें कर्मचारियों के 12 फीसदी लंबित महंगाई भत्ता, 1000 मृतक आश्रितों की भर्ती, आउटसोर्स कर्मियों को 30 हजार वेतन, संविदा चालक-परिचालकों के वेतन में बढ़ोत्तरी, कार्यशाला कर्मियों को 20 हजार वेतन, संविदा कर्मियों की सेवा नियमावली बनाने, गार्डो को न्यूनतम वेतन 15 हजार करने आदि। इन सभी समस्याओं को लेकर निगम प्रशासन को जल्द ही मांग पत्र सौंपा जाएगा। ताकि वर्षो से लंबित कर्मचारियों की समस्याएं दूर हो सके।

## नगर निगम ने हटाए खतरनाक यूनिपोल और होर्डिंग

**लखनऊ।** नगर निगम ने अभियान चलाकर शनिवार को खतरनाक ढंग से स्थापित होर्डिंग और यूनिपोल हटवाए। यह अभियान गोमती नगर से लेकर वृंदावन योजना तक चलाया गया। शनिवार को अपर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव और प्रभारी अधिकारी प्रचार अम्बी बिष्ट ने अभियान चलवाया। इस दौरान जोन-1, 2, 4 और 8 में ऐसे 51 बैनर हटाए गए जो सड़क को घेरे हुए थे। साथ ही 27 होर्डिंग, 165 कियास्क बोर्ड और निजी भूमि पर लगे यूनिपोल हटवाए। यूनिपोल ऐसे थे जिनका बड़ा हिस्सा सड़क के ऊपर था। आंधी या तेज बारिश के दौरान ऐसे यूनिपोल हादसे का सबब बन सकते थे। इसके अलावा 6 फ्लैक्स हअवाए गए। राणा प्रताप मार्ग पर लवकुश इंटरप्राइजेस का यूनिपोल हटवाया गया।

## पत्नी और तीन बच्चों को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर पीड़ित की पत्नी व बच्चों की तलाश कर रही

**लखनऊ।** सरोजनीनगर इलाके के एक व्यक्ति ने बिजनौर के नटकुर में रहने वाले पियूष के खिलाफ पत्नी और तीन बच्चों को अगवा कर ले जाने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि उसकी पत्नी अपने 10 वर्षीय, 8 वर्षीय और 6 वर्षीय बच्चों के साथ 15 जून को सुबह करीब 9:30 बजे घर से मायके जाने की बात कह कर निकली थी। लेकिन जब ससुराल में फोन करके जानकारी की गई तो पता चला कि वह और उसके बच्चे वहाँ नहीं पहुंचे हैं। उसके बाद पीड़ित ने अपनी पत्नी के मोबाइल पर फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। इसके बाद काफी तलाश की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। बाद में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से स्कूटर इण्डिया चौराहे और चारबाग रेलवे स्टेशन के पास जानकारी की गई तो सीसीटीवी फुटेज में पत्नी और बच्चे पियूष के साथ देखे गए। पीड़ित ने संदेह जताया है कि आरोपी पियूष उसकी पत्नी और बच्चों की कहीं हत्या ना कर दे। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी पीयूष और पीड़ित

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संस्थान के अपर निदेशक बीडी चौधरी के नेतृत्व व मार्गदशन में संस्थान के अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आसन व प्राणायाम आदि किये गये। प्रभारी अपर निदेशक, राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बीडी चौधरी द्वारा योग और ध्यान की महत्ता व उसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान के डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. एसके सिंह, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शिव बचन सिंह यादव, डॉ. प्रतिमेश तिवारी, डॉ. सीमा राठौर, डॉ. संजय कुमार आदि ने प्रमुख रूप से प्रतिभाग किया।

## नवनियुक्त डिप्टी जेलरों के प्रशिक्षण सत्र का किया शुभारम्भ

**विश्ववार्ता ब्यूरो**





**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार मंत्री श्री दारासिंह चौहान ने शनिवार को कारागार मुख्यालय, लखनऊ में नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों के अभिनंदन एवं प्रशिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने सभी नव-नियुक्त डिप्टी जेलरों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि डिप्टी जेलर कारागार की रीढ़ की हड्डी हैं और यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश राज्य के 75 नव चयनित डिप्टी जेलरों में 25 महिलाएं हैं, जिनमें से 33 डिप्टी जेलरों ने जॉइनिंग दी और इनमें 11 महिलाएं हैं। प्रमुख सचिव कारागार राजेश कुमार सिंह ने चयनित डिप्टी जेलरों के शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 33 डिप्टी जेलरों में से 12 बी.टेक, 1 एम.टेक, 4 बी.ए., 4 एम.ए., 10 बी.एससी. और 2 एम.एससी. हैं।

उन्होंने बताया कि डॉ. संपूर्णानंद संस्थान में नियमित रूप से अधिकारियों और जेल वार्डरों के लिए आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों में प्रशासनिक भवन, व्याख्यान कक्ष, व्यायामशाला, पुस्तकालय, चिकित्सालय, अतिथि गृह, इनडोर खेल परिसर, आडीटोरियम, अधिकारी छात्रावास, बंदीरक्षक छात्रावास, महिला छात्रावास, आवासीय परिसर, कंप्यूटर लैब और परेड ग्राउंड शामिल हैं।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कारागार पी.वी. रमाशास्त्री, कारागार मुख्यालय के अन्य अधिकारीगण, प्रशिक्षण संस्थान के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा नव-नियुक्त डिप्टी जेलर गण उपस्थित रहे।

**सुविधा** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में विचार विमर्श के लिए जिलास्तरीय निर्यात समिति की बैठक सम्पन्न

# योजनाओं का ऑनलाइन लाभ प्राप्त कर सकते हैं निर्यातक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** जनपद से निर्यात प्रोत्साहन के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार सृजन, पूंजीनिवेश, उद्यमियों, निर्यातकों, किसानों, हस्तशिल्पियों की आय में वृद्धि हेतु आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिला स्तरीय निर्यात समिति की बैठक दिनांक 22.06.2024 को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब के सम्बन्ध में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार योजनाओं तथा डीजीएफटी, भारत सरकार एवं निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के माध्यम से तैयार की गयी जिला निर्यात योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। साथ ही ओडीओपी कार्यक्रम के प्रयासों से जनपद के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों को तीव्र गति से बढ़ाने हेतु उपायुक्त उद्योग द्वारा विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी निर्यातकों को आह्वान्वित किया गया कि समस्त निर्यातक सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का ऑनलाइन लाभ प्राप्त कर सकते हैं।




बैठक में जनपद के ओडीओपी उत्पाद चिकनकारी एवं जरी जरदोजी के निर्यात से सम्बन्धित निर्यातक मंसूर नदीम लारी, विभू दीक्षित, मे. त्रिवेणी चिकन द्वारा जापान तथा कामप्रिहेन्सिव इकोनामिक पार्टनरशिप एग्रीमेन्ट (CEPA) से सम्बन्धित अन्य देशों में चिकनकारी/जरी उत्पादों की निर्यात सम्भावनाओं, मूल्य-वर्द्धन, प्रोडक्ट डेवेलपमेन्ट के सम्बन्ध में समिति को अवगत कराया गया। मंसूर नदीम लारी ने भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ MICE (मीटिंग इनक्रियेटिव, कान्फरेन्स एवं एक्जीविशन) के प्रोत्साहन से प्रदेश में रोजगार सृजन, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवेलपमेन्ट, स्वच्छता, सुन्दरता, पूंजीनिवेश तथा स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग तथा बिक्री में वृद्धि पर बल दिया तथा इस हेतु जनपद स्तर पर MICE ब्यूरो के शीघ्र गठन का अनुरोध किया। प्रकरण पर चर्चा के उपरान्त अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में ड्राफ्ट/प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराया जाये।

बैठक में डॉ. नेचर के निदेशक कैप्टन अकरम बेग द्वारा आम की खेती, भिन्डी, मिर्च, केला के गल्फ क्षेत्र में निर्यात के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गयी तथा उसमें आ रही समस्याओं को दूर करते हुए निर्यात को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में अवगत कराया। अध्यक्ष/जिलाधिकारी महोदय द्वारा श्री कैप्टन अकरम को निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में डीपीआर तैयार कर समिति को उपलब्ध करायें।

बैठक में उपस्थित निर्यातक अकरम बेग द्वारा अवगत कराया गया कि आम तथा दूसरी फल सब्जियों हेतु जनपद में मैंगो पैक हाउस की स्थापना के पश्चात उत्पादों की निर्यात सम्भावनाएं बेहतर हुई हैं, किन्तु खेत से पैक हाउस तक कोल्ड चेन न होने के कारण सुविधा का पूर्णतया उपयोग नहीं हो पा रहा है। उनके द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि बैगिंग तकनीक का प्रयोग करके कुल उपज के 80 प्रतिशत आम निर्यात योग्य तैयार किये गये जबकि पूर्व में 30-40 प्रतिशत आम ही निर्यात योग्य तैयार हो पाते थे।

अध्यक्ष/जिलाधिकारी द्वारा नाबार्ड के माध्यम से कोल्ड चेन हेतु प्रपोजल तैयार कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा फल एवं सब्जियों के लिए बैगिंग तकनीक तथा केमिकल फ्री एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खाद्य एवं सुरक्षा मानकों के प्रचार प्रसार, मेडिकल एजुकेशन, टूरिज्म क्षेत्र, इलाज, शिक्षा तथा पर्यटन आदि को बढ़ावा करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, डीएचओ हार्टीकल्चर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, निर्यातक एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## एलडीए की जमीन पर कर्बला का विवाद बढ़ा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** सरोजनीनगर तहसील प्रशासन की चुप्पी से एलडीए की जमीन पर कर्बला का विवाद बढ़ता जा रहा है। एलडीए की कानपुर रोड स्थित मानसरोवर योजना की सेक्टर पी कॉलोनी की नियोजित जमीन पर मुस्लिम समुदाय ने कर्बला होने का दावा किया है। वहीं, दूसरा पक्ष इसे गलत बता रहा है।

शिकायतकर्ता सिद्धार्थ शुक्ला का दावा है कि तहसील की जांच रिपोर्ट में भी खतौनी में हेराफेरी की गई है। एलडीए ने एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया है, जिसमें तारीख पर तारीफ दी जा रही है। इस संबंध में अब मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायतें हो रही हैं। स्थानीय निवासी शिकायतकर्ता सिद्धार्थ शुक्ला ने बताया कि एलडीए के प्लॉटों पर कर्बला होने के दावे जांच में अवैध घोषित हो चुका है। तहसील ने एलडीए को सौंपी रिपोर्ट में कहा है कि गलत तरीके से रिकार्ड में कर्बला दर्ज किया गया है।

कहा कि उन्होंने इसकी शिकायत एलडीए वीसी, एसडीएम सरोजनीनगर और मुख्यमंत्री कार्यालय तक की है। एसडीएम सरोजनीनगर कोर्ट दो साल से मुकदमे पर निर्णय नहीं ले पा रही है, जबकि तहसील की जांच आख्या के अनुसार खतौनी में दर्ज कर्बला की प्रविष्टि कूट रचित एवं फर्जी है। शिकायतकर्ता इस मामले को लेकर एक बार फिर मुख्यमंत्री कार्यालय की शरण में है ताकि अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी पर लगाम लग सके और भूमाफियाओं से मिल रही धमकी से उनकी सुरक्षा हो सके।

## एक नजर

### रिक्त पद पर की गई तैनाती

**बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला के अतिरिक्त निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह को रिक्त पद प्रभारी निरीक्षक थाना असन्द्रा के पद पर तैनात किया गया।

### सुन्दरकाण्ड उपरान्त भण्डारा सम्पन्न

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रेलीबाजार लोहटीजई में पंडित शिवपाल मिश्र ने शनिवार को भगवान बजरंग बली की पूजा अर्चना कर सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ किया। हवन बाद भंडारे का आयोजन किया। ग्रामीणों ने प्रसाद प्राप्त किया।

### पुल पर डीसीएम खराब, लगा जाम

**रामनगर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के संजय सेतु पर एक डीसीएम ट्रक की वायरिंग जल जाने के कारण पुल पर बंद हो गई। ट्रक के पुल पर बंद हो जाने के कारण भारी जाम लग गया। आवागमन बाधित हो गया। जाम एक घंटे से अधिक समय तक पुल के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक लगा रहा। हजारों राहगीर गर्मी और उमस के कारण बहुत परेशान हो गये। पुलिसकर्मियों ने डीसीएम खिंचवाकर यातायात शुरू करवाया।

### क्रॉसिंग पर मालगाड़ी के नीचे फंसे रिक्शे

**बाराबंकी।** रेलवे स्टेशन बाराबंकी जंक्शन निकट स्थित बंकी क्षेत्र की मुख्य सड़क पर अत्यधिक आवागमन के कारण बंकी रेलवे क्रॉसिंग पर आये दिन दुर्घटना जैसी स्थिति बनी रहती है। शनिवार सुबह रेलवे क्रासिंग बंद होने पर भी गेट को पार करने की जल्दबाजी में दो रिक्शा चालकों ने ज्योंही रिक्शों को बैरियर के नीचे से निकाल कर पार कराने की कोशिश की, तभी ट्रैक पर आ रही मालगाड़ी की चपेट में दोनों रिक्शे आ गये। हादसे के बाद रिक्शा चालक मौके से फरार हो गये। लेकिन, मालगाड़ी के नीचे रिक्शा फंस जाने के कारण मालगाड़ी काफी देर तक खड़ी रही। जिसके चलते शहर से बंकी जाने वाले मुख्य मार्ग पर यातायात काफी समय तक बाधित रहा। जीआरपी मामले की जांच में जुटी है।

### तीन नामांकन दाखिल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत टिकैतनगर के वार्ड संख्या नौ में रिक्त सदस्य पद के निर्वाचन में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। शनिवार को सदस्य पद हेतु सीता देवी, धर्मराज और विजय कुमार ने अपने प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ आरओ अमित त्रिपाठी, एआरओ संजय कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया है। इस मौके सुहैल अंसारी, बृजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 550 ग्राम स्मैक बरामद

**बाराबंकी।** मादक पदार्थों की रोकथाम मे लगी पुलिस की थाना देवा टीम ने शनिवार को अभियुक्तों बेचन चौहान पुत्र रामसरन निवासी रंजीतपुर मजरे पाल्हापुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर और आशीष कुमार उर्फ शेष पुत्र अवधराम चौहान निवासी चांदपुर मजरे फरीदपुर थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 550 ग्राम अवैध स्मैक (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 55 लाख रूपये) बरामद की। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना देवा पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

### बाइक गिरी, दो युवक जख्मी

**मसौली, बाराबंकी।** असुंतलित बाइक नाले में गिरने से सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हुये। जानकारी अनुसार, शनिवार दोपहर थाना मसौली क्षेत्र के ग्राम मनियाचानदा निवासी विकास पुत्र पंकज और मोहित पुत्र कन्हैयालाल पेट्रोल पंप से डीजल लेकर बाइक से घर वापस जा रहे थे। कस्बा मसौली में स्थित महिला अस्पताल के निकट बाइक असंतुलित होकर सड़क किनारे नाले में जा घुसी। दोनों बाइकसवार गंभीर रूप से घायल हुये। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, बाइक की गति काफी तेज थी। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। विकास की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

### पशु तस्कर गिरोह सरगना की कुर्क होंगी दो बाईकें

**बाराबंकी।** थाना बड्डूपुर में धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त व गिरोह सरगना हसीब उर्फ डागा पुत्र सगीर निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद जिला सीतापुर अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य कादिर पुत्र अली हसन उर्फ गोबरे निवासी नूरपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर के साथ मिलकर विगत तकरीबन 14 वर्षों से घुमन्तू गोवंशीय पशुओं को पकड़कर और उनका वध कर गोमांस की तस्करी में लिप्त हैं। गिरोह उन पशुओं को पकड़कर और वध कर गोमांस, खाल आदि की तस्करी जैसे आपराधिक कृत्यों से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगड़ने एवं लोक व्यवस्था छिन्न–भिन्न होने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। जिससे आम जनमानस अपने पशुओं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरगना हसीब उर्फ डागा पुत्र सगीर द्वारा स्वयं के नाम पर अर्जित की गई चल सम्पत्ति दो अदद मोटर साइकिल को थाना कुर्सी पुलिस ने चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट को आख्या प्रेषित की थी। अन्तर्गत धारा 14(1) उप्र गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में राज्य के पक्ष में कुर्क किये जाने हेतु आदेश निर्गत किया गया।

### लव जिहाद को लेकर हिंदू संगठनों में उबाल, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी।** जिले भर में शनिवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और लव जिहाद का पुतला जलाकर जमकर नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र भी सौंपे। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं हुई तो वह सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करेंगे। शनिवार को हिंदू संगठनों के तमाम लोग लव जिहाद, गौहत्या, अवैध खनन आदि के विरोध में सुबह 10 :30 बजे विलोबी मैदान में एकत्र हुए। यहां से जुलूस की शक्ल में कार्यकर्ता लव जिहाद का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए कचहरी गेट पर पहुंचे, जहां पुतले को जलाया गया। यहां से कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पहुंचे, जहां भी जमकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में थाना खीरी क्षेत्र में किशोरी लव जिहाद का शिकार हुई। वह गर्भवती भी हो गई। आरोप है कि विवेचक दरोगा गौरव ने अपराधियों से सांठ गांठ करके पाक्सो एक्ट नहीं लगाया, जिससे कोर्ट में अपराधियों को लाभ मिल गया। महिला थाने की एक सिपाही पर बर्खास्त दूसरे समुदाय के पीआरडी जवान के साथ मिलकर पीड़ित हिंदू महिलाओं का उत्पीड़न करती हैं। महेवागंज चौकी इंचार्ज राहुल सिंह और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात उर्दू अनुवादक शकील की सर्विस से पहले की सम्पति स्थित एवं वर्तमान सम्पत्ति स्थित की जांच कराने आदि की मांद की गई। हिंदू संगठन के नेता राम पांडेय ने कहा बहुत से हिंदू गांव छोड़ कर पलायन करने व आत्महत्या करने को मजबूर हैं। सूर्यमणि मिश्र ने कहा कि लखीमपुर खीरी लव जिहाद का केंद्र बनता जा रहा है। आतंकवाद के पोषक इस्लामी जेहादी वा भ्रष्ट पुलिसकर्मियों से मिलकर हिंदुओ की बहन बेटियों की इज्जत लूट रहे हैं। हिंदुओ की जमीन इस्लामी कट्टर जेहादी जबरन जगह जगह कब्जा करते हैं।

# प्रभारी डीएम ने ली विभागीय समन्वय समिति की बैठक, दिए निर्देश

## संचारी रोग, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण, त्वरित–सही उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही के लिए शनिवार को प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनपदीय अंतर विभागीय समन्वय बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि संचारी रोगों, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इसके त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान 11 से 31 जुलाई के मध्य प्रस्तावित है।

डीएम ने कहा कि जिलभर में तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए, आमजन को बताएं कि मच्छर जनित एवं

» 01–31 जुलाई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

संचारी रोगों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें। सभी एमओआईसी एसडीएम से समन्वय कर अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस-बीएसए को निर्देश दिए कि बच्चों को स्कूलों में लार्वा पनपने के स्रोतों की न केवल जानकारी दी जाए बल्कि उनके मध्य प्रतियोगिता भी कराई जाए। सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट किया जाए। सभी हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाए। जिसे रैंडम चेक भी करें।

डीएम ने निर्देश दिए कि अभियान में आशा-आंगनबाड़ी साथ मे अनिवार्य रूप से भ्रमण करे, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। शहरी- ग्रामीण



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह।

क्षेत्र में फागिग व एंटीलार्वा एक्टिविटी बढ़ाएं। हैंडपंप के आसपास जलजमाव ना हो, वही हैंडपंप से डेढ़ मीटर दूरी तक नाली बनवाए। सुपरक्लोरिनेशन के साथ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करें। आशा-एएनएम फील्ड में सक्रियता से काम करें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों से जनसंपर्क एवं जन जागरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, वेक्टर कंट्रोल, वातावरणीय स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अभियान की आवश्यकता-प्रासंगिकता बताई। अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के टिप्स दिए। अभियान की मानिटरिंग की बारीकियों भी बताया। 01 जुलाई से 31 अगस्त के मध्य ₹स्टॉप डायरिया कैम्पेन₹ के अन्तर्गत फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा ₹ दस्तक अभियान₹ में अपने साथ ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां रखेंगी तथा आवश्यकता पड़ने पर पीड़ित को तत्काल उपलब्ध कराया जाए।मलेरिया विभाग के कार्यकर्ता क्षेत्रवार योजना बनाते हुए गत वर्ष में मच्छर जनित रोगों के आंकड़ों के आधार पर चयनित हाईरिस्क क्षेत्रों में वेक्टर घनत्व का आकलन भी करेंगे।

डीएमओ डॉ हरिशंकर ने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिए इस विषय पर एक संपूर्ण सोच के साथ संबंधित विभागों के मध्य उचित समन्वय होना जरूरी है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, सूचना, उद्यान विभाग के निर्धारित उत्तरदायित्व बताएं, अपेक्षित सहयोग किए जाने की अपेक्षा की। बैठक में अभियान की पाटनर एजेंसी यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ व पाथ के प्रतिनिधियों ने पीपीटी के माध्यम से अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु आशा, एएनएम के गुणवत्तायुक्त भ्रमण, मॉनिटरिंग कवरेज प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में सीएमएस डॉ कोली, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ, एमओआईसी, डीपीओ भारत प्रसाद, डीपीएम अनिल यादव सहित अन्य संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी, बीडीओ, ईओ मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा प्रकरण पर युवक कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** केन्द्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर युवक कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि, नीट यूजीसी परीक्षा पेपर लीक प्रकरण के चलते 24 लाख अभ्यार्थियों का भविष्य अंधकार में है। भाजपा सरकार में बार-बार भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने से नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। अभिभावकों के लाखों रूपये बर्बाद हो रहे हैं। सालों की मेहनत का परिणाम न निकलते देख छात्र अवसाद में जाकर आत्महत्या तक कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी नौजवानों की इस बर्बादी पर मौन नहीं रह सकती। ज्ञापन में कहा गया कि, कांग्रेस ने नौजवानों को गारण्टी दी थी कि, यदि देश में कांग्रेस की सरकार बनी तो पेपर लीक प्रकरण में ऐसा सख्त कानून बनाया जायेगा कि, कोई सपने में भी पेपर लीक के बारे में न सोच सके। ज्ञापन द्वारा राष्ट्रपति से मांग की गई कि, इस गम्भीर समस्या पर तत्काल हस्तक्षेप कर केन्द्र सरकार को निर्देशित करें कि, नीट परीक्षा अभ्यर्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखते हुये दोषियों पर कड़ी कार्यवाई करते हुये पेपर लीक प्रकरण में कठोर से कठोर कानून बनायें। इस दौरान युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिकन्दर अब्बास रिज़वी, वीरेन्द्र प्रसाद यादव, मो. इजहार सिद्दीकी, रमनलाल द्विवेदी, देवेन्द्र प्रताप यादव, अजय रावत, अखिलेश वर्मा, चंदन बाजपेई, शुभम वर्मा, मो. आदिल, श्याम सुन्दर यादव, अनिरूद्ध यादव, तरूण बख्श सहित दर्जनों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## तमंचा और चाकू के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराबंकी।** अपराधियों की धरपकड़ मे जुटी पुलिस की विभिन्न थाना टीमों ने शनिवार को तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा और चाकू बरामद किया है। पुलिस विज्ञप्ति अनुसार थाना देवा टीम ने चोरी की योजना बना रहे अभियुक्तों अनुज कुमार पुत्र विश्राम चौहान निवासी ग्राम महेशपुर थाना थानगाँव जनपद सीतापुर और राजेश कुमार चौहान पुत्र तुलसीराम निवासी ग्राम गैसापुर मजरे बसारी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को ग्राम जम्हवासी मोड़ किसान पथ से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से एक तंमचा दो जिन्दा कारतूस, एक चाकू, लोहे की नुकीली सरिया बरामद किया गया। उधर थाना कोतवाली नगर ने अब्दुल सद्दाम पुत्र अब्दुल मन्नान निवासी बालागंज दुबग्गा थाना सहादतगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस बरामद किया।

## पहले पकड़े फिर छोड़े गये मिट्टी लदे डम्फर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**निन्दूरा, बाराबंकी।** कोतवाली कुर्सी क्षेत्र में बिना रॉयल्टी खनन में लगे डम्फरों को लेखपाल ने पकड़ा। काफी देर तक लेखपाल व खनन माफिया में रोड पर बात चलती रही। राहगीरों की भीड़ लग गई।

लेखपाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी लदे डम्फरों को पुलिस चौकी पर ले जाकर बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। लेखपाल मौके पर खड़े तमाशा देखते रह गये। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में सुबह से रोड पर खनन में लगे डम्फर दौड़ते दिखाई दिये। शनिवार शाम लेखपाल भूपेंद्र द्विवेदी ने अमरसण्डा गांव के पास मिट्टी लेकर जा रहे डम्फर को रोक कर कागज मांगे तो ड्राइवर ने लखनऊ में हो रहे खनन के कागज और लखनऊ में ही मिट्टी पटाई की रॉयल्टी लेखपाल को दिखाई। लेखपाल ने इसका विरोध किया



» एक दूसरे के पाले मे गेंद फेकते नजर आये जिम्मेदार

तो खनन माफिया रोड पर ही लेखपाल से बहस करते रहे। बहस देखकर राहगीरों की काफी भीड़ लग गई। लेखपाल की सूचना पर पहुंची उमरा चौकी पुलिस ने मिट्टी लेकर जा रहे डम्परों को चौकी पहुंचाया। जहां चौकी इंचार्ज ने दोनों डम्फरों को छोड़ दिया। लेखपाल भूपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि, जब जिले पर ड्राइवर द्वारा दिखाये गये कागज भेजे गए तो जिले से आदेश मिला कि, कागज सही है। खनन रोकने की जिम्मेदारी मेरी है। पकड़ने की जिम्मेदारी मेरी नहीं है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट फतेहपुर आर. जगत साईं ने बताया कि, लेखपाल द्वारा दो डम्फर रुकवाकर पुलिस के सुपुर्द किये गये थे। चौकी पर ले जाये गये थे। पुलिस ने क्यों छोड़ा है, इसके लिए मैने खनन अधिकारी को भेजा है। चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने बताया कि, लेखपाल ने डंपरों को रोका था। कागज देखे और लेखपाल ने ही छोड़ दिया अगर दाखिल करते तो मैं कोई कार्रवाई करता।

## ईहेए द्वारा आयोजित समर कैम्प का समापन हुआ

विश्ववार्ता संवाददाता

गोला गोकरननाथ-खीरी। इंडियन हेरिटेज एकेडमी द्वारा आयोजित समर कैम्प 2024 के भव्य समापन समारोह का आयोजन डॉक्टर कौशल किशोर वर्मा की अध्यक्षता में किया गय। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी अग्रवाल ने मां सरस्वती के पूजन अर्चन कर के किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने कहा कि समर कैंप के आयोजन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है और छात्र-छात्राओं की प्रतिभा का प्रदर्शन जो मंच पर दिखाई दिया वह अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इंडियन हेरिटेज एकेडमी के प्रबंधक पालिका सदस्य मोहित वर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय में समर कैंप के समापन के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत



किए गए सभी कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ आलोक वर्मा संजय तिवारी नीरज शुक्ला अरविंद पांडे डॉक्टर राजेश कुमार और कार्यक्रम संयोजक के रूप में महेंद्र वर्मा सहसंयोजक संजीव कुमार दीक्षित आलोक तिवारी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधक मोहित कन्नौजिया और प्रधानाचार्या मानसी गुप्ता ने मुख्य अतिथ सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनाक्षी अग्रवाल ने प्रशिक्षक संगम गुप्ता दिलीप भार्गव जैनब बानो ममता कश्यप उर्फी बानो रोशनी सिंह को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रुखसार बानो प्रज्ञा त्रिवेदी झलक रोशनी ममता शिवानी पलक सहित समस्त शिक्षिकाएं विद्यार्थी एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने नीट परीक्षा में धांधली को लेकर किया प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी।** नीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में शनिवार को युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं जिलाध्यक्ष नवाज खान के नेतृत्व में डीएम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रेणु मिश्रा को सौंपा।

जिलाध्यक्ष नवाज खान ने कहा 23 लाख से ज्यादा छात्र नीट परीक्षा में हुई धांधली से प्रभावित हुए हैं। इससे पहले भी कई पेपर लीक हो चुके हैं। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की मिली भगत से पेपर लीक माफिया हावी हैं, जिस तरह से नीट परीक्षा में धांधली हुई है और सरकार पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं इससे पता चलता है कि सरकार छात्रों के प्रति संवेदनशील नहीं है।सुल्तान मेराज अली खान ने कहा लगभग दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी सरकार कोई निर्णय नहीं ले पा रही है।

## डीएम ने लिया स्थायी बाढ़ राहत केंद्र का जायजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** जिले की तहसील रामनगर के सम्भावित बाढ़ इलाके का जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने दौरा किया। उन्होंने संभावित बाढ़ इलाके में चल रही परियोजनाओं को बाढ़ की स्थिति आने से पहले पूरा करने के निर्देश दिये। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि, संभावित बाढ़ क्षेत्रों में सुरक्षात्मक कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाये।

शनिवार को डीएम श्री झा बतनेरा गांव पहुंचे। यहां तटबन्ध के इस पार करीब छः करोड़ की लागत से बन रहे स्थायी बाढ़ राहत केंद्र का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था को निर्माणाधीन बाढ़ राहत केन्द्र के ग्राउंड फ्लोर को बहुत जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने बाढ़ खंड के एक्सईएन शशिकांत सिंह से सरयू नदी में चल रहे डेजिंग कार्य की



जानकारी ली। इसके बाद तटबंध से हेतमापुर जाने वाले मार्ग पर तटबन्ध स्थित अधूरी पड़ी सड़क पर डामरीकरण कराने के साथ ललपुरवा गांव जाने के लिए सड़क व पुलिया की कार्ययोजना बनाकर बाढ़ से पहले बनाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी के अफसरों को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी श्री झा ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर भरोसा दिलाया कि, प्रशासन द्वारा बाढ़ से बचाव को लेकर हर संभव तैयारियां की जा रही हैं। निरीक्षण दौरान एसपी दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

## चिकित्सा अधीक्षक ने की नर्सिंग स्टाफ के साथ बैठक, दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** नर्सिंग स्टाफ के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ आरके कोली द्वारा की गई। जिसमें मरीज को भर्ती के समय आने वाली समस्याओं और नर्सिंग स्टाफ द्वारा बरती जा रही खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सीएमएस डॉ आरके कोली ने सभी नर्सिंग स्टाफ को निर्देश दिए, कि बिना रिलीवर के आए नर्सिंग स्टाफ वार्ड छोड़कर नहीं जाएगा। साथ ही आए मरीज की इनफार्मेशन देना भी जरूरी है। उन्होंने नर्सिंग स्टाफ से यह भी कहा की मरीज को दी जाने वाली दवाएं और लगाए गए इंजेक्शन की जानकारी भी डिलीवर को देनी आवश्यक है। वहीं वार्ड में भर्ती गंभीर मरीज की जानकारी के साथ ही प्राथमिकता पर उनका इलाज सुनिश्चित करें। उन्हें हर सुविधा में



प्राथमिकता दें। नर्सिंग स्टाफ को अपने इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, वार्ड बॉय सिक्योरिटी गार्ड, फोर्थ क्लास कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी का नाम और नंबर रखना अनिवार्य है। उनकी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। जिससे कोई समस्या होने पर तुरंत से काम लिया जा सके या उनकी जरूरत होने पर उन्हें तत्काल बुलाया जा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि मैट्रन रजनी मसीह द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे आदेशों का अनुपालन करना भी अनिवार्य है। ऐसा न करने वाले नर्सिंग स्टाफ पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## चीनी मिल गोला द्वारा वृहद कृषक गोष्ठी आयोजित कर गन्ना सुरक्षा के बताये गये उपाय

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला क्षेत्र के ग्राम हंडेला में प्रगतिशील कृषक तरूण शारदा के फार्म हाउस पर वृहद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के उप निदेशक/वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ पी के कपिल, जमुनाबाद फ़ार्म के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मधुकर एवं मिल परिक्षेत्र के लगभग 200 किसानों ने भाग लिया।वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी एस चतुर्वेदी ने गोष्ठी में आए सभी अतिथियों का स्वागत व अभिनन्दन किया तथा गन्ना सर्वेक्षण कार्य समाप्त होने के पश्चात होने वाले सट्टा प्रदर्शन में सभी कृषको को अपने अपने सट्टे से सम्बंधित सभी समस्याओं को अपने सुपरवाइजर से मिलकर निदान कराये जाने की सलाह



गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के उप निदेशक।

दी। जिससे पेराई सत्र में सप्लाई सम्बन्धी किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल द्वारा सब्सिडी पर एग्री इनपुट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसे प्राप्त कर लग रही कीट बीमारियों से बचाव हेतु खेतों में समय से प्रयोग करें एवं वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए सुझावों को अपनी फसलो में प्रयोग करके अधिक से अधिक पैदावार प्राप्त करें।

डॉ पी के कपिल ने फसल सुरक्षा प्रबंधन पर चर्चा करते हुए टॉप बोरर व पोक्का बोइंग की पहचान व बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी व यह भी बताया कि यूरिया की अंतिम खुराक बरसात से पूर्व देकर मिट्टी अवश्य चढ़ा दे तथा बरसात न होने के कारण फसल को नुकसान से बचाने हेतु समय से सिचाई करने की सलाह दी।

इसी क्रम में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ सरनाम सिंह ने वर्तमान में गन्ने की फसल में लगने वाले कीट बीमारियों से किसानों को सजग रहने को कहा। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने सर्वे/सट्टा व समिति द्वारा चलायी जा रही गन्ना विकास सम्बन्धी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी का मंच संचालन प्रबंधक गन्ना सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने किया। अन्त में कृषक गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे प्रगतिशील कृषक हरमीत सिंह बाजवा ने गोष्ठी में आये सभी आगंतुकों का आभार व आशीर्वचनों के साथ गोष्ठी के समापन की घोषड़ा की गई।

गोष्ठी में जय प्रताप सिंह, पिन्टू सिंह, राज बहादुर सिंह, राहुल सिंह, मुख्तयार सिंह आदि सैकडों कृषक व सहायक महा प्रबंधक गन्ना डॉ ओ डी शर्मा,प्रबंधक गन्ना संजीव सिरीही सहित समिति व मिल के तमाम गन्ना विकास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारे को मिलती मजबूती :धर्मराज

**बाराबंकी।** शनिवार को शहर के आवास विकास, दरामनगर, छाया चौराहा समेत सदर विधानसभा के दर्जनों ग्रामीण अंचलों में भंडारे का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर भंडारे का शुभारंभ किया और भक्तजनों में प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर विधायक धर्मराज ने कहा कि, धर्म सभी को इंसानियत के रास्ते पर चलना सिखाता है और इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी में संस्कारों का विकास होता है। आज के समय में इस तरह के आयोजनों का महत्व बहुत बढ़ जाता है, जिसमे सभी लोगो को एक साथ बैठने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारे को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि, भौतिकवादी युग के बीच आमजन में आध्यात्मिकता का संचार होता है। समाजवादी पार्टी हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।

**सुनवाई** समाधान दिवस पर थानों मे फरियादियों की उमड़ी भीड़

# डीएम, एसपी ने सुनी जनसमस्याएं, दिये आवश्यक निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** शनिवार को जिले के विभिन्न थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने थाना मोहम्मदपुर खाला पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया। थाना मोहम्मदपुर खाला में कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। मौके पर मात्र एक प्रार्थना पत्र का निस्तारण हुआ। शेष प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मामले के निस्तारण हेतु मौके पर रवाना किया गया। जिले के समस्त थानों में कुल मिलाकर 230



प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिनमें से मात्र 58 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। मौके पर 33 प्रार्थना पत्रों व 25 का सम्बन्धित घटनास्थल पर जाकर निस्तारण कराया गया। शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर प्रत्येक थानों से कम से कम तीन-तीन टीमों करीब 72 टीमों को निस्तारण हेतु मौके पर भेजा गया। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार, थाना रामनगर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट एसडीएम मधुमिता सिंह की अध्यक्षता एवं कोतवाल रत्नेश पांडेय की मौजूदगी में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 27 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हुआ। समस्या के निराकरण के लिए संबंधित विभागीय लोगों की टीम मौके पर भेजी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पीड़तों की समस्याएं सुनीं।

सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि, शासन की मंशानुरूप पीड़तों को न्याय दिलाया जाये। शिकायत कर्ताओं को मौके पर बुलाकर संतुष्ट करने के बाद ससमय आख्या प्रस्तुत करें। जिससे फरियादियों को बार-बार थाना व तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 21, पुलिस के छः प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। मौके पर पुलिस व राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री ने किया ब्लड कम्पोनेन्ट, सेपरेशन यूनिट का लोकार्पण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** रफी अहमद किदवाई जिला चिकित्सालय (पुरुष) में शनिवार को राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा और जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने संयुक्त रूप से ब्लड कम्पोनेन्ट एवं सेपेरेशन यूनिट, 42 बेड का पीडियाट्रिक आईसीयू (पीआईसीयू अन्डर ईसीआरपी-2) भवन, फायर फाइटिंग सिस्टम कार्य, ट्रामा व इमरजेंसी वार्ड का विस्तारीकरण, 40 बेड से 100 बेड एवं कैफेटेरिया का लोकार्पण तथा 50 बेड के क्रिटिकल केयर यूनिट का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। रक्तदान शिविर में स्वैच्छिक संस्था बाला जी बचपन के अंकुर माथुर, भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। ब्लड कम्पोनेन्ट यूनिट बन जाने से मरीजों को ब्लड कम्पोनेन्ट जैसे, पीआरबीसी,



प्लेटलेट, प्लाजमा की सुविधा हो सकेगी। गौर करने वाली बात यह कि, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के नेतृत्व में जनहित के इस अति महत्वपूर्ण कार्य की लोगों ने भूरि-भूरि प्रसंशा की। इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. अवधेश कुमार यादव, सीएमएस डॉ. बृजेश कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. राजेश कुशवाहा, संदीप गुप्ता एवं बड़ी संख्या में जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, कर्मी व मरीज और तीमारदार मौजूद रहे।

## संपादकीय

# रिश्तों में गर्माहट

भारत के पड़ोसी और करीबी देशों में शुमार बांग्लादेश को लुभाने का चीन बहुत प्रयास कर रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा होने नहीं देंगे। हाल ही में अपने तीसरे कार्यकाल के शपथ ग्रहण समारोह में उन्होंने बांग्लादेश समेत विभिन्न पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया था। अब लगभग दो सप्ताह बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर भारत की यात्रा पर आई हैं। खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत की पहली राजकीय अतिथि हैं। दोनों देशों के बीच जो करार किये गये हैं, वह दर्शाते हैं कि भारत और बांग्लादेश अपने ऐतिहासिक संबंधों को भविष्य की ओर साथ ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत की राजकीय यात्रा ऐसे समय पर हुई है जब वह जल्द ही चीन की यात्रा पर जाने वाली हैं। हम आपको बता दें कि भारत और बांग्लादेश ने आज नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई है और समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) को बढ़ावा देने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। द्विपक्षीय वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले एक साल में हम करीब 10 बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात इसलिए खास है क्योंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। वहीं, अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा कि भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा कि आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुई हैं जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की है। हसीना ने कहा कि हम अपने लोगों और देशों की बेहतरी के लिए एक–दूसरे के साथ सहयोग करने पर सहमत हुए हैं। हम आपको बता दें कि द्विपक्षीय वार्ता के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत और बांग्लादेश के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की सूची जारी की है। इस दौरान विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत एशिया में बांग्लादेशी उत्पादों के लिए सबसे बड़ा बाजार है और हमें उम्मीद है कि सीईपीए वार्ता शीघ्र शुरू होगी और नए सीमा हाट भी खुलेंगे। आज मत्स्य पालन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो अलग–अलग समझौता ज्ञापन हुए हैं। आज कुल दस समझौते संपन्न हुए हैं। दोनों नेताओं के बीच यात्रा, चर्चा और परिणाम बहुत ही सार्थक और उद्देश्यपूर्ण रहे हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर सहमति ज्ञापन का आदान–प्रदान किया जिसका उद्देश्य भारत के प्रक्षेपण यान पर बांग्लादेश के लिए संयुक्त रूप से विकसित लघु उपग्रह के प्रक्षेपण के लिए सहयोग स्थापित करना है। दोनों नेताओं के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा हुई और उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने की आवश्यकता और उत्सुकता को रेखांकित किया। बांग्लादेश के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और दोनों देशों के बीच रक्षा–औद्योगिक सहयोग दोनों के लिए योजनाओं का समर्थन भी किया। कनेक्टिविटी भारत–बांग्लादेश साझेदारी के केंद्रीय स्तंभों में से एक बनी हुई है।

## कटाक्ष हसन जैदी



# योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान



हृदयनारायण दीक्षित

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षटदर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, ''शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।'' मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, ''जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।'' मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, ''आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, ''आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।'' सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, ''आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।'' मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति



सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है। मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, ''हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।'' सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, ''यथाभिमत्ध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, ''क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, ''समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।'' योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि ''जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।'' पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# एको अहं, द्वितीयो नास्ति...एनडीए और एनटीए



प्रदीप मिश्र

विषयांतर

सवाल सहज नहीं था। अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है। जवाब दिल से मिला-उन्हें खुद नहीं मालूम, और कोई नहीं बताता है। हां, वह कहते हैं कि विवादित विचार व्यक्तिगत होते हैं। ये सामूहिक रूप से निर्गत नहीं होते हैं। सलाह है-विवादित विचार वाले व्यक्ति की मति पर सवाल मत करिए। धीरज को धर्म मानो, बवाल मत करिए। दोनों की चाह एक है। राह एक है। सत्ता सबको भा गई है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं को खा गई है। जड़ों पर मट्ठा डाला जा रहा है। मीठा और खट्टा डाला जा रहा है। तो समझने की बात है। मिलजुल कर चलो। अलग-अलग तरह से छलो। कपट के बिना निपट नहीं सकते हो। खटपट बिना सत्ता के मजे झपट नहीं सकते हो। इसलिए गुस्से की परवाह मत करो। विशुद्ध बौद्धिक दृष्टिकोण पर वाह-वाह मत करो। प्रतियोगिता में उपयोगिता देखें। जो बातें गैरजरूरी हों, उन्हें फेंकें। संरक्षण देने वालों के आशीर्वाद का असर होता है। प्रयासों में थोड़ी सी कमी भी याद आती है। जब साथ होती हैं परछाइयां। मिल जाती हैं मनचाही ऊंचाइयां। ऐसे में दोनों दिखा रहे दूरी। सोचो, क्या है मजबूरी। एक-एक ग्यारह के लिए है यह जरूरी। कभी न कभी गाएगी 'नूरी'। आजा रे ओ मेरे दिलवर आजा...।

न चिंता करिए, न मुस्कराइए। सब लोग इधर ही आइए। अपनी-अपनी ख्वाहिश बताइए। जनता की भावना के बहाने खुद की फरमाइश बताइए। सियासी तड़का लगाने की गुंजाइश जताइए। ध्यान है। कुछ दशक पहले तक कुछ दुकानों पर लिखा रहता था-'आज नकद कल उधार'। बाजार में कई बार दुकान के सामने तख्ती या दीवार पर लिखा-'कहां जा रहे हो किधर ध्यान है...की यही पुरानी दुकान है।' कम नजर वालों की भी आंखें खोल देता था। बुरी नजर वालों को पल भर में तौल देता था। हालात फिर वैसे हो गए हैं। थोक में मिल जाएं तो ठीक, नहीं तो फुटकर में लेने में भी असम्मान की बात नहीं है। प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई ने पता नहीं क्यों पहले ही लिख दिया था-रोज विधानसभा के बाहर एक बोर्ड पर 'आज का बाजार भाव' लिखा रहे। साथ ही उन विधायकों की सूची चिपकी रहे जो बिकने को तैयार हैं। इससे खरीदार को भी सुविधा होगी और माल को भी।'

बीच में स्कैम जैसी बातें कहां से आ गईं। एनडीए की सरकार बनते ही कोई भी ऐरा गैरा, स्कैम का आरोप लगाने लगा है। एनटीए भी लपेटे में है। देखते-देखते दो एन हो गए। दो अभी बाकी हैं। ए और बी के दोनों एन का मतलब नो तो नहीं होगा ना। 'धक धक करने लगा...जियरा डरने लगा है।' अचानक कह सकते हैं-'अच्छा तो हम चलते हैं...'आरपार' के लिए ऐसा कहना भी पड़ता है। फिलहाल तो हम गाएंगे भी-'बाबू'जी धीरे चलना, प्यार में जरा संभालना...बड़े धोखे हैं इस राह में...। 'हमें तुमसे प्यार कितना ये हम नहीं जानते, मगर जी नहीं सकते तुम्हारे बिना...।' नहीं समझे, समझिए। समझ समझ के समझ को समझो समझ समझना भी एक समझ है...। परीक्षा पर इच्छा बन गई है। नीट के क्लीन होने की बात होने लगी है। यूजीसी नेट को अगले ही दिन रद्द कर दिया गया। वैसे, एनटीए को लोग अब पूरी तरह जान जाएंगे। 23 लाख से अधिक अभ्यर्थी नीट-यूजी में शामिल हुए। यूजीसी नेट में 11.21 लाख आवेदक थे। करीब 35 लाख लोग सीधे-सीधे एजेंसी के क्रियाकलाप जान गए हैं। परीक्षार्थी ही नहीं, अभिभावक भी शुचिता और पवित्रता को मान गए हैं। चुनाव और परीक्षा के समय ये शब्द कई बार खुद-ब-खुद बोलते हैं। श्रोताओं के कानों में शहद घोलते हैं। अच्छा है कि आने वाले दिनों में 10वीं-12वीं के बच्चों की परीक्षा नहीं होनी है, नहीं तो 'परीक्षा पे चर्चा' में रोचक अनुभव सुनने को मिलते।

बड़ों को परीक्षा से पहले प्रवचन देकर प्रेरित करना चाहिए। बताना चहिए कि पेपर लीक होने पर व्यर्थ की चिंता न करें। बट हू केअर्स। कुछ समय बाद पूरे देश में कहा जाएगा कि लीक है तो ठीक है। उसी तरह 'जैसे दाग हैं तो अच्छे हैं' का अभिप्रायः जन सामान्य की समझ में जल्दी ही आ गया था। यह डिटरजेंट का विज्ञापन था। फिर संयुक्त उपक्रम किया और इसे कार्य व्यवहार का हिस्सा बना लिया। राजनीति में इसका प्रचुर सदुपयोग किया गया। हम भारत के लोग हर बात को दिल-दिमाग से आत्मसात कर लेते हैं। इससे लाभ सभी को नहीं होगा, यह महत्व नहीं रखता है। भारतेंदु हरिशचंद्र की पंक्तियां 'लीक-लीक गाड़ी चले, लीकहि चले कपूत। लीक छाड़ि तीनों चलें, शायर सिंह सपूत' सर्वथा उपयुक्त हैं। पेपर लीक करना कायरता नहीं है। ये विकीलीक्स के जूलियन असांजे जितनी बहादुरी का काम है। सब काम पर लगे हुए हैं। चुनाव बाद नई पीढ़ी को सड़कों पर उतार दिया है। अपने प्रति प्यार के प्रदर्शन के लिए ललकार दिया है। इसी बहाने सत्कार होगा। पुनः परीक्षा का उपकार होगा। स्वयं की इच्छा के बगैर परीक्षा देनी हो तो परिवार की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। परिश्रम की पराकाष्ठा की थाती है। दुनिया को लुभाती है। एकता की आवश्यकता समझाती है। ठकुरसुहाती का अवसर उपलब्ध कराती है। संवाद के मौके बताती है। गलतियों के लिए सताती है। नई तरकीब और हथकंडे सुझाती है। गठबंधन की गुत्थियां सुलझाती है।

अभी की बात करें तो 'एको अहं, द्वितीयो नास्ति...न भूतो न भविष्यति' को कंठस्थ, मनस्थ और उदरस्थ कर लें। अर्थात एक मैं ही हूं। दूसरा सबकुछ मिथ्या है। न मेरे जैसा कभी कोई आया, न आ सकेगा। याद आ गए फिर दो, तीन, चार... लड़के। खड़े हो गए अड़के। कद्दावर कितने भड़के। बड़ों की बात लड़कों ने ही सुनी। कर दी अनसुनी। यहीं अयोध्या, मथुरा और काशी। यहीं से उपयोगी और यहीं से अविनाशी। तो हालात ऐसे न हो जाएं, जिसमें सब मिलकर गाएं-'हम बेवफा हरगिज न थे पर हम वफा कर न सके...।' 'ये पब्लिक है सब जानती है...' अभी तो उसने पूछने का मन बनाया है- 'क्या हुआ तेरा वादा वो कसम वो इरादा...' आंख में आंख डालकर जवाब नहीं मांगा है। झूठे और धोखेबाजों को हवा में नहीं टांगा है। उसने मंशा बता दी है। होश में रहो, विद्वानों ने आशंका जता दी है। इति सिद्धम। इदम् न मम... इदम् राष्ट्राय...!

## कविता



गीता खत्री

### उसकी मौजूदगी हद है...

मेरी ख्वाहिशों, ख्यालों और ख्वाबों में वो. . .
मेरे खतों में, कागज़ों में, और किताबों में वो...
वो सब जगह था, बस इन हाथों की लकीरों में ना था...
मेरा वुजूद था, लेकिन मेरी तकदीरों में ना था.....
मेरी सदा में, मेरी अदा में, और मेरे जज्बातों में वो...
मेरे लफ्जों में, मेरे ज़ेहन मे, और मेरी बातों में वो..
वो सब जगह था, बस मेरे दर्द की तासीरों में ना था..
मेरा वज़ूद था लेकिन मेरी तक़दीरों में ना था...
मेरे नग़मो में, मेरी गज़लों में, और मेरे अशआर में वो...
मेरे हरेक हर्फ़ में, हर इबारत में और मेरे किरदार में वो..
वो सब जगह था, बस मेरे उनवान की जंजीरों में ना था...
मेरा वजूद था लेकिन मेरी तकदीरों में ना था...
मेरे अश्कों मे, मेरी पलकों में और मेरी निगाहों में वो,
मेरे लबों से गुजरती हुई हरेक आहों में वो,
बावजूद इसके वो मेरी तदबीरों में ना था..
मेरा वज़ूद था लेकिन मेरी तक़दीरों में ना था..

# जीएम मक्का आयात: किसान कल्याण या कृषि संकट का नया चेहरा ?



डॉ. ममतामयी प्रियदर्शिनी

कुछ सालो से मक्के की वैश्विक तौर पर बढ़ती मांग, पोल्ट्री और जानवरों के चारे के रूप में इसके बढ़ते उपयोग और एथेनॉल के उत्पादन में इसकी मुख्य भूमिका के कारण मक्के के उत्पादन को तेजी से बढ़ाने के लिए भारत सरकार की तरफ से कई स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी बीच द हिन्दू बिजनेस लाइन के हवाले से एक नयी खबर सामने आ रही है कि भारत सरकार द्वारा जीएम मक्के के आयात को शून्य या कम आयात शुल्क पर अनुमति देने पर विचार किया जा रहा है। इस खबर से जीएम मक्के के आयात का समर्थन करने वाले लोगों और नॉन जीएम, हाइब्रिड बीजो के उत्पादन को बढ़ाकर भारत को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की कवायद करने वाले किसानों, कृषि वैज्ञानिको और पर्यावरणविदो के बीच एक गरमा गरम बहस छिड़ गयी है। जीएम मक्के की पैरवी करने वाले लोगों का मानना है कि जीएम मक्का, मक्के की मांग और आपूर्ति के बीच की खाई के अंतर को पाट सकता है और बढ़ती घरेलू खपत की आवश्यकताओं को पूरा कर सकता है। जबकि इसके आयात का विरोध करने वाले लोग, जीएम मक्के के उपयोग से मानव स्वास्थ्य पर खतरे, पारिस्थितिक स्थिरता और कृषि प्रणालियों में आनुवंशिक विविधता के नुकसान जैसे दुष्परिणामों को लेकर आशंकित हैं। इस चर्चा के केंद्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दा है: क्या जीएम मक्का के आयात को मंजूरी देना, भारत में खाद्य स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता की ओर एक आवश्यक और व्यावहारिक कदम है या क्या यह एक ऐसा पैन्डोरा-बॉक्स है जिसके खुलने पर कई ऐसे अनचाहे परिणाम सामने आयेंगे जो हमारे देश की दीर्घकालिक जैव पारिस्थितिकी एवं आर्थिक उन्नति के क्षेत्र में एक भयानक खतरा बन सकते हैं?बिहार भारत के महत्वपूर्ण मक्का उत्पादक राज्यों में से एक है। विगत कुछ सालो में केंद्र सरकार ने यहाँ सैंतालीस इथेनॉल संयंत्रों को मंजूरी दे दी है। हमारे देश की राष्ट्रपति महोदया ने हाल में ही पटना में बिहार के चौथे कृषि रोड मैप (2023-2028) का शुभारंभ किया था। इस दौरान उन्होंने भी इथेनॉल को बढ़ाने पर जोर दिया था। बिहार में लगभग 750,000 हेक्टेयर में मक्के की खेती होती है, जो भारत के कुल मक्का क्षेत्र का लगभग 9-10% है। आईसीएआर (ICAR) के आंकड़ों के अनुसार, यहाँ मक्के की औसत उपज लगभग 5.3 टन/हेक्टेयर है, जो इस देश की राष्ट्रीय औसत उपज, लगभग 2.5-3 टन प्रति हेक्टेयर से अधिक है। इसका श्रेय किसानों की मेहनत के साथ साथ अच्छे गैर-जीएम हाइब्रिड किस्मों, बिहार की कृषि- जलवायु परिस्थितियों और उन्नत कृषि प्रथाओं को जाता है। अभी कुछ ही दिनों पहले हमारे फाउंडेशन, प्रसुभगिरी द्वारा बिहार के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित 'कृषि कल्याण यात्रा' के दौरान, हमारी स्थानीय टीम ने वहां के किसानों से उनकी कृषि चुनौतियों के बारे में जानने की एक कोशिश की थी। जब मक्के की खेती करने वाले किसानों से पूछा गया कि वे अपने खेतों में मक्के की उपज बढ़ाने के लिए जीएम मक्का के बीज अपनाने से कैसे लाभान्वित होंगे, तो वो जीएम मक्का के फायदे से कम और नुकसान के प्रति ज्यादा सशंकित दिखे। विक्रम, पटना क्षेत्र के एक जागरूक किसान और समाजसेवी श्री उमाकांत शर्मा ने हमारे सवाल पर बड़े ही स्पष्ट शब्दों में कहा, हमारे खेतों से ही हमारा जीवन यापन होता हैं, यह कोई प्रयोगशाला नहीं है जहाँ हम कुछ भी उपजा कर अपने खेतों को खराब होने देंगे। जब तक इन बीजों का भारतीय मिट्टी पर, भारतीय हानिकारक कीटों के लिए लंबे समय तक पूर्ण परीक्षण नहीं किया जाता, तब तक हम जीएम मक्के के बीजो को प्रश्रय नहीं दे सकते।। उनके शब्द हल्के में लेने वाले नहीं हैं। वो उनकी इस चिंता को दशति हैं कि स्थानीय परिस्थितियों में व्यापक परीक्षण के बिना जीएम फसलों की शुरुआत के संभावित दुष्परिणाम क्या हो सकते हैं? दतियाना गाँव के एक अन्य किसान श्री मनोज शर्मा, जिनके पास लगभग 40 एकड़ जमीन है, ने जी एम मक्के की बीटी कपास के साथ तुलना की। उन्होंने कहा, बी टी कपास ने हमारा कितना नुकसान किया है ये किसी से छिपा नहीं है। हम किसान, फिर से इस लुभावने अनदेखे सपनो के बिना पर अपने आपको दुबारा कुछ विदेशी बीज कंपनियों के झांसे में नहीं आने देंगे। श्री रजनीश कुमार, जो एक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़े हैं उन्होंने जीएम मक्का के दीर्घकालिक प्रभावों पर व्यापक अध्ययन के बिना आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालने की आशंका व्यक्त की। भारत के अन्य प्रमुख मक्का उत्पादक राज्यों के कई किसान संगठनों और पर्यावरणविदों को भी कमोवेश यही डर सता रहा है। दक्षिण भारत के सबसे बड़े किसान संघों में से एक, कर्नाटक राज्य रैथा संघ ने 2024 से 2026 तक MLS4301 और MLS 2531 ट्रांसजेनिक कपास और मक्का किस्मों के क्षेत्र परीक्षणों के लिए राज्य जैव प्रौद्योगिकी समन्वय समिति द्वारा NOC देने के निर्णय का विरोध किया है। मध्य प्रदेश के कई किसान संगठनों ने भी जीएम मक्का के छोटे पैमाने के किसानों की आजीविका पर संकट के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की है। के हाथ में अपनी संप्रभुत्ता नहीं सौंप सकते परमक्के की खेती के क्षेत्र में भारत चौथे स्थान और उत्पादन में सातवें स्थान पर है, जो विश्व के मक्का क्षेत्र का लगभग 4% और कुल उत्पादन का 2% है (स्रोतः IIMR)। देश ने अब तक जीएम मक्का बीजो को अपनाने से परहेज किया है। यह एहतियात हमारे उन सिद्धांतों के अनुरूप हैं जो कई यूरोपीय देशों ने अपनाए हैं, जिसमें उन्होंने जैव-विविधता, पर्यावरणीय प्रभाव, कीट प्रतिरोध और दीर्घकालिक सुरक्षा अध्ययनों की कमी जैसे मुद्दों को देखते हुए जीएम मक्का के आयात पर प्रतिबंध लगाया है। हाल ही में मेक्सिको सरकार की जीएम मक्का पर अमेरिकी व्यापार विवाद के प्रति प्रतिक्रिया ने इस डर को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है। मेक्सिको ने आनुवंशिक रूप से संशोधित मकई से जुड़े संभावित स्वास्थ्य जोखिम को दर्शाते हुए कई वैज्ञानिक साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं, जो जैविक रूप से संशोधित मक्का के संभावित स्वास्थ्य खतरों को दशति हैं, विशेष रूप से BT किस्मों से जुड़े एपिजेनेटिक परिवर्तन जो आने वाली पीढ़ियों में हस्तांतरित हो सकते हैं, तथा मक्के के एंटीबायोटिक प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि या पोषण मूल्य में कमी हो सकती है।आज जब जीएम मक्के के आयात पर रोज चर्चा हो रही है, हमारा भारत किसानों का देश है, अतः हमारी सरकार को भारतीय किसानों के हित को ध्यान में रखना सर्वोपरि है। यहाँ किसानों के लिए उनकी जमीन, महज जीवन यापन का साधन नहीं बल्कि आर्थिक उन्नति के सपनों की कुंजी है। वे केवल प्रौद्योगिकी से डरने वाले या नासमझ लोग नहीं हैं, बल्कि वे ये जानते हैं कि जीएम फसलों का मृदा स्वास्थ्य, कीट प्रतिरोध और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव हो सकता है। अतः नीति निर्धारकों को जीएम मक्का के आयात की जल्दबाजी करने के बजाय, भारत में उच्च उपज देने वाली संकर मक्का किस्मों के विकास और प्रचार पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा जैसा कि बिहार के किसान उमाकांत शर्मा ने उदाहरण के रूप में इंगित किया है। इसके अतिरिक्त, सरकार के लिए यह महत्वपूर्ण है कि जीएम फसलों को अपनाने के पहले इन आशंकाओं को ध्यान में रखा जाए, खासकर भारत जैसे राष्ट्र में जहां कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं है बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं, सामाजिक प्रणालियों और पारिस्थितिक प्रक्रियाओं का एक ताना बाना है। वर्तमान समय में, मक्के की आपूर्ति की चुनौतियों को हल करने के लिए जीएम मक्का आयात जैसे अस्थायी समाधानों पर निर्भर होने के बजाय, भारत को उन कृषि पर्यावरणीय विधियों में निवेश करना चाहिए जो जैव-विविधता, मृदा उर्वरता और जलवायु परिवर्तन लचीलापन को प्रोत्साहित करती हैं। अंततः, जीएम मक्का का आयात करने या न करने का निर्णय, सभी हितधारकों, यथा किसानों के प्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों, सामाजिक संगठनों आदि द्वारा व्यापक तथा आपसी चर्चाओं पर आधारित होना चाहिए। कुल मिलाकर हमें शॉर्टकट के प्रलोभनों में ना पड़कर, मक्के की खेती में आने वाली चुनौतियों के प्रति स्थायी समाधान अपनाना चाहिए, अपने गैर-जीएम मक्का किस्मों के बीजों, तकनीकी ज्ञान को महत्व देना चाहिए, विविध कृषि जैव-विविधता को बढ़ावा देना चाहिए और किसानों को, जो सही मायने में हमारे अन्नदाता हैं, उन्नत बीज द्वारा अमृतमय भोजन के उत्पादक और उनकी भूमि के संरक्षक के रूप में सशक्त बनाना चाहिए।



जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रोहित बाजपेयी द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- आनंद अग्निहोत्री*, सलाहकार संपादक - गोलेश स्वामी, एसोसिएट एडिटर- मलय समीर शर्मा, उत्तराखंड कार्यालय- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com

# कागजों पर कराया बंधा निर्माण

## काजीपुर, लखऊबेहड़, दुगाना व सकरन में लगी फर्जी हाजिरी

» सकरन ब्लॉक में कागजों पर दर्शाए जा रहे मनरेगा कार्य

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना को सकरन ब्लॉक में भ्रष्टाचार ने जकड़ रखा है। मस्टर रोल पर फर्जी हाजिरी लगाकर गड़बड़ी के कई मामले सामने आ चुके हैं। शनिवार को विकास खंड की चार ग्राम पंचायतों में मस्टर रोल पर करीब 400 मजदूरों की हाजिरी लगायी गयी जब कि मौके पर कहीं भी काम नही करवाया जा रहा है। सकरन ब्लॉक की ग्राम पंचायत लखुआबेहड में रमेश के खेत से रामकुमार के खेत तक तथा बाबू के खेत से प्रताप के खेत तक चकबंद निर्माण में 98 मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगायी गयी।



बंधा निर्माण व चकबंद निर्माण की यह है हकीकत

ग्राम पंचायत दुगाना में कुटीपुरवा से रहमत के खेत तक, सिपाही के खेत से रमेश के खेत तक रमेश की बाग से छोटेलाल के खेत तक चकबंद निर्माण में 79 मजदूरों को काम करना दर्शाया गया। ग्राम पंचायत काजीपुर में फुकनापुरवा चौराहे से गोबरे के खेत तक चकबंद निर्माण तथा सन्तोष के खेत से प्यारापुर बार्डर तक बंधा निर्माण में 143 मजदूरों की मस्टर रोल पर फर्जी हाजिरी लगाई गई।

ग्राम पंचायत सकरन में भोलई के खेत से जीवन स्वरूप के खेत तक पुलिया से हरीश के खेत तक ड्रेन सफाई तथा हरिश्चन्द्र के खेत से रामलखन के खेत तक चकबंद निर्माण में 76 मजदूरों की हाजिरी लगायी गयी। बावजूद इसके ग्राम पंचायतों में सिर्फ कागजों पर ही मनरेगा कार्य करवाया जा रहा है हकीकत में किसी भी ग्राम पंचायत में न तो मजदूर चल रहे है और न ही कार्य करवाया जा रहा है। एपीओ रवि सिंह ने बताया कि प्रकरण की जानकारी नहीं है इसकी जानकारी लेकर जांच कराई जाएगी।

# चकरोड से प्रशासनिक टीम ने हटवाया अवैध कब्जा

» डीएम व एसपी ने इमलिया सुल्तानपुर में सुनी समस्याएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने थाना इमलिया सुल्तानपुर में थाना दिवस के मौके पर पीड़ितों की फरियाद सुनी। इस दौरान अधिकारियों ने समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये। अर्थलिया ग्रन्ट में जिलाधिकारी के निर्देश पर मेड़बंदी कराई गई तथा धारा 24 में नपाई कराई गई।

उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि प्रार्थी लईक अहमद पुत्र अब्दूल रहूफ, निवासी असोढ़र, थाना खैराबाद ने थाना दिवस में खेत जाने वाले चक रोड विपक्षी ग्राम असोढर के हफीज, समीम व भल्लू आदि ने चकरोड पर बांस-बल्ली व तार लगाकर कब्जा किया था। जिससे कृषि कार्य व खेत तक जाने में समस्या हो रही थी। जिसके तहत शिकायती दर्ज की थी, जिसको लेखपाल और पुलिस ने खाली करवा दिया है।



फरिदयादियों की शिकायतें सुनते डीएम-एसपी

**लहरपुर।** स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में आयीं 10 शिकायतों में से राजस्व की चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित कर्मचारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण हेतु आदेशित किया गया। इस मौके पर अमित, कादिर, पवन यादव, राहुल यादव, अंकुत वर्मा, तहसील कर्मी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

**महमूदाबाद।** कोतवाली परिसर में एसडीएम शिखा शुक्ला की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें राजस्व विभाग से संबंधित 15 शिकायतें व पुलिस विभाग से संबंधित 2 शिकायतों में से कुल आठ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। एसडीएम शिखा ने बताया कि समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें पुलिस और राजस्व विभाग से संबंधित आईं थीं। जिसमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष नौ शिकायतों को लेकर राजस्व विभाग से संबंधित मातहतों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह, नायब तहसीलदार दीना नाथ यादव व राजस्व निरीक्षक इमरान अहमद व लेखपाल सुशील गौड़ सहित तमाम फरियादी मौजूद रहे।

### स्टार लगा किया सम्मानित

**महमूदाबाद।** स्थानीय कोतवाली में 1991 बैच के हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत राम केवल, मुरारी चौबे और राकेश तिवारी का उपनिरीक्षक के पद पर उन्हें सीओ दिनेश शुक्ल ने स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम शिखा शुक्ला, सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह सहित सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सार्थक वार्ता हुई, सात दिनों में दिखेगा बदलाव

**विश्ववार्ता संवाद**

» एसडीएम व वकीलों के विवाद की जांच को पहुंचे एडीएम

» डेढ़ घंटे चली बैठक, सोमवार को अधिवक्ता लेंगे निर्णय

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** वकीलों और एसडीएम के मध्य हुए विवाद में डीएम के निर्देश पर एडीएम नितीश कुमार जांच के लिए तहसील स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग डेढ़ घंटे लम्बी बैठक की। जिसके बाद एडीएम वकीलों संग बाहर निकले और बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं संग बैठक की। एडीएम नितीश कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर वह जांच के लिए आए थे।

उन्होंने कहा कि वार्ता सार्थक हुई है सोमवार से हड़ताल खत्म होगी ऐसी उम्मीद है कि पुनः न्यायालय सुचारू रूप से काम करेगा। महमूदाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हम लोग डीएम को मुलाकात कर ज्ञापन देने गए थे। उस मामले में डीएम ने संज्ञान लेकर एडीएम को इस पूरे मामले की जांच सौंपी थी।



हम लोगों की जो प्रमुख मांगें थीं, उन पर एडीएम ने सहमति जताई है। हमारे अधिवक्ता साथी की 18 बीघा फसल काट ली गई थी उसका मुआवजा दिया जाए। तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार दूर किया जाए। अदालतों में जो गलत तरीके से निर्णय दिए जाते हैं वह सही और कानून की प्रक्रिया में रहकर निर्णय लिए जाएं। इन सभी प्रमुख मांगों पर एडीएम द्वारा हामी भरी गई साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया है कि सात दिनों में बदलाव दिखेगा।

हालांकि बार अध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि शनिवार होने के कारण सभी अधिवक्ता यहां उपस्थित नहीं है। मैं अकेला निर्णय नहीं ले सकता हूं, सोमवार को सभागार में सभी अधिवक्ता साथियों के साथ एक जनरल बैठक करेंगे। जिसमें सर्वसम्मति से जो निर्णय सभी द्वारा लिया जाएगा, उसी पर वह अमल करेंगे।

### पांच हजार महिलाएं एक साथ करेंगी सुंदरकांड पाठ

**नैमिषारण्य।** नैमिष की पावन धरा पर सत्य सनातन नारी शक्ति लखनऊ के तत्वावधान में एक साथ पांच हजार मातृ शक्ति सुंदरकांड का पाठ करेंगी। यह कार्यक्रम तीर्थ के प्रसिद्ध हनुमान गढ़ी के खाटू श्याम कथा प्रांगण में आयोजित होगा। कार्यक्रम हनुमानगढ़ी महंत बजरंगदास, 1008 पवन दास के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम की मुख्य आयोजिका सनातन ध्वजवाहिका सपना गोयल ने बताया कि हनुमान जी कलयुग के साक्षात देव हैं जिनका स्मरण करने से सभी प्रकार के पाप और दुख नष्ट हो जाते हैं। वर्तमान समय में भारतवर्ष में विधर्मियों ने सनातन धर्म पर लगातार प्रहार किए हैं। इस कार्यक्रम के करने से हनुमान जी विश्व कल्याण और सनातन धर्म की रक्षा का आशीर्वाद प्राप्त होगा। इससे पूर्व झूलेलाल घाट पर महिला शक्ति दिवस पर 5000 मात्रा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ था।

# आपका एक-एक वोट हम पर उधार है : आनंद

» नवनिर्वाचित सांसद का लड्डुओं से तौलकर हुआ स्वागत

» क्षेत्र में विकास कर वोट का कर्ज उतारने का वादा

**विश्ववार्ता संवाद**

**लहरपुर (सीतापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुल्तानापुर शाहपुर में नवनिर्वाचित सांसद धौरहरा आनंद भदौरिया का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सपा विधायक अनिल वर्मा, कांग्रेस नेत्री विनीता राजवंशी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया को उपस्थित ग्रामीणों ने लड्डुओं से तौलकर उसका जनता में वितरण किया।

इस मौके पर बोलते हुए लहरपुर सपा विधायक अनिल वर्मा ने देश और प्रदेश सरकार की भाजपा सरकार की कटु आलोचना की। उन्होंने महंगाई, भ्रष्टाचार, किसान, युवा, बेरोजगारी आदि की चर्चा करते हुए कहा कि सबसे अधिक आज अगर कोई परेशान है तो वह किसान है।



नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया का स्वागत करते समर्थक व अन्य

इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद आनंद भदौरिया ने उपस्थित जन समुदाय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उनकी जीत आप सब की जीत है और आपका एक-एक वोट मेरे ऊपर उधार है, जिसे हम ब्याज सहित क्षेत्र में विकास करके अदा करेंगे।

इस मौके पर प्रमुख रूप से फुरकान खान, वसीम खान, विजय वर्मा, वकील अहमद, ग्राम प्रधान जग्गन, शिबू खान, कलीम खान, बड़कन्नू ,अबरार प्रधान सहित भारी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मतभेद भुलाकर साथ रहने को राजी हुए 4 जोड़े

सीतापुर। एसपी चक्रेश मिश्र के निर्देशन एवं एएसपी उत्तरी प्रकाश कुमार के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत परिवार परामर्श केंद्र पुलिस लाइन सीतापुर में पति-पत्नी से संबंधित पारिवारिक विवादों को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र व काउंसलर ने शिकायत कर्ता व विपक्ष को सुन काउंसलिंग की। इस दौरान 4 जोड़े फूलजहां पुत्री मुनीर निवासी सिकन्दरा तालगांव, विकास कुमार पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम खरगापुर कमलापुर, राजकुमारी पुत्री स्व. प्रहलाद निवासी ग्राम बरगदिया मछरेहटा व रागिनी पत्नी दयाराम निवासी उमरा कलां रामपुर मथुरा मतभेद दूर कर एक साथ रहने को राजी हुए। काउंसलिंग के दौरान प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उनि मधु यादव, महिला आरक्षी कल्पना, आरक्षी शिवा ढाका एवं काउंसलर श्री विकास वर्मा, श्रीमती शशि कला मिश्रा, सुश्री माण्डवी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### 15 हजार का ईनामी असलहे सहित गिरफ्तार

**सीतापुर।** रामपुरकलां पुलिस ने अयोध्या पुत्र स्व. भारत पासी निवासी ग्राम असोधन थाना सिधौली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं। इसके कब्जे से 12 बोर असलहा व कारतूस भी बरामद हुआ है। कमलापुर थाने पर दर्ज गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अयोध्या पर पुलिस ने 15 हजार का ईनाम भी घोषित कर रखा है। अयोध्या पिछले दो माह से फरार चल रहा था। अभियुक्त अयोध्या सिधौली कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है जो शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है। इसके विरुद्ध कई थानों पर चोरी, नकबजनी, मारपीट, जानलेवा हमला व अवैध शस्त्र जैसे आपराधिक कृत्यों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर उसे जब्त किया जाएगा।

### असलहा समेत युवक गिरफ्तार

**सीतापुर।** खैराबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त नजीबुल्ला पुत्र मसीउल्ला निवासी ग्राम अशोढ़र थाना खैराबाद को मोतीझील मोड से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 315 बोर असलहा व कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

### अर्थिंग तार में उतरे करंट से बच्ची की मौत

**रामपुर मथुरा।** क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। बखारी ग्राम पंचायत महिमापुर निवासी पप्पू गौतम पांच वर्षीया पुत्री पायल अन्य बच्चो के साथ खेल रही थी। पास में लगे बिजली के पोल से जमीन पर उतारा गया अर्थिंग तार को पायल ने पकड़ लिया जिससे उसमें दौड़ रहे करंट के चलते तार से चिपक गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। रामपुर मथुरा विद्युत उपकेंद्र के जेई रंजीत सिंह ने बताया कि अर्थिंग के लिए एलटी लाइन से तार जमीन में डाला जाता है। हो सकता है आंधी चली है जिसकी वजह से करंट उतर आया हो जांच कराई जायेगी।

### चोरी की भैंस के साथ दो गिरफ्तार

**मिश्रिख।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित वारंटी गिरिफ्तारी अभियान के तहत आज पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने ग्राम गेगलापुर निवासी रोहित उर्फ कालिया पुत्र कल्लू, भैया लाल पुत्र रामसेवक को एक भैंस के साथ ग्राम बेलहैइया से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तो के विरुद्ध अपराध पंजीकृत करके आवश्यक कार्यवाही की गई हैं।

### शाकाहारी व सदाचारी बनें सभी लोग

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम लालपुर बाजार में शनिवार को बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों का एक सत्संग कार्यक्रम शाकाहार अपनाने, मांस मदिरा छोड़ने हेतु जागरूकता अभियान चलाने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। ग्राम लालपुर में घनश्याम गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में बाबा जय गुरुदेव के अनुयायियों को संबोधित करते हुए विश्वा से आए वक्ता रामजीवन यादव ने कहा कि सभी लोग शाकाहारी व सदाचारी बनें मांस मदिरा का प्रयोग ना करें जिसके लिए लगातार बाबाजी के अनुयाई शाकाहारी धर्म का प्रचार प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य शाकाहारी रहकर ही भगवान को पा सकता है, उन्होंने ने कहा कि मानव शरीर हमको बड़े भाग्य से मिला है इसलिए सदाचार शाकाहार अपनाकर अपने जीवन को सफल बनायें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से घनश्याम लाल गुप्ता , मोतीलाल गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, सरवन गुप्ता, जवाहरलाल, उमेश राही, प्रिंस अवस्थी, अंकित दीक्षित, सहित भारी संख्या में जय गुरुदेव के अनुयाई व भक्तगण मौजूद थे।

### दीवार बनाने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने

**रामपुर मथुरा।** क्षेत्र में शनिवार को दीवार बनाने को लेकर हुए रास्ते के विवाद में दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष में दोनो पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर सभी को मेडिकल के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बांसुरा निवासी वारिस अली तथा किस्मत अली में रास्ते को लेकर विवाद था। जिसमे वारिस अली अपने घर के पास रास्ते के बगल में अपने घर के सामने दीवाल बना रहे थे। जिसका विरोध पड़ोसी किस्मत अली कर रहे थे। जिसका आपसी सुलह समझौता भी दो दिन पूर्व दोनों पक्षों ने कर लिया था। शनिवार पुन: वही दीवाल बनाने को लेकर दोनो लोग आमने सामने आ गए और एक दूसरे पर ईट-गुम्मा तथा लाठी डंडा चलाने लगे। जिसमे एक तरफ के दानिश अली, हफीज सलीम व रिजवाना तथा दूसरी तरफ से किस्मत अली, मो. कैफ व उस्मान के सिर में गंभीर चोटें आई है। ऐसे में चोट खाए किस्मत अली ने गांव की चौकी पर तैनात दीवान अनूप सिंह पर गंभीर आरोप मढ़े हैं। आरोप है कि दीवान ने कार्रवाई न कर के बल्कि जबरन हम लोगों से सुलह समझौता करा दिया था। किस्मत बताते हैं कि दीवान अनूप सिंह की ही वजह से ही यह विवाद हुआ। प्रभारी निरीक्षक कृष्णनंदन तिवारी ने बताया कि दो दिन पूर्व दोनों पक्षों ने आपसी सुलह समझौता कर लिया था। आज पुन: दीवार बनाने को लेकर दोनो पक्षों में मारपीट हुई हैं। दोनो तरफ से तहरीर मिली है विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# जय हनुमान ज्ञान गुन सागर, जय कपीस तिहुं...

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के अंतिम शनिवार को जिले भर में कई जगह भंडारों का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भंडारों में राम भक्त हनुमान के भजनों पर भक्त आस्था में डूबे दिखाई दिए। शहर के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला समेत समिति के लोगों ने सुंदरकांड का पाठ किया। कन्या भोज के साथ भंडारे का शुभारम्भ हुआ।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री अवध नीरज वर्मा, नगर विकास राज्य मंत्री राकेश गुरु, नगर पालिका खैराबाद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, भाजपा नेता बबलू अवस्थी, विश्राम सागर राठौर, उदित वाजपेई सुधाकर शुक्ला, जया सिंह व अंकित दीक्षित समेत अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। गल्ला मंडी में मुन्ना लाल गुप्ता ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। लहरपुर के भदफर में विशाल मिश्र ने भंडारा आयोजित किया। भंडारे से पूर्व सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान सुरेंद्र मिश्र, नरेंद्र मिश्र, रवि मिश्र, सत्यम त्रिवेदी, अमन मिश्र व हर्ष त्रिवेदी मौजूद रहे। महोली में प्रमुख व्यवसाई सतीश दीक्षित ने अपने प्रतिष्ठान के सामने अंतिम शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भाजपा जिलाध्यक्ष, राज्यमंत्री व अन्य

» जेठ के अंतिम शनिवार को जगह-जगह हुआ प्रसाद वितरण

# रोचक तरीके से कराएं सुबह की प्रार्थना सभा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सीडीओ निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय व जिला टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये गये कार्यों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने कहा कि विद्यालयों में छात्रों एवं अध्यापकों की उपस्थिति में सुधार किया जाये।

उन्होंने ब्लॉक टास्कफोर्स व जिला टास्क फोर्स के अधिकारियों को निर्देशित किया कि तय लक्ष्य के अनुसार निरीक्षण करें एवं शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता व मिड-डे-मील की गुणवत्ता अवश्य देखें। सीडीओ ने निर्देश दिये कि विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जायें व निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। सर्वे कराते हुये शत-प्रतिशत नामांकन कराएं व सर्वे की जांच भी करायी जाये। डीबीटी के तहत डाटा अद्यतन करते हुये समय से डीबीटी की राशि प्रेषित कराने के निर्देश भी दिये।



बैठक करतीं सीडीओ निधि बंसल

» बैठक में सीडीओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

सीडीओ ने कहा कि प्रातःकाल प्रार्थना सभा का रोचक तरीके से आयोजन कराया जाये तथा बच्चों के लिये ज्ञानवर्धक गतिविधियां भी संचालित की जायें।

बैठक में सीएमओ डॉ हरपाल सिंह, डीडीओ हरिश्चंद्र प्रजापति, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, पीडी डीआरडीए. रामासरे सिंह, एलडीएम अनल कुमार, बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, डीआईओएस राजेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव, सहित बीडीओ व बीईओ भी मौजूद रहे।

# मोबाइल चोरी का आरोप लगा युवक को बेरहमी से पीटा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» मेला देखने आया था सदरपुर क्षेत्र का युवक, पांच पर केस

**सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र के बेलवा बसहिया गांव के दक्षिण लल्लापुर स्थान पर वार्षिक मेला चल रहा है। शुक्रवार को मेला देखने आए सदरपुर थाना क्षेत्र के जंहगीराबाद निवासी शाबान मेले में एक दुकान पर सामान खरीद रहा था। इसी दौरान सकरन थाना क्षेत्र के पिपराखुर्द निवासी इजहार ने उस पर मोबाइल चोरी की आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे।

इसके बाद इजहार के साथी आशिब, विमल कुमार निवासी भंगहा थाना सकरन, हबीब निवासी चिलवारा थाना खैराबाद, हबीब निवासी तलबीपुर थाना तालगांव आ गये और शाबान की तलासी ली मगर मोबाइल नही मिला जिस पर उक्त लोगों ने मिलकर शाबान को लात-



घूसों व लाठी-डंडों से मारने लगे। शोर सुनकर मौके पर आये अन्य दुकानदारों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। शाबान ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि पिटाई के मामले में 5 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# महीने में तीसरी बार फुंका बिजली ट्रांसफार्मर

**विश्ववार्ता संवाद**

**कल्ली चौराहा (सीतापुर)।** जानलेवा गर्मी के बीच हिचकोले लेती बिजली व्यवस्था से उपभोक्ताओं का बुरा हाल है। गोंदलामऊ ब्लॉक के कल्ली गांव में भीषण गर्मी में एक बार फिर से ग्रामीण बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर है। वजह, ट्रांसफार्मर फुंक जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो चुकी है। पिछले एक माह में यहां बिजली ट्रांसफार्मर फुंकने की यह तीसरी घटना है।

ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से करते हुए कहा कि गांव में लोड अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर जल्दी खराब हो जाते हैं। बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर लाइनमैन पर भी रुपये लेने और समय पर काम न करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।



प्रदर्शन करते ग्रामीण

» उपभोक्ताओं ने विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग की

ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया है कि विद्युत ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाए जिससे नागरिकों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति मिल सके। इस दौरान पुनीत कुमार, ब्रज बिहारी, सत्य प्रकाश, कुलदीप, दयाशंकर, खुशीराम, राजू सिंह, दीपू, तुलसीराम, अशोक कुमार व विनय समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### संचारी रोग व दस्तक अभियान को लेकर बैठक

**लहरपुर।** स्थानीय तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक सम्पन्न हुई। एसडीएम ने तहसील सभागार में आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को कार्यों व कार्य के माइक्रो प्लान को समय से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अभियान में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। सीएचसी अधीक्षक डॉ आनंद मित्रा द्वारा डायरिया पर चर्चा की गई। अखिलेश पांडे बीएमसी, सुशांत बीएमसी बेहटा व बीएमसी यूनिसेफ संदीप ने छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण व अभियान को सफल बनाने के लिए प्रधानों, शिक्षकों व सभासदों के प्रशिक्षण पर चर्चा की। बैठक में बीडीओ अरुण कुमार वर्मा आदि ने चर्चा की।

**योजना** यूनियन बैंक के मेले में फिंटेक्स इंडिया सर्विसेज का स्टॉल

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली दिलाएगी बिजली बिल से मुक्ति

» केंद्र व राज्य सरकार देती है 75 फीसदी सब्सिडी

**विश्ववववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** चांदी वाले हनुमान मंदिर के निकट स्थित यूनियन बैंक द्वारा शनिवार को वृहद लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ ब्रजेश तिवारी रीजनल हेड ने किया। ब्रांच हेड अमित गुप्ता व जिले की यूनियन बैंक की अन्य शाखाओं के ब्रांच मैनेजर भी उपस्थित रहे। मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का स्टॉल रहा।

इसे यूपी नेडा विभाग द्वारा विभाग में पंजीकृत कम्पनी फिंटेक्स इंडिया सर्विसेज द्वारा लगवाया गया। यूपी नेडा के अधिकारी कमलेश यादव परियोजना अधिकारी ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं में सम्मिलित है। इस योजना के तहत बिजली विभाग के घरेलू उपभोक्ता अपने घर पर आनग्रिड सोलर प्लांट लगाकर अधिकतम एक लाख 8000 रुपये की सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा 78 हजार एवं राज्य सरकार द्वारा 30 हजार का अनुदान शामिल है।



वृहद लोन मेले में मौजूद लाभार्थी व अन्य

यूनियन बैंक के प्रतिनिधियों ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थीगण सात प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर सोलर प्लान्ट की लागत का अधिकतम 90 प्रतिशत लोन बिना किसी आय प्रूफ के बैंक से प्राप्त कर सकते हैं। फिंटेक्स इण्डिया सर्विसेज के निदेशक रेनू पटेल ने बताया कि अल्प अवधि में ही उनकी कम्पनी द्वारा जिले के 200 से अधिक उपभोक्ताओं के यहां पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आनग्रिड सोलर प्लांट लगवायें गये हैं। इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता प्राकृतिक ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं तथा बिजली बिल के बोझ से भी मुक्त हो रहे हैं।

राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा भी इस योजना को प्रभावी बनाये जाने के लिए कई प्रयास किये गये हैं तथा 75 प्रतिशत तक सब्सिडी देकर लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित भी किया गया है।

### साहब बिजली व्यवस्था दुरुस्त करो, नहीं तो करेंगे अनशन

**सीतापुर।** भवानीपुर ग्रामीण फीडर से जुड़े हेमपुर ग्रामसभा के 11 मजरों के उपभोक्ता बिजली कटौती से त्रस्त हैं। इसको लेकर उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम को ज्ञापन दिया है। जिसमें कहा गया है कि इस समय गन्ना व धान की फसलों में सिचाई की आवश्यकता है। हम लोगों के गांव में 10 दिन से बिजली आपूर्ति नही हो रही है। फील्ड पर तैनात आपके कर्मचारी हम किसानों का न तो फोन उठाते है और न ही कोई सुनवाई करते है। हेमपुर ग्राम सभा के मजरा गंगेई में लगभग 2000 की आबादी है। 100 से ऊपर विद्युत कनेक्शन भी हैं फिर भी गांव में 63 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा है, जो कि क्षमता के अनुसार कम है। जिससे पूरे गांव में बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गांव में जो विद्युत लाइन बिछी है उसमें नंगे तार है। वो भी बहुत ही जर्जर होने से आये दिन टूट जाते हैं। जिससे कई अप्रिय घटनायें हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं का कहना था कि कई बार लिखित व आनलाइन शिकायत की जा चुकी है, फिर भी कोई कार्यवाही नही हुई है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि बिजली आपूर्ति में सुधार न हुआ तो वह लोग अनशन करने को मजबूर होंगे।

## एक नजर

### गैंगस्टर व दुष्कर्म के वांछित अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बीघापुर उन्नाव।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था को देखते हुए पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट व अन्य आपराधिक धाराओं में वांछित युवक व दुष्कर्म के आरोपी दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बीघापुर क्षेत्र में लगातार शान्ति व्यवस्था को देखते हुए। पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट व आपराधिक अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित लगातार फरार चल रहा उत्तम सैनी पुत्र नन्हके उर्फ ओम प्रकाश निवासी ग्राम केवाना थाना अजगैन व दुष्कर्म के दो युवक छोटू उर्फ अंकित पुत्र राजन सविता, टोनी उर्फ विवेक कुमार पुत्र राजन सविता निवासी शास्त्री नगर कस्बा बीघापुर को गिरफ्तार कर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### धोखाधड़ी कर जमीन लिखवाने का युवक ने लगाया आरोप

**हसनगंज उन्नाव।** तहसील क्षेत्र मिर्जापुर अजगांव निवासी पृथ्वी पाल पुत्र जगन्नाथ ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया की आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे दस बिसुवा जमीन विजय निगम पुत्र रमेश चंद्र के हाथों बेची थी। लेकिन रमेश चंद्र ने कागजों में हेरा फेरी कर दूसरा गाटा संख्या डालकर करोड़ो कीमत की दस बिसुवा जमीन की लिखा-पढ़ी करवा ली, पीड़ित किसान ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

### युवती ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**हसनगंज उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव का निवासी युवक आए दिन छेड़खानी करता है। कई बार परिजनों ने लोग लज्जा के डर से थाने में शिकायत करने से मना कर दिया। उसके बावजूद शुक्रवार को फिर से रास्ते में रोककर छेड़खानी करने लगा। जिससे परेशान होकर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवती ने तहरीर दी है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### जहरीले कीड़े के काटने से वृद्ध की मौत

**औरास उन्नाव।** थाना क्षेत्र आसीवन के अंतर्गत दुर्गा गढ़ी के रहने वाले कल्लू पुत्र पोह कर को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जानकारी पर परिजन एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया। जहां रास्ते में ही कल्लू की मौत हो गई।

### विकास कार्यों को लेकर हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

**सफीपुर उन्नाव।** विकास खंड की क्षेत्र पंचायत की बैठक क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर की उपस्थिति एवम ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में विकास खंड सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में लगभग चार करोड़ पचास लाख रुपए की विकास कार्यों के प्रस्ताव ग्राम प्रधान/क्षेत्र पंचायत सदस्यों के शामिल कर वित्तीय वर्ष 2024₹2025 की कार्य योजना बनाएं जाने पर सहमति बनी खंड विकास अधिकारी सुश्री श्वेता त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) छोटेलाल सहित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य सहित विकास खंड कर्मी मौजूद रहे। बैठक में महिला जनप्रतिनिधियों के स्थान पर उनके प्रतिनिधि पुत्रो एवम पतियों ने शामिल होकर महिला अधिकारों पर सवालिया निशान खड़ा किया। क्षेत्रीय विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवम सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार बिना किसी पक्षपात के विकास के लिए संकल्पित है बिना पक्षपात के सभी के द्वारा प्रस्तुत विकास के प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे।

### मनरेगा इस वित्तीय वर्ष में सृजित करेगा 1169185 श्रमिक दिवस

**कानपुर।** मनरेगा को इस वित्तीय वर्ष में 11 लाख 69 हजार 185 श्रमिक दिवस सृजित करने का लक्ष्य मिला है। हालांकि अब तक 2 लाख से अधिक श्रमिक दिवस पूरा कर लिया गया है। यह जानकारी शनिवार को उपयुक्त श्रम रोजगार कानपुर नगर डीसी मनरेगा सुधा शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने कानपुर नगर के दसो ब्लाक के मनरेगा के मजदूरों को रोजगार गारंटी योजना के तहत 11 लाख 59 हजार 185 श्रमिक दिवस सृजित करने का लक्ष्य दिया है। जिसे पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सरकारी विकास कार्यो में लगाकर मनरेगा मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार आने वाले कुछ माह बाद यह लक्ष्य बढ़ा सकती है। मनरेगा मजदूरों सबसे पहले महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार महिलाओं को मजबूत करने के लिए यह प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य में से ही प्रस्तावित पौध रोपण के लिए गड्ढे भी मनरेगा मजदूरों के माध्यम से तैयार कराती है। इसके साथ कच्चा मिट्टी की खुदाई का जो भी कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में कराया जाता है, उसमें भी मनरेगा के मजदूरों को लगाया जाता है। इसी लक्ष्य में से आने वाले प्रधानमंत्री आवास के निर्माण लगने वाले मजदूरी भी उपलब्ध करा रही है।

# नगर में एकसाथ 15 मवेशियों के शव मिलने से फैली सनसनी

## खाली पडे प्लाट में मिले शवों से, बदबू आने पर हुई जानकारी, बजरंग दल ने किया हंगामा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** नगर के सीसामऊ नाले पर स्थित स्लाटर हाउस के पास बंद पडे खाली प्लाट में 15 मरे हुए मवेशियों के मिलने से सनसनी फैल गयी। बन्द पडे प्लाट से बदबू आने पर लोगों को इसकी जानकारी हुई और यह खबर आग की फैलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने गोकशी का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंच गई। उसके साथ कई थानों की फोर्स भी मौजूद रही थी। पुलिस ने भीड़ को समझा - बुझाकर शांत कराया। कर्नलगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच भी शुरू कर दी। गौरतलब है कि मरे हुए मवेशियों को डंप करने के लिए पनकी में जगह बनी है, तो फिर यहां पर कैसे मवेशियों के शवों को फेंका गया है। इन सभी तथ्यों पर जांच की जा रही है। नगर निगम की भी एक टीम मौके पर जांच करने पहुंची है। मामले में कर्नलगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आखिर किस मंशा से यहां पर मृत मवेशियों को डंप किया गया था। यहां पर मवेशियों को अवैध तरीके से काटा तो नहीं जा रहा इसकी भी जांच की जा रही है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया, सीसामऊ नाले के पास स्लाटर हाउस की खाली जमीन पर मवेशियों के मृत पड़े होने की सूचना मिली थी।

इसके बाद कर्नलगंज, कोहना और ग्वालटोली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार की जांच में सामने आया है कि यहां गाय, भैंस, घोड़ा, गधा, समेत अन्य मृत मवेशियों को नाले के किनारे खाली जमीन पर डंप किया गया है। बकरीद पर कुर्बानी पर निकला भारी कचरा भी यहां पर जमा किया गया था। मवेशियों का शव मिलने की जानकारी होने पर बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी भी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने गोकशी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। एसीपी ने उन्हें एफआईआर दर्ज करके मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया तब जाकर हंगामा शांत हो सका।

## गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर से पूरा करवाया जाये : डीएम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** जिन विकास खंडों में नए गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है उनको युद्ध स्तर से पूरा करवाया जाए और उनके केयर टेकर को मानदेय का भुगतान समय से किया जाए। ये निर्देश शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में निराश्रित और बेसहारा गोवंश संरक्षण सम्बन्धी जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन करते हुए समीक्षा समिति की बैठक में जारी किए। बैठक के दौरान उन्होंनें अपने मातहत अधिकारियों को गोवंश आश्रय स्थलों में भूसे की उपलब्धता,हरा चारा ,पेयजल उपलब्धह कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जनपद के सभी विकास खंड़ों में अतिरिक्त निर्माणाधीन अस्थाई गौवंश आश्रय स्थलों के निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई।

समीक्षा बैठक में गोवंश आश्रय स्थलों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हरे चारे की उत्पादन हेतु चारागाह की भूगि का चिन्हांकन, सम्बद्धीकरण कराते हुए साबत चारागाह की भूमि पर नेपियर और हरे चारे की बुआई करायी जाए। गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु फण्ड रिक्वेस्ट की अद्यतन स्थिति सुनिश्चित की जाए। गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश को भीषण गर्मी ,लू से बचाव हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जनपद में संचालित समस्त वृहद, अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलों में साफ सफाई तथा वृहद वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन विकास खंड़ों में नवीन गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा रहा है उन सभी विकास खंड़ों में युद्ध स्तर में गोवंश आश्रय स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया सभी संचालित गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंशों को हरा चारा, पेयजल तथा भूसे की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक 15 दिनों में समन्वय बैठक कर, गोवंश आश्रय स्थलों में आ रही समस्याओं का समाधान करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार, उप जिलाधिकारी प्रखर कुमार सिंह, जिला पशुचिकित्सा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पिता ही निकला बेटे का कातिल, हत्या में प्रयोग किया जाने वाला हथियार बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** हनुमंत विहार थाने की पुलिस आशा नगर मोहल्ले में कारपेंटर की हत्या मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में पिता को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने हत्या में प्रयोग किया जाने वाला हथियार बरामद किया। पुलिस का कहना है कि प्रॉपर्टी बेचने का विरोध करने की वजह से पिता ने ही बेटे को मौत के घाट उतार दिया। यह जानकारी शनिवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के आशा नगर निवासी राकेश विश्वकर्मा है। आरोपित की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी का पटरा बरामद किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 20 जून की सुबह हनुमंत विहार थाने की पुलिस को आशा नगर निवासी राकेश विश्वकर्मा ने सूचना दिया था कि उसका बड़ा बेटा सुभाष विश्वकर्मा कमरे के अन्दर मृत पाया गया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान मामला संदिग्ध लगने की वजह से फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया था।

इस संबंध में मृतक की पत्नी नन्द कुमारी की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू की गई। जांच के दौरान हत्या का राज खुल गया और पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि पिता के बाद सुभाष विश्वकर्मा सबसे जिम्मेदार था, जो घर की प्रॉपर्टी बेचने का विरोध कर था। यह बात राकेश विश्वकर्मा को नागवार गुजरी और बेटे को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाकर घर में रखे लकड़ी के पटरी से हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करता रहा। हालांकि वह पूछताछ के दौरान टूट गया और उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## रिक्त पड़े सभासदों के वार्डो में संपन्न कराया जाएगा चुनाव

**हसनगंज उन्नाव।** मोहान नगर पंचायत की दो वार्डो से बीमारी के चलते सभासदों की मौत हो गई थी। जिस पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उपचुनाव कराया जा रहा है। शनिवार को तहसील के निर्वाचन कार्यालय में 9 नामांकन पत्र की बिक्री हुई।

नगर पंचायत मोहान के वार्ड नंबर दो अजमत गढ़ी से शांति देवी व वार्ड नंबर 4 कजियाना मोहल्ला से प्रकाश रावत सभासद थे। जिनकी बीते माह बीमारी के चलते मौत हो गई थी। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दोनों वार्डो के उपचुनाव कराया जा रहा है। शनिवार को 9 नामांकन पत्र की बिक्री हुई। जिसमें वार्ड नंबर 2 से बुद्धेश्वरी, केसर जहां, अर्चना गुड़िया व वार्ड नंबर 4 से मनोज, सुरेश, विशाल, आजाद, सुनीता सहित अन्य ने पर्चे खरीदे। जिसमें 26 तारीख को पर्चा वापसी, 27 तारीख को चुनाव चिन्ह वितरण 8 जुलाई को मतदान 10 जुलाई को मतगणना होगी।

## योग दिवस पर स्कूलों में नहीं पहुंचे शिक्षक



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव।** प्रत्येक वर्ष जून के महीने में योग दिवस मनाया जाता है। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।इस दिन देश-विदेश में सभी अपने जीवन का मुख्य समय योग करने के लिए निकालते है। इस दिन भारत देश के प्रधानमंत्री मोदी समेत आमजन भी योग करते हुए लोगों को संदेश देते है कि ये जीवन के लिए कितना जरुरी है। हर दिन योग करने वाले लोगों को फिट देखा जाता है। योग करनें से अधिक उम्र में भी जवान रहा जा सकता है। शरीर का वजन भी सामान्य रहता है।

उन्नाव जनपद के विभिन्न शिक्षा क्षेत्रों समेत सरकारी एवं प्राइवेट कार्यालय स्कूलों में आज 21 जून को योग करनें के लिए उच्चाधिकारियों नें आदेशित किया था। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग के लिए डीजी कंचन वर्मा ने जनपद के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को प्रत्येक परिषदीय एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में योगा करनें के लिए निर्देशित करते हुए विद्यालय में साफ सफाई, बच्चों के लिए पानी की उचित व्यवस्था एवं मिष्ठान्न की व्यवस्था करनें का आदेश दिया था। लेकिन फतेहपुर चौरासी शिक्षा क्षेत्र हफीजाबाद अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अहमदाबाद सेन नगर, प्राथमिक विद्यालय उरैयनखेड़ा, बरधाई समेत कई विद्यालय बन्द मिले। उन्हीं विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से जब योग दिवस पर विद्यालय खुलने की जानकारी ली गई तो बच्चों नें बताया कि इस समय छुट्टी चल रही है। विद्यालय बन्द है शिक्षक नहीं आए हैं। वहीं बहादुर खेड़ा,के ग्रामीण नें बताया कि जो हमारे गांव में शिक्षामित्र हैं उन्होंने विद्यालय खोला कानपुर एवं उन्नाव से आने वाले मास्टर जी नहीं आए हैं। क्षेत्र के कुछ विद्यालयों में जहां विद्यालय खोलकर योग दिवस का कार्यक्रम मनाया भी गया उन विद्यालयों में भी सभी शिक्षक उपस्थित नहीं हुए।

**बोले डीएम**

आईएएस गौरांग राठी ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। विद्यालयों को चिन्हित कर विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अफगानिस्तान की घरेलू सीरीज का आयोजन भी कर सकता है ग्रीनपार्क

### अफगान क्रिकेट बोर्ड की सिफारिश को मिली यूपीसीए से मंजूरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** तीन साल बाद ग्रीनपार्क स्टेडियम में एक अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच मिलने के बाद से ही कानपुर में जुलाई-अगस्त में दो देशों के बीच न्यूट्रल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज आयोजित किये जाने की संभावनाओं को बल मिल गया है। बीते दो दिन पूर्व ही बीसीसीआई ने भारत और बांग्लादेश के मध्य दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे मैच की मेजबानी कानपुर को सौंपी है।

यह मैच 27 सितंबर से खेला जायेगा। यह पहला मौका होगा जब बांग्लादेश की टीम कानपुर में खेलेगी। हालांकि इससे पहले भी बांग्लादेश की टीम अफगानिस्तांन के खिलाफ जुलाई-अगस्त में भी यहां खेलती हुई दिखायी पड़ सकती है। अफगानिस्तान की टीम के एक खिलाडी ने पत्रकारों को यूपी को अपना होम क्रिकेट बोर्ड बताया था जिसके बाद से यह संभावनाओं को बल मिल गया था कि अफगानिस्तान अपने होम क्रिकेट बोर्ड के किसी भी मैदान में और किसी भी टीम के साथ सीरीज खेल सकती है।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि मई के महीने में अपनी अंतरराष्ट्रीय सीरीज को उत्तर प्रदेश में कराने की अपील की थी। जिसके बाद उन्हें कानपुर में ग्रीनपार्क या नोएडा के स्टेडियम में यह सीरीज कराने को लेकर स्वीकृति दे दी है। यह सीरीज अफगानिस्तान और बांग्ला देश के मध्य जुलाई-अगस्त माह में खेली जायेगी। गौरतलब है कि अफगानिस्तान की टीम पहले भी लकनऊ स्थित इकाना स्टेडियम के अलावा देहरादून में अपनी क्रिकेट सीरीज का आयोजन कर चुका है। ग्रीनपार्क में पिछले तीन वर्षों से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुआ था इसलिए यहां लगातार क्रिकेट प्रेमियों में निराशा छाने लगी थी। इसी क्रम में भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट मैच मिलने के बाद उत्तर प्रदेश अफगानिस्तान को अपनी घरेलू सीरीज कराने की अनुमित प्रदान की गयी है। हालांकि इस सीरीज को कानपुर या नोएडा में कराने को लेकर सहमति बन चुकी है। चूंकि अफगानिस्तान का होम क्रिकेट बोर्ड अब यूपीसीए ही देख रहा है तो उसे मैदान भी तय करना होगा, अब देखना यह होगा कि यह सीरीज का आयोजन यूपी के किन मैदानों पर कराता है।

## यूपीकैटेट-2024 का परिणाम घोषित, स्नातक में शिवम यादव ने किया टॉप

### मास्टर आफ एग्रीकल्चर में पवन मिश्रा रहे अव्वल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा 2024 (यूपीकैटेट-2024) का परीक्षा परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया। जौनपुर के शिवम यादव ने स्नातक के सभी ग्रुपों में टॉप किया तो वहीं मास्टर आफ एग्रीकल्चर में वाराणसी के पवन मिश्रा अव्वल रहे।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति आनंद कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुशीनगर में प्रवेश के लिए यूपीकैटेट-2024 परीक्षा 11 और 12 जून को कराई गई थी। यह प्रवेश परीक्षा विभिन्न पाठ्यक्रमों के 3354 सीटों के लिए कानपुर सहित 11 जनपदों में आयोजित हुई थी। विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए 17,274 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण किया था व 15724 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। स्नातक में 12390 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 11201 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। मास्टर्स में 3384 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 3152 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। एम.बी.ए. में 442 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 400 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये। पी.एच.डी. में 1058 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया तथा 971 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुये।

कुलपति ने बताया कि 22 जून यानी आज शनिवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही की उप स्थिति में यूपीकैटेट-2024 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान संबंधित कृषि विश्वविद्यालयों के सभी कुलपति मौजूद रहे। परीक्षा परिणाम के मुताबिक स्नातक के चारों ग्रुपों में संयुक्त रुप से जौनपुर के शिवम यादव ने टॉप किया। इसके साथ ही फिजिस्क कमेस्ट्री बायोलॉजी में भी उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया।

फिजिस्क केमिस्ट्री मैथ में शामली जनपद के अभिनव वर्मा, पीएजी में सुल्तानपुर के विशाल, पीएचएस में सुल्तानपुर की रश्मि अव्वल रही। इसी प्रकार परास्नातक ग्रुप में एम.एच.एस में प्रयागराज की वैष्णवी सिंह, एमएजी में वाराणसी के पवन मिश्रा, एमवीएस में शाहजहांपुर के अनुराग पटेल, एमटीए में आगरा के दिव्यांशू सिंह, एमटीएम में जौनपुर के सौरभ यादव, एमटीवी में मुजफ्फरनगर के सागर बालियान, एमएफएस में उन्नाव के देवाग्य प्रताप सिंह और एमएफआर में जलौन के युवराज सिंह ने टॉप किया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

इस मौके पर उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष अग्निशमन विभाग द्वारा समय से एनओसी प्राप्त न होने पर उद्योग अवस्थापना हेतु जमीन का पजेशन न मिलना, भूमि विनियमितीकरण में देरी, औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग, प्रॉपर डेनेज, नाला-नालियों की साफ-सफाई, क्षतिग्रस्त सड़क निर्माण, स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत, औद्योगिक भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने आदि समस्याएं रखी गयी। समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यमियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व घालमेल पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। औद्योगिक भूमि पर अराजक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत को लेकर सीओ सिटी को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण कर सम्बन्धित अराजक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करे। औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या को लेकर डीएम ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि औद्योगिक फीडर से लगे गॉवों की लाईनों को अलग करते हुए उद्योगों को निर्बाध विद्युत सप्लाई उपलब्ध करायी जाए। बन्थर औद्योगिक एरिया में जाने हेतु उद्यमियों द्वारा कट की मॉग पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एनएचएआई से सम्पर्क कर जल्द ही कट बनवाया जायेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उद्यमियों से कहा कि यह शहर आपका है और इसको सुन्दर और स्वच्छ बनाये का दायित्व हम सबका है इसलिए सभी उद्यमी अपने औद्योगिक क्षेत्र को सुन्दर व आकर्षक बनाये तथा शहर को भी सुन्दर व आकर्षक बनाने में भी अपना सहयोग प्रदान करे। उन्होने यह भी कहा कि आगामी वृक्षारोपण अभियान में समस्त उद्यमी अपने-अपने क्षेत्र में बृहद वृक्षारोपण सुनिश्चित कराए ताकि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या से लोगो को राहत मिल सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, उपायुक्त उद्योग सुरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता शारदा नहर शैलेश कुमार सिंह सहित समस्त उद्यमी व सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

**सुनवाई** 23 मामले राजस्व के जबकि 3 मामले पुलिस के रहे जिसमे राजस्व के 4 मामलो का मौके पर निस्तारण हो सका

# एसडीएम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पुरवा उन्नाव।** कोतवाली परिसर मे उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस। जिसमे कुल 25 मामले आये। जिसमे 23 मामले राजस्व के जबकि 3 मामले पुलिस के रहे जिसमे राजस्व के 4 मामलो का मौके पर निस्तारण हो सका। यासमीन पत्नी सोफियान मोहल्ला मसवासी निवासिनी ने शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसकी शादी सोफियान पुत्र दीन मोहम्मद के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। जिसमे उसके पिता द्वारा सामार्थ्य भर दान दहेज दिया था। लेकिन अधिक दहेज के कारण ससुरालीजन गाली गलौज व मारपीट करते रहे। दिनांक 30/5 को ससुरारी जनों ने गाली-गलौज मारपीट वा सारे जेवर छीन कर घर से भगा दिया। तबसे वह अपने मायके मे रह रही है।

इस दौरान सीओ सोमेंद्र विश्वास, कोतवाली प्रभारी कुँवर बहादुर सिंह, महिला हेल्प डेस्क सहित लेखपाल प्रशांत अवस्थी, दिनेश कुमार पटेल, आशू सिंह, मर्दन सिंह, अखिलेश कुमार मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में संपन्न समाधान दिवस



**औरास उन्नाव।** शासन के निर्देशानुसार औरास थाने में थाना प्रभारी रेखा सिंह व नायब तहसीलदार पुष्पा यादव की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे थाना समाधान दिवस में कुल इक्कीस शिकायते आई जिनमे अधिकांश राजस्व से संबंधित थी। वही समाधान दिवस में आई शिकायतों को संबंधित को देकर जल्द से जल्द आख्या उपलब्ध कराने को कहा गया। वही इस संबंध में नायब तहसीलदार पुष्पा यादव ने बताया कि थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को संबंधित को देकर जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। वही इस मौके पर नायब तहसीलदार पुष्पा यादव, थाना प्रभारी औरास रेखा सिंह, हरिश्चंद्र सिंह उपनिरीक्षक, राममोहन सिंह उपनिरीक्षक, इरफान अहमद, दीवान प्रेम नारायण पाण्डेय, बाबा दीन, प्रेम शंकर पाल, रघुबीर सिंह महिला सिपाही अंजली शर्मा के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में सुनी गई शिकयातें



**बांगरमऊ उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु आज महीने के चौथे शनिवार को थाना परिसर में समाधान दिवस (थाना दिवस) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन सामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनी गयीं। आज फरियादियों की थाना दिवस में काफी भीड़ रही। क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार भी थाना दिवस में कुछ समय के लिए उपस्थित रहे। उन्होंने थाना दिवस में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया, नायब तहसीलदार दीपक गौतम, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सहित सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों के अलावा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कार्रवाई की जगह बदल दिये गए थाने

**रायबरेली।** अपराध पर लगाम लगाने में नाकाम दो थानेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह उनके थाने में प्रवर्तन किया गया है।जिसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है।एसपी ने लालगंज थाना प्रभारी रहे षिवषंकर सिंह को सरेनी का प्रभारी निरीक्षक पद पर तबादला किया है जबकि सरेनी के थाना प्रभारी रहे संजय सिंह को लालगंज थाना का प्रभारी बनाया गया है।जिसमें लालगंज क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बहुत बड़ा था जिसमें यहां के लोगों का उम्मीद था कि कार्रवाई होगी लेकिन उनको प्रभार ही दूसरे थाने का दिया गया।

### तीन वर्षीय मासूम अचेत मिला, गंभीर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव छतौनामरियानी निवासी अपूर्वा 3वर्ष अपने घर पर अचेत मिली जिसको परिजन के द्वारा सीएचसी में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि मासूम की हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### मारपीट में तीन लोग घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव भानतालाब निवासिनी ननकी देवी 55वर्ष पत्नी ननकू व आषा देवी 42वर्ष पत्नी अमरबहादुर, दिपाजंलि 16वर्ष पुत्री अमरबहादुर को मारपीट में चोट आने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है।तीनो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लिखित तहरीर मिलने पर विभागीय कार्रवाई किया जाएगा।

### जहरीले जन्तु ने डसा, महिला की हालत गंभीर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव माधवपुर सुल्तान निवासिनी नीतू 35वर्ष पत्नी अरविंद तिवारी को उनके ही घर के निकट फूसफास साफ करते दौरान जहरीले जन्तु ने उनको डस लिया।जिसके बाद उनकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना के गांव खुर्रमपुर निवासी सुनील कुमार 27वर्ष पुत्र दुलारे मार्गदुर्घटना में गंभीर घायल होने के बाद उनके सीएचसी में भर्ती किया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच करवाने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

### दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** बछरावां थाने की पुलिस ने दो वांछितों को मारपीट;बल्वा व घायल की उपचार के दौरान मौत होने जैसे संगीन मुकदमें में गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि वांछित सउद उर्फ महफूज पुत्र जिब्राइल निवासी ग्राम पूरे दौलत मजरे रोखा थाना डीह व जिब्राइल पुत्र दलमीर निवासी गांव पूरे दौलत को लोहे की राड व बांस का डंडा के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

### पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**रायबरेली।** ज्येष्ठ माह के समाप्त होने पर शनिवार के दिन पूर्णिमा होने पर जिले के गेगासो;डलमऊ व गोकना गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का स्नान हेतु तांता लगा हुआ था।जिसमें गंगा स्नान के बाद पूजा पाठ किया गया जिनके अलावा अन्य गंगा घाटों में भी स्नान व पूजा पाठ क आयोजन किया गया।पूर्णिमा के पर्व पर जगह जगह पर भण्डारा व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### बही इन्द्र की कृपा; जिसके बाद रहीं तपन

**रायबरेली।** शुक्रवार व शनिवार की मध्य रात्रि आंधी तुफान था।जिसमें आंधी तुफान के बीच हुए पहली बार झमाझम वर्षात से मौसम खुषनुमा हो गया। जिसमें मौसम के कारण दिन में धूप खिलने के बाद तपन जमकर रही जिससे दोनो मौसम के बीच संक्रामक रोग फैलने के आसार बढ़ गए है जबकि बदलते मौसम से शनिवार की सांयकाल फिर काले बादल छा गए थे।आंधी पानी से शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक भारी नुकसान हुआ।विद्युत व्यवस्था भी शहर से लेकर ग्रामीणांचल तक की चरमरा गई।लेकिन किसानो ने वर्षात के पानी को खेतों के लिए फायदेमन बताया है।

### 10 मामलों में एक का भी नहीं हुआ निस्तारण

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना में शनिवार के दिन तहसीलदार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन हुआ।जिसमें कुल दस षिकायते आई है।तहसीलदार दीपिका सिंह ने सभी षिकायतें टीम के साथ निस्तारण होने वालों में होने पर उनको निस्तारित करने के लिए टीम को दिषा निर्देष दिया है।

### क्लीनिक पर युवक की मौत

**रायबरेली।** शिवगढ़ थाना के गांव बारीखेड़ा निवासी देवीदीन 40वर्ष की एक क्लीनिक में उपचार के दौरान मौत हो गई है, जिसमें मृतक के भाई आषीष कुमार ने क्लीनिक के संचालक व अन्य स्टाप पर गंभीर आरोप लगाया है।उधर सीएमओ ने बताया कि प्रकरण की जांच किया जाएगा।

### दो पक्षों में घमासान, 9 के खिलाफ केस दर्ज

**रायबरेली।** महराजगंज थाना क्षेत्र के गांव बरीगोहन्ना में घर के दरवाजे पर कुत्ते द्वारा लैट्रिन कर देने की बात को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए पहले तो दोनों पक्षों में वाद विवाद हुआ, फिर एक दूसरे के बीच हाथापाई शुरू हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर एक दूसरे के विरुद्ध 9 के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू करती है।

### करंट की चपेट में आई महिला झुलसी भर्ती

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खंदारीपुर निवासिनी रेखा पंखा चलाने हेतु विद्युत बोर्ड में प्लग लगाते दौरान करंट की चपेट में आकर झुलस गई जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी में परिजनों ने भर्ती कराया है। सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

### किसानों को नही मिल पा रही है डीएपी खाद

**रायबरेली।** जिले के अधिकांष साधन सहकारी समितियों से डीएपी खाद तक नदारद होने पर धान व अन्य सीजनी फसलों के लिए दिक्कत उत्पन्न हो रहा है।जिसको लेकर किसान आए दिन सहकारी समितियों का चक्कर काट रहा है।किसानों की समस्या को निजात दिलवाने में अधिकारी की लचरपना सामने आ रहा है।जिसमें किसानों ने डीएपी खाद समितियों में भेजने की मांग किया है।

### दरोगा को किया गया लाइनहाजिर

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाने में चल रहे लूटघसूट के मामले में लगे आरोप में वीडीओ वायरल होने के बाद एसपी ने हल्का नंबर एक के दरोगा मोहित देवल को लाइन हाजिर कर दिया है।जिससे यहां की खाऊ कमाऊ लूट घसूट का वीडीओ थाने में चल रहे रिति रिवाज के बारे में काफी है।थाने में जमकर दलाली का खेल खेला जा रहा है जहां पर आने वाले प्रत्येक तहरीर पर बोली लगती है जिसकी सीबीआई जांच हो जाए तो बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा होने के साथ साथ बड़ी कार्रवाई होना तय है।यहां पर तैनात सिपाही से लेकर अफसर तक के बैंक खाते चेक हो जाए तो उसमें कुछ ही पैसा निकालते है नही तो अधिकांष अपने ऊपरी खर्च से ही सारा खर्च चला रहे है।सीओ ने बताया कि जांच प्रारंभ है।

### चोर को बाइक,नगदी;जेवरात समेत किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** थाना महराजगंज की पुलिस ने चोरी की बाइक व 5080रूपए नगदी व दो जोड़ी पायल;नाक की कील;मंगलसूत्र;चैन;झुमके;दो मोबाइल के साथ राहुल पुत्र रामदयाल निवासी ग्राम मोहनगंज थाना षिवगढ़ को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया जबकि उसकी बाइक सीज कर दिया गया है।

### हत्या के वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**रायबरेली।** हरंचदपुर थाना की पुलिस ने दिनेषपाल पुत्र लल्लूपाल निवासी टेरीमनियाटीकर को हत्या के मुकदमें में वांछित चलने पर गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

# अवधेश सिंह सड़क हादसे में बाल-बाल बचे

## पिकप ड्राइवर नींद में नियंत्रण खो बैठा, इंडीवर में मारी टक्कर, एयरबैग खुलने से पांच सवार सुरक्षित

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह शनिवार को सुबह तड़के सड़क हादसे में बाल बाल बच गए। इंडीवर गाड़ी में अवधेश सिंह सहित पांच लोग सरकारी गनर भी सवार थे।

जानकारी के अनुसार दिनेश प्रताप सिंह के तीसरे भाई अवधेश सिंह सिविल लाइन पंचवटी स्थित अपने आवास से सुबह तड़के डलमऊ गंगा स्नान करने के लिए जा रहे थे कि उनकी इंडीवर गाड़ी यूपी बीके 1777 जैसे ही सई नदी पार किया तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित महिंद्रा पिकअप (लोडर) का ड्राइवर नींद में होने के कारण अपना नियंत्रण खो बैठा और इंडीवर के पिछले हिस्से में जोर दार टक्कर मारी जिसको बचाने में इंडीवर गाड़ी अचानक पलट गई और उसके चारों पहिए पलट गए





लेकिन इंडीवर में सवार सभी पांच लोग बाल बाल बच गए अन्यथा बड़ा हादसा होते होते बच गया। सड़क हादसा देखकर राहगीर दांतों तले उंगली दबा रहे थे और अवधेश सिंह सहित सभी लोगों के गाड़ी से सुरक्षित बाहर आने के लिए इसको ईश्वर की बड़ी कृपा मान रहे है। बताते चलें कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह काफी समय से मां गंगा में स्नान करने के लिए प्रत्येक पूर्णमासी को जाते हैं। इतने बड़े हादसे के बावजूद भी अवधेश सिंह हिम्मत नहीं हारे और वे दूसरी गाड़ी मंगवा कर थोड़ी देर में गांग स्नान करने के लिए चले गए।

राहगीर अशोक ने बताया कि सड़क हादसा भोर में लगभग पांच बजकर दस मिनट के आस पास हुआ है। गलीमत यह रही कि दुर्घटना होते ही इंडीवर गाड़ी पलटने पर एयर बैग खुल गया जिससे सभी यात्री बाल बाल बच गए। राहगीर ने बताया कि इंडीवर के ड्राइवर चंद्रभान यादव की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते टल गया और उसमें सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। भदोखर पुलिस ने पिकप के ड्राइवर के विरुद्ध विधिक कारवाई की गई है।

# जिम्मेदार नदारद अधीक्षक को नहीं है अस्पताल की व्यवस्थाओं का ख्याल

» सीएचसी में मौजूद स्टाफ किसी की नहीं सुनती हैं नर्सें : सीएमओ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** आए दिन सीएचसी अधीक्षक, डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों के कारनामों से चर्चा में बना रहने वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां एक बार फिर तब चर्चा का विषय बन गया, जब समय पर अपने कमरे से नदारद अधीक्षक साहब को यह भी नहीं पता है कि अस्पताल के अंदर किस वार्ड में क्या व्यवस्था है और क्या नहीं है। विदित हो कि जब शनिवार की सुबह तकरीबन 11 बजे के आसपास संवाददाता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां की अव्यवस्थाओं को मद्देनजर रखते हुए अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो महिला वार्ड में प्रसूताओ के बेड से चादरे गायब मिली, वही वार्ड के बाहर पानी के लिए लगाया लगा आरो फ्रीजर भी शोपीस बनकर तीमारदारों के धूम्रपान के थूकने की जगह बन गया है। वहीं अस्पताल की समस्या के संबंध में जब संवाददाता ने दूरभाष के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है बेड पर चादर हैं और पानी की भी कोई समस्या नहीं है। तत्पश्चात संवाददाता में दूरभाष के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉक्टर वीरेंद्र सिंह से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि महिला वार्ड में चादरों के न होने पर स्टाफ नर्सो की कमियां है, साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि वहां पर मौजूद स्टाफ नर्से किसी की भी नहीं सुनती है और ठंडे पानी के आरो प्लांट को जल्द ही दुरुस्त कराने की बात कहीं। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि महज 48 घंटे पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निरीक्षण के बाद अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रही है जो कहीं न कहीं सीएचसी अधीक्षक के साथ-साथ उनके डॉक्टरों एवं अन्य स्टाफ के कारनामों को उजागर करते हुए प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जोर का तमाचा जड़ने का काम कर रही है।

### अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायबरेली।** नगर कोतवाली पुलिस ने ग्यारह सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इरफान पुत्र अहसान निवासी तिलियाकोट कोतवाली रायबरेली को ग्यारह सौ ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है।जिसके खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।

### चोरी की चार बाइक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**रायबरेली।** नगर कोतवाली पुलिस को बाइक चोरी करके उनके नाक पर दम करने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विनय साहू पुत्र मोहनलाल साहू निवासी बिबियापुर कोतवाली नगर को चोरी की चार बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है।जिनके खिलाफ संबंधित धारा में अभियोग दर्ज करके जेल भेज दिया गया है।बरामद बाइकों को उनके स्वामियों को पता करके उनको सूचित किया जाएगा।

# खुश रहने के लिए योग अपनाएं : प्रफुल्ल त्रिपाठी

» मातृभूमि सेवा मिशन इकाई के तत्वाधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर का समापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** वर्तमान समय में अपनी व्यस्त जीवन शैली के कारण लोग संतोष पाने के लिए योग करते हैं। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है, बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। योग के फायदे से आज सब ज्ञात है, जिस वजह से आज योग विदेशों में भी प्रसिद्ध है। जीवन में खुश रहने के लिए योग को अपनाना चाहिए। यह उदगार मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त किए। संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगस्त्र और स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया। वहां उपस्थित सभी मातृशक्तियों के द्वारा अतिथि को पुष्पगुच्छा देकर भेंट किया। संस्था के द्वारा तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर में आए हुए सभी लोगों को मुख्य अतिथि के हाथों से योग का प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो)वितरित की गई। तीन दिवसीय योग दिवस कार्यक्रम का समापन कर रहे समाजसेवी रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि जनपदवासियों के लिए संस्था द्वारा विगत दो वर्षों से निरंतर स्वास्थ्य क्षेत्र में निःशुल्क योग शिविर चला रहा है। इस तरह के कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करें ताकि आने वाली युवा



पीढ़ी एवं उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। प्रधानाचार्य संगीता मिश्रा ने कहा कि संस्था द्वारा निःशुल्क योग शिविर का संचालन निरंतर प्रातः 5 से 7 बजे तक सेवाएं चलती रहेंगी। योग केवल योग दिवस पर ही नहीं करना बल्कि अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बनाए।मोबाइल, टीवी सोशल मीडिया जैसे प्लेटफॉर्म पर बढ़ती हुई सक्रियता घातक है। इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स को लगातार उपयोग करने से बच्चों में युवाओं में, तकरीबन हर उम्र के लोगों को आंखों की समस्या माइग्रेन सरवाईकल चिड़चिड़ापन आलस्य आदि गंभीर विकृतियां उत्पन्न हो रही हैं। अरुणेंद्र सिंह ने योग शिविर में योगिंग जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, सूर्यनामस्कर आदि क्रियाओं का अभ्यास कराया। वहा उपस्थित मुख्य अतिथि के प्रति संस्था के कार्यों की सराहना की एवं निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान युग में व्यक्ति हंसना, मुस्कराना भूल गया। मनुष्य के जीवन में सुख दुःख आते जाते रहते हैं लेकिन जैसे ही कोई तनाव या समस्या आती है। इंसान निराश हताश होकर टूट जाता है उससे बाहर निकलने के लिए योग ध्यान और हास्यासन बहुत जरूरी हो गया है। योगाचार्य बृजमोहन ने कार्यक्रम का संचालन कुशलतापूर्वक किया और तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग शिविर में आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया। उपस्थित साधक में नीलू सिंह, रनिता सिंह, दीप्ति मौर्या, श्रेष्ठा शुक्ला,अंकित अग्रहरि, देव,राज अग्रहरि, अनुराग अग्रहरि ,सिद्धार्थ दुबे ,आरती,संतोष त्रिपाठी,सरला मौर्या, आर के सिंह, आर के द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव,कोमल सिंह, शशि वर्मा, शशांक शर्मा,आदि लोग मौजूद रहे।

### एनटीपीसी की यूनिट नंबर 6 में आई खराबी

**रायबरेली।** ऊंचाहार थाने के सलोन मार्ग पर एनटीपीसी प्लांट है।जिस एनटीपीसी प्लांट में पांच सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली यूनिट नंबर 6 में तकनीकी खराबी आने के कारण बंद हो गई।जिससे उत्तराखंड;गुजरात;हिमाचलप्रदेष;दिल्ली आंषिक व यूपी के कई जिलो की विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुआ है।एनटीपीसी में वैसे कुल 6 यूनिट है, जिसमें 210 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली कुल पांच यूनिट व पांच सौ मेगावाट विद्युत उत्पादन करने वाली महज एक यूनिट है।जिसमें कुल यूनिटों से 1550 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जाता है।जिसमें पांच सौ मेगावाट की यूनिट बंद होने पर अब 1050 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।उधर एनटीपीसी की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि बंद यूनिट के फाल्ट को खोजने के लिए इंजीरियरों की टीम लगाया गया है।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने कॉलेज में ओपन जिम खोलने की घोषणा की



**लालगंज, रायबरेली।** बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज में विश्व योग दिवस के अवसर पर विशाल योग शिविर का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों विद्यार्थियों एवं नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता मुख्य अतिथि रहीं। योग प्रशिक्षिका कुमारी दिव्या अग्रहरी के निर्देशन में सभी ने ताड़ासन सूर्य नमस्कार मत्स्यासन धनुरासन भुजंगासन तथा कपालभाति भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास के माध्यम से स्वयं को स्वस्थ रखने का संकल्प दिलाया। अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शीघ्र ही विद्यालय के खेल मैदान में के नगर के बच्चों के लिए एक ओपन जिम खोलने के लिए अपना सहयोग देने देने की घोषणा की । गायत्री परिवार की ओर से विदुषी प्रेम सिंह ने नगर अध्यक्ष को शॉल देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक अनुभव मिश्रा एनसीसी प्रभारी पुनीत तिवारी दीपेंद्र गुप्ता भुजंग भूषण शर्मा राजेंद्र कुमार सिंह भवानी प्रसाद श्रीवास्तव इंद्रेश बाजपेई सुनील त्रिपाठी धर्मराज बृजेश शर्मा आदि ने योग सत्र में प्रतिभाग किया।

### गंगा में सेल्फी लेने गए तीन में से दो की मौत

**रायबरेली।** गंगा नदी में सेल्फी लेने गए तीन दोस्त गंगा में डूब गए जिसमें दो की मौत हो गई जबकि एक को सकुषल निकालकर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। गदागंज थाना के गांव प्रयागपुर निकट गंगा नदी में सेल्फी व वीडीओ बनाकर यूट्यूब व स्ट्राग्राम में डालने को लेकर तीन दोस्त गंगा नदी में डूब गए जिसमें दिल्ली से अपने मामा मतनीगंज आए मो शान 18वर्ष पुत्र नौषाद;तौहीद 17वर्ष पुत्र तौफीर निवासी मतीनगंज की गंगा में डूबने से मौत हो गई जबकि मकदूमपुर निवासी मो फहाग 19वर्ष को सकुषल निकालकर उसको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है।थाना प्रभारी ने बताया कि दो मृतकों का शव कड़ी मषक्कत के बाद बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।जबकि एक को सकुषल बचा लिया गया।एसडीएम ने बताया कि मौके पर प्रषासनिक टीम भेजा गया है।मृतक परिवार को शासन से मिलने वाले लाभ को दिलवाया जाएगा।

# नहर की पटरी कटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** नहर विभाग की लापरवाही के चलते सदर तहसील के हरचंदपुर थाना के दरौली निकट हरचंदपुर दक्षिण के



हरदासपुर माइनर की दक्षिणी माइनर कट जाने से धान की बेड़ व अन्य सीजनी फसलों में पानी जाने से जलमग्न हो गया।जिससे सैकड़ों बीघा खेतों में जलमग्न हो जाने से किसानों की गाढ़ी कमाई में पानी फेर दिया।ग्रामीणों ने कड़ी मषक्कत के बाद चंदा लगाकर जेसीबी मंगाने के बाद किसी तरह पटरी को बांधकर पानी के बहाव को खेत की ओर आने से रोका।लेकिन सूचना के बावजूद नहर विभाग के अधिकारी तक मौके पर नही गए।जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।उधर एसडीएम सदर ने बताया कि जांच प्रकरण का करवाया जाएगा जिसके बाद हम कुछ स्पष्ट कर पाएंगे।

# दबंगों का दो सगे भाइयों पर हमला, एक मरा, दूसरा गंभीर

» सैलून की दुकान बंद कर घर जा रहे गांव के पांच दबंगों ने रास्ता घेरकर लोहे की राड़, डंडों से पीट पीट कर किया मरणासन्न

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**डीह रायबरेली।** टेकारी दांदू कस्बे से सैलून की दुकान बंद कर घर जा रहे दो भाइयों खुर्शीद उर्फ गुड्डा (40) व समीर(35) पुत्रगण अब्दुल मजीद निवासी पूरे पृथ्वी मजरे रोखा को लगभग आधा दर्जन दबंगों ने रास्ते में जबरन रोककर हांकी व लोहे की रॉड से मरणासन्न कर दिया।

आरोपी दबंग एक ही गांव के निवासी जिब्राइल पुत्र स्व दलमीर हैं जो पांच साथियों के साथ मिलकर दोनों भाइयों को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया था। घटना 2 दिन पूर्व की है। दोनो घायलों को इलाज के लिए परिजन जिला



अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में खुर्शीद उर्फ गुड्डा ने दम तोड़ दिया और उसका भाई समीर का अस्पताल में जीवन मौत से जूझ रहा है।

मां कमर जहां की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया जिसमे पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शनिवार को उपनिरीक्षक पंचम लाल कांस्टेबल शुभम व शनि ने माइनर पुलिया के पास से जिब्राइल पुत्र स्व दलमीर व सऊद उर्फ महफूज पुत्र जिब्राइल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि मुख्य दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिन्हे जेल भी भेजा गया है बाकी नामजद लोगों की जोरों पर तालाश की जा रही है।

# अभियुक्त सउद उर्फ महफूज और जिब्राइल दोनों गिरफ्तार



**डीह, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कारवाई के तहत शनिवार को थाना डीह पुलिस टीम के द्वारा थाने पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 235 , 2024 धारा 147, 148 , 149 , 323 , 325 , 352 , 504 , 506 , 304 भवाद के वांछित अभियुक्त सउद उर्फ महफूज पुत्र जिब्राइल जिब्राइल पुत्र दलबीर निवासी ग्राम पुरे दौलत पर मजरे रोखा, के पास से पुलिस ने प्रयुक्त एक आदत लोहे की रोड व एक अदत बांस के डंडे के साथ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिए है। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना डीह पर वैद्धानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### कांग्रेस नेता को मातृ शोक



**रायबरेली।** कांग्रेस नेता जय कान्त सिंह की मां निर्मला देवी का 100 वर्ष से अधिक आयु के बाद उनका निधन हो गया। जयकांत सिंह के पैतृक गांव हरचंदपुर के भवानी नगर मजरे सेवंठी में बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना देने पहचे। कांग्रेसी नेता की मां के निधन पर शोक संवेदना देने वालों में कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरेंद्र विक्रम सिंह (पंजाबी सिंह ), भारतीय स्टेट बैंक के पूर्व निदेशक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिचंद्र बहादुर सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर अग्निहोत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेता निर्मल शुक्ला, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता विनय द्विवेदी, राजकुमार दीक्षित, संतोष सिंह, सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है। इसके अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह , पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामकुमार कोरी, देशराज सिंह रानी खेड़ा, सहित अन्य दलों के नेताओं ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

**अनियमितता** सरकार का सख्त निर्देश है कि कहीं भी बिना लाइसेंस के सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों के आसपास मांस की दुकानें नहीं चलेगी

# बिना लाइसेंस अवैध खुले मांस की बिक्री को रोकने की मांग, सीएम डीएम के पोर्टल पर शिकायत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**डीह, रायबरेली।** एक तरफ योगी सरकार सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों के आस पास खुले में बगैर लाइसेंस के मांस की दुकानों पर रोक लगा रही है, वहीं दूसरी तरफ डीह कस्बे में रामलीला मैदान में सुंदरगंज बाजार में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में मांस की दुकानों का संचालन बगैर लाइसेंस के हो रहा है जिसकी जांच करवा कर कारवाई के संबंध में पूरे गोसाई मजरे डीह के ग्रामीण मथुरा प्रसाद पुत्र गया दीन व रामदुलारे,आशीष आदि ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी के पोर्टल पर शिकायत कर मांग की है। लिखा है कि सुंदरगंज चौराहे पर बड़ी बाजार लगती है और बाजार के बीच में पूरे गोसाई निवासी पृथ्वीपाल पुत्र औसान की जमीन है जिसमे मुर्गा बकरा





व मछलियों की दर्जनों दुकानें पृथ्वीपाल द्वारा सार्वजनिक रूप से खुले में लगवाई जाती है और इन दुकानदारों के पास किसी भी तरह का कोई लाइसेंस, अज्ञाप्ति नही प्राप्त है और इन दुकानदारों से अवैध वसूली भी किया जाता है उसके बदले उनको संक्षरण दिया जाता है पास पड़ोस में धार्मिक प्रवृत्ति के लोग रहते है जब यह लोग खुले मांस की बिक्री की दुकान बंद करने की आवाज उठाते है। तो पृथ्वी पाल और उसका साथी परी दीन लोगो से लड़ाई झगड़ा पर आमादा हो जाते है जबकि सरकार का सख्त निर्देश है की कहीं भी कोई व्यक्ति बिना लाइसेंस /अनुमति के सार्वजनिक व धार्मिक स्थलों के आस पास मांस की दुकानें नही चलेगी यही हाल डीह कस्बे में रामलीला मैदान का है जहां मांस की दुकानें अवैध रूप से चल रही है इन दुकानों के बगल में ही स्थानीय अयोध्या धाम मंदिर है जहां लोग पूजा पाठ करते है इन दुकानों में मांस के कचड़ों को कुत्ते उठाकर इधर उधर मंदिर की जगहों पर फैला देते है जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है, ग्रामीणों का कहना है यदि ये अवैध मांस की दुकानें बंद न कराई गई तो कभी भी ग्रामीणों का आक्रोश बाहर आ सकता है जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। उपरोक्त समस्या के निराजाएं को लेकर ग्रामीणों ने डीएम व मुख्यमंत्री से रोक लगवाने और दोषियों पर कड़ी करवाई की मांग की है।

## एक नजर

### सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा



सरकार ने इस साल अब तक बफर स्टॉक के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। प्राइस स्टेबलाइजेशन यानी कीमतों में स्थिरता के लिए सरकार ने टोटल टारगेट 5 लाख टन प्याज खरीदने का रखा है। सरकार को उम्मीद है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में मानसून की प्रोग्रेस के साथ प्याज की रिटेल कीमतों में कमी आएगी। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के डेटा के मुताबिक, शुक्रवार को ऑल-इंडिया एवरेज ओनियन रिटेल प्राइस 38 .67 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि मॉडल प्राइस 40 रुपए प्रति किलोग्राम थी।

### सोना 870 रुपए गिरकर 72,380 रुपए पर आया

सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 22 जून को गिरावट है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 870 रुपए गिरकर 72,380 रुपए पर आ गया है। कल इसके दाम 73,250 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं एक किलो चांदी 2,000 रुपए गिरकर 92,000 रुपए में बिक रही है। हालांकि इस साल अब तक सोने के दाम 8,510 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,870 रुपए पर था। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 72,160 रुपए प्रति किलो पर थी। यानी, चांदी इस साल 19,840 रुपए बढ़ चुकी है।

# टीम इंडिया ने बांग्लादेश को हराया

## 5 बैटर्स ने स्कोर 196 तक पहुंचाया, गेंदबाजों ने बैटिंग पिच पर 146 रन बनने दिए, हार्दिक-कुलदीप हीरो



**एजेंसी**

**एंटीगुआ।** टीम इंडिया ने शनिवार को एंटीगुआ के मैदान में बांग्लादेश को 50 रन से हरा दिया। सुपर-8 स्टेज में ये टीम इंडिया की दूसरी जीत है। इसके साथ ही टीम सेमीफाइनल के और करीब पहुंच गई है।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया था। बैटिंग पिच पर सूर्य कुमार को छोड़कर टीम इंडिया के हर टॉप ऑर्डर बल्लेबाज ने स्कोर किया और 196 रन बनाए। हार्दिक पंड्या ने भारतीय पारी की आखिरी गेंद पर चौका मारकर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसी पिच पर जब भारत ने गेंदबाजी शुरू की, तो बांग्लादेशी बल्लेबाजों को रन नहीं बनाने दिए। कुलदीप यादव ने अपने 4 ओवर में 3 विकेट लिए और सिर्फ 19 रन खर्च किए। कप्तान नजमुल हुसैन शांतो अकेले लड़ाई लड़ते रहे। उन्होंने 40 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह ने उन्हें पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर डाल रहे अर्शदीप सिंह ने 4 रन देकर विकेट निकाला। उनकी आखिरी बॉल पर सिंगल के बाद भारतीय टीम ने मुकाबला 50 रनों से जीत लिया है। इस जीत से टीम इंडिया ने सेमीफाइनल मजबूत दावेदारी पेश कर दी है।

टीम को अगला मुकाबला 24 जून को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। 19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने दूसरा विकेट हासिल किया। उन्होंने रिशाद हुसैन को कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। इस ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर 142/7 रहा। यहां से टीम को आखिरी 6 बॉल पर 54 रन की जरूरत है। बांग्लादेश ने 17वें ओवर की पहली बॉल पर छठा विकेट गंवाया। यहां अर्शदीप सिंह ने जाकेर अली को मिडविकेट में कोहली के हाथों कैच कराया। अर्शदीप के इस ओवर में एक चौका और एक छक्का भी आया। यहां से बांग्लादेश को 3 ओवर में 75 रनों की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह ने 16वें ओवर में पहली सफलता हासिल की।

उन्होंने बांग्लादेशी कप्तान नजमुल हसन शांतो को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा कुलदीप यादव को 8वें ओवर में लेकर आए। पहले ओवर में कुलदीप ने सिर्फ 3 रन दिए। इसके बाद कुलदीप 10वें ओवर में आए। उन्होंने इस ओवर की चौथी गेंद पर तंदीज हसन को LBW आउट कर दिया। फिर 12वें ओवर में आए और तौहीद ह्रदौय को पवेलियन भेजा। 14वें और अपने स्पेल के आखिरी ओवर में कुलदीप ने बांग्लादेश के सबसे एक्सपीरियंस ऑलराउंडर शाकिब उल हसन का विकेट लिया। 4 ओवर में कुलदीप ने सिर्फ 19 रन दिए और 3 विकेट लिए। 11वां ओवर डाल रहे कुलदीप ने पहली बॉल पर सफलता हासिल की। उन्होंने तौहीद ह्रदोय को LBW कर दिया। 10वें ओवर में रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव को गेंद थमाई। कुलदीप ने शुरुआती 3 गेंदों पर 2 रन दिए। कुलदीप की गेंद तेजी से अंदर आई, जिसे तंजीद हसन समझ नहीं सके। गेंद पैरों से टकरा गई और अंपायर ने LBW आउट करार दिया।

तंजीद ने DRS लिया, लेकिन उसमें भी अंपायर्स कॉल के चलते उन्हें आउट करार दिया गया।

# भारत को जीतने ही होंगे तीनों सुपर-8 मैच

### सेमीफाइनल में बारिश के 70% चांस, रिजर्व-डे नहीं रद्द हुआ तो ग्रुप टॉपर खेलेगी फाइनल



**एजेंसी**

टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सुपर-8 में तीनों मैच जीतने होंगे। टीम आज रात 8 बजे से बांग्लादेश का सामना करेगी, वह पहले मैच में अफगानिस्तान को हरा चुकी है। भारत का तीसरा और आखिरी मैच ऑस्ट्रेलिया से होगा।

सेमीफाइनल में बारिश के आसार काफी ज्यादा होने की वजह से भारतीय टीम के लिए इस तरह की स्थिति बन रही है। टीम अगर सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसे 27 जून को गुयाना में वह मैच खेलना होगा। वहां मैच के दिन तेज बारिश की आशंका है। उस मुकाबले के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। यानी सेमीफाइनल रद्द हुआ तो ग्रुप में सभी मैच जीतकर पॉइंट्स टेबल के टॉप पर रहने वाली टीम ही फाइनल में पहुंचेगी।

अभी ग्रुप-1 में नंबर-2 पर है भारत

भारत ने सुपर-8 के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को 47 रन से हराया था। बड़ी जीत से टीम इंडिया ने अपना रन रेट तो 2.35 कर लिया, लेकिन टीम ग्रुप-1 के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को DLS मेथड के तहत 28 रन से हराया। टीम की जीत का अंतर से भारत से कम रहा, लेकिन DLS मेथड के कारण रन रेट बेहतर हो गया। ऑस्ट्रेलिया 2.47 का रन रेट लेकर टेबल में पहले नंबर पर है।

भारत का दूसरा मैच आज बांग्लादेश से एंटीगुआ में रात 8 बजे से खेला जाएगा। बांग्लादेश से भारत ने 13 टी-20 खेले, 12 जीते और महज एक गंवाया। यानी आज भारत सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत सकता है। इस जीत से टीम पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच जाएगी। हालांकि,कंगारू टीम का दूसरा मैच रविवार सुबह 6 बजे से है। इसे बड़े अंतर से जीतकर वह फिर से टॉप पर आ सकती है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया से 31 टी-20 खेले, 19 जीते और 11 गंवाया।

# सुपर-8 का 8वां मैच ऑस्ट्रेलिया Vs अफगानिस्तान

### आज तक दोनों के बीच केवल एक टी-20 मैच हुआ, कंगारुओं को मिली थी जीत




**एजेंसी**

**मुबंई।** टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में एक और बड़ा मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच 23 जून को सुबह 6 बजे से किंग्सटाउन में होने वाला है। ऑस्ट्रेलिया एक जीत के साथ टेबल के टॉप पर है। वहीं, भारत से हार के बाद अफगानिस्तान सुपर-8 की पहली जीत तलाश रही है।

दोनों टीमों के बीच टी-20 फॉर्मेट में आज तक केवल एक ही मुकाबला हुआ है जोकि ऑस्ट्रेलिया ने महज 4 रन से जीता था। हालांकि, अफगानिस्तान ने उसे अच्छी टक्कर दी थी। यही वजह है कि इस मुकाबले में उलटफेर देखने को मिल सकता है।

**पिछली भिड़ंत:** 4 नंवबर 2022, टी-20 वर्ल्ड 2022 का 38वां मुकाबला, अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में ही तीन विकेट खो दिए। इसके बाद मिचेल मार्श ने टीम को संभाला और 45 रन की पारी खेली। मार्श के आउट होने पर ग्लेन मैक्सवेल ने 168.74 की स्ट्राइक रेट से अर्ध शतकीय पारी खेली और टीम ने 8 विकेट खोकर 169 का टागरेट दिया।

जवाब में अफगानिस्तान की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। पावरप्ले में दो विकेट खोने के बाद इब्राहिम जादरान और गुलबदीन नाइब ने 59 रन की साझेदारी की।

आखिरी दो ओवर में 33 रन की जरूरत थी। लेकिन, जोश हेजलवुड ने 19वें ओवर में किफायती गेंदबाजी की और आखिरी ओवर के लिए 22 रन छोड़ दिए। 20वें ओवर में टीम 17 रन ही बना सकी और 4 रन से मैच हार गई। अफगान टीम अब इस वर्ल्ड कप में उस हार का बदला लेने उतरेगी।

# अडाणी पोर्ट्स के शेयर24 जून को सेंसेक्स-30 में शामिल होगी

**एजेंसी**

**मुबंई।** अडाणी पोर्ट्स के शेयर 24 जून से BSE सेंसेक्स पर कारोबार करेंगे। अडाणी ग्रुप की कंपनी विप्रो की जगह लेगी। समय-समय पर 30 शेयरों वाले इंडेक्स सेंसेक्स में बदलाव किया जाता है। वहीं इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी ऐप जेप्टो ने 3.6 बिलियन डॉलर (30,064 करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन पर 665 मिलियन डॉलर यानी 5,553 करोड़ रुपए फंड जुटाया है। अडाणी ग्रुप की कंपनियों में अडाणी पोर्ट्स पहली कंपनी है जिसे सेंसेक्स में शामिल किया जा रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के निफ्टी 50 में अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी पोर्ट्स दोनों ही शामिल हैं।



### » जेप्टो ने रुपए 5,553 करोड़ फंड जुटाया

इंस्टेंट ग्रॉसरी डिलीवरी ऐप जेप्टो ने 3.6 बिलियन डॉलर (30,064 करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन पर 665 मिलियन डॉलर यानी 5,553 करोड़ रुपए फंड जुटाया है। जेप्टो ने इससे पहले अगस्त 2023 में 235 मिलियन डॉलर (1,962 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया था, तब कंपनी को 1.4 बिलियन डॉलर (11,691 करोड़ रुपए) की वैल्यूएशन के साथ यूनिकॉर्न स्टेटस मिला था।

# दूध के डिब्बों पर लगेगा 12% टैक्स : वित्त मंत्री

### फर्जी बिलों पर रोक के लिए बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू होगा



**एजेंसी**

GST काउंसिल की 53वीं मीटिंग शनिवार को हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैठक की अध्यक्षता की। इस मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी वित्त मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। निर्मला सीतारमण ने कहा कि फर्जी बिलों पर रोक लगाने के लिए फेज्ड मैनर यानी चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू किया जाएगा।

**GST काउंसिल की 53वीं मीटिंग के अहम फैसले**

- मिल्क केन्स यानी दूध के डिब्बों पर एक समान 12% की दर निर्धारित करने की सिफारिश की है।
- फायर स्प्रिंकलर्स सहित सभी प्रकार के स्प्रिंकलर्स पर 12% की दर लागू होगी।
- सभी सोलर कुकर पर 12% GST दर लागू होगी।
- रेलवे द्वारा प्रदान की जाने वाली सर्विसेज जैसे बैटरी ऑपरेटेड व्हिकल्स, इंट्रा-रेल्वे सर्विसेज GST से मुक्त हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि अपीलेट अथॉरिटी के समक्ष अपील दायर करने के लिए अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपए से घटाकर 20 करोड़ रुपए CGST प्री-डिपॉजिट कर दी जाएगी। छोटे टैक्सपेयर्स की मदद के लिए काउंसिल ने 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने हेतु GSTR4 के लिए 30 जून की तारीख की सिफारिश की है। मुकदमेबाजी को कम करने के लिए हाई कोर्ट के लिए 1 करोड़ रुपए और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपए की लिमिट की सिफारिश की है।

# मारुति फ्रॉन्क्स वेलोसिटी एडिशन 7 लाख में लॉन्च

### सब-कॉम्पैक्ट SUV में सेफ्टी के लिए 6 एयरबैग, हुंडई एक्सटर से मुकाबला

**एजेंसी**

**मुबंई।** मारुति सुजुकी ने अपनी प्रीमियम सब-कॉम्पैक्ट SUV फ्रॉन्क्स का नया वेलोसिटी एडिशन भारत में लॉन्च किया है। कंपनी ने लॉन्च के 10 महीने के अंदर ही कार की एक लाख यूनिट बेचने का रिकॉर्ड बनाया है। इस मौके पर मारुति सुजुकी ने फ्रॉन्क्स के स्पेशल एडिशन को पेश किया है।

मारुति सुजुकी ने फ्रॉन्क्स वेलोसिटी एडिशन एक एसेसरीज्ड वर्जन है, इसकी शुरुआती कीमत 7.29 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है, जो स्टैंडर्ड वैरिएंट से 23,000 रुपए कम है। कंपनी ने इस एडिशन को कार के लॉन्च के 10 महीने के अंदर 1 लाख बिक्री के आंकड़े को छूने के मौके पर पेश किया है।

स्पेशल एडिशन लिमिटेड टाइम के लिए कार के सभी 14 वैरिएंट में अवेलेबल है, जिसमें 1.0 लीटर टर्बो और 1.2 लीटर नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन ऑप्शन शामिल हैं। यह गाड़ी भारत में टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर, किआ सोनेट, हुंडई वेन्यू, टाटा नेक्सॉन और महिंद्रा XUV 3XO को टक्कर देती है।

मारुति फ्रॉन्क्स भारतीय बाजार में करीब 14 वेरिएंट में उपलब्ध है. शुरूआत में कार निर्माता ने अपनी इस SUV को सिर्फ टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ पेश किया था. अब वेलोसिटी एडिशन मारुति फ्रॉन्क्स नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल और CNG इंजन विकल्प के साथ भी बिक्री के लिए उपलब्ध होगी. लिमिटेड पीरियड यानी सीमित समय के लिए आ रही नई फ्रॉन्क्स अपने मौजूदा गाड़ियों के बेस वेरिएंट से भी कम कीमत में उपलब्ध होगी. मारुति फ्रॉन्क्स में स्मार्ट हाइब्रिड टेक्नोलॉजी आधारित 1.0 लीटर पेट्रोल इंजन दिया गया है. ट्रांसमिशन के लिए इंजन को 5 स्पीड मैन्युअल और 6 स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स विकल्प के साथ जोड़ा गया है. वर्तमान समय में भारतीय बाजार में पाचवीं सबसे अधिक बिकने वाली SUV कार में 1.2L K-Series का एडवांस्ड Dual Jet, Dual VVT पेट्रोल इंजन भी मिलता है।




# शादी से पहले सोनाक्षी के घर पूजा





**मां पूनम मौजूद दिखीं, दुल्हन सोनाक्षी के लिए लहंगा लाया गया**

सोनाक्षी सिन्हा की शादी से पहले आज (शनिवार) उनके घर 'रामायण' में एक पूजा रखी गई। सोनाक्षी की मां पूनम सिन्हा की मौजूदगी में यह पूजा रखी गई। हमें जो विजुअल्स मिले हैं, उसमें देखा जा सकता है कि घर में पूजा-अर्चना हो रही है। चार पंडित जमीन पर बैठकर पूजा करा रहे हैं। पूनम सिन्हा के आस-पास कुछ महिलाएं जमीन पर बैठी नजर आ रही हैं। इसी बीच दुल्हन के लिए कपड़े भी आ चुके हैं। सोनाक्षी के घर के बाहर एक कार आकर रुकी, जिसमें उनका शादी वाला लहंगा रखा हुआ था। कल यानी 23 जून को सोनाक्षी अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। कल ही शाम को रिसेप्शन पार्टी भी होगी। यह रिसेप्शन पार्टी शिल्पा शेट्टी के रेस्टोरेंट बैस्टियन में रखी गई है। सलमान खान, हुमा कुरैशी, साकिब सलीम सहित कई एक्टर्स इस सेरेमनी में शिरकत कर सकते हैं।

## मुसीबत में पड़े जैकी भगनानी

### क्रू मेंबर्स ने कहा- 2 साल से सैलरी नहीं दी



एक्टर और प्रोड्यूसर जैकी भगनानी तब विवादों में आए जब उनके प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट पर क्रू मेंबर्स ने पेमेंट न देने का आरोप लगाया। उनकी कंपनी की एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए उनके ऊपर आरोप लगाया है। क्रू मेंबर के मुताबिक उनसे वादा किया गया था कि प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 45 से 60 दिनों के अंदर उन्हें पैसे मिल जाएंगे। लेकिन ये पैसे उन्हें अभी तक नहीं दिए गए। क्रू मेंबर्स ने लोगों को अगाह किया कि आने वाले समय में कोई भी इस प्रोडक्शन हाउस के साथ काम ना करे। बता दें, इस पूरे मामले में प्रोडक्शन हाउस की तरफ से अब तक कोई बयान सामने नहीं आया है।

# ब्लैक ड्रेस में सुपर हॉट बनकर इवेंट में पहुंचीं दिशा पाटनी



**'बोल्ड और ग्लैमरस अदाओं से उड़ाए लोगों के होश**

खूबसूरत एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपनी अदाओं से लोगों का दिल जीतना नहीं भूलतीं। अक्सर अपने स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर अपडेटेड रहने वालीं दिशा सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक तस्वीरें शेयर करती हैं। एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिल की धड़कन बढ़ाई है। दिशा पाटनी इन दिनों अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इसी के साथ हमेशा की तरह इस बार भी उन्होंने अपने फैशन स्टेटमेंट से लाइमलाइट बटोरी है। दिशा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। यहां वह इतनी खूबसूरत बनकर पहुंचीं कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे।

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और बोल्ड एक्ट्रेस में दिशा पाटनी का नाम जरूर लिया जाता है। वह अपनी कतिलाना अदाओं से लोगों का दिल चुराना अच्छे से जानती हैं। अक्सर अपनी खूबसूरती को लेकर चर्चा में रहने वालीं दिशा एक इवेंट में इस तरह तैयार होकर पहुंचीं कि मानों नजरें उन पर ही टिकी रह गई हों।

## एक नजर

### ब्लॉक मुख्यालय पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**अमेठी।** ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख घनश्याम चौरसिया के साथ ब्लाक कर्मियों ने योगाभ्यास किया। ए डी ओ मनीराम सरोज,बी ओ पी आर डी रीना वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी चंदन मौर्य, चंद्रशेखर, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### छिटपुट बारिश ने गर्मी से पहुंचाई राहत



**गौरीगंज/जामों।** शनिवार को जिले में हुई छिटपुट बारिश ने गर्मी से राहत पहुंचाई है।दिन भर आसमान में बादल छाए रहे। पारा पिछले दिन के मुकाबले सात डिग्री सेल्सियस घटने से मौसम खुशनुमा हो गया है। मौसम का मिजाज शुक्रवार से ही बदला हुआ है।हल्की बरसात का क्रम जारी है। मौसम बदलने से गांवों में खेती का काम तेज हुआ है।धान की अगेती खेती करने वाले किसान धान की रोपाई शुरू कर चुके हैं। हीट वेव से राहत मिलने से पशु,पक्षी और मवेशी भी खुश हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 50% रही। हवाएं 08 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से चली।

### बस स्टेशन पर लगा वाटर कूलर

**अमेठी।** रोडवेज बस स्टेशन पर यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। बारिश के संकेत मिलने के बीच शनिवार को बस स्टेशन पर वाटर कूलर लगाया गया। वाटर कूलर को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने लगवाया है। ए आर एम काशी प्रसाद ने वाटर कूलर के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखा था। कबीर जयंती के पावन पर्व पर शनिवार को वाटर कूलर संचालित हुआ है। ए आर एम ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है और यात्रियों की सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने पर प्रसन्नता जताई है।

### मारपीट में एक किसान का हाथ टूटा

**रामगंज।** थाना क्षेत्र के ढेमा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट एक किसान का हाथ टूट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। शनिवार को ढेमा निवासी राम मिलन मौर्य अपने खेत में मेड़ बांध रहें थे। इसी बीच पास स्थित खेत मालिक नागेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह आकर विवाद करने लगे । विवाद बढ़ने के बीच मारपीट हो गई। मारपीट में राम मिलन मौर्य का हाथ टूट गया। पुलिस ने राम मिलन मौर्य की पत्नी मनोजा देवी की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 325 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है।

### केवाईसी कराएं महिला पेंशन लाभार्थी

**फतेहपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों की वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही अप्रैल, मई, जून का भुगतान आधार बेस पेमेन्ट किये जाने के निर्देश निदेशालय महिला कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त हुए है। इसलिए पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थियों से अनुरोध है कि जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में आधार लिंक (केवाईसी) अपडेट नहीं है वह अपनी सम्बन्धित बैंक शाखा में जाकर आधार केवाईसी/डीबीटी कराएं। ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम त्रैमास की पेंशन किश्त समस्त लाभार्थियों को प्राप्त हो सके।

### दहेज लेना-देना अपराध, दर्ज कराएं शिकायत

**फतेहपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि दहेज एक सामाजिक बुराई है जिसके कारण समाज में महिलाओं के प्रति अकल्पनीय यातनायें और अपराध उत्पन्न हुए है तथा भारतीय वैवाहिक संस्कार प्रदूषित हो रहे है। वर्तमान समय में शासन न केवल दहेज प्रथा को मिटाने के लिए बल्कि बालिकाओं की स्थिति के उत्थान के लिए कई कानून (दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961) एवं अन्य योजनाओं द्वारा सुधार लाये जाने का प्रयास किया जा रहा है। दहेज की समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोगों के अन्दर सामाजिक एवं नैतिक चेतना को प्रभावी बनाना, महिलाओं को शिक्षा तथा आर्थिक स्वतन्त्रता प्रदान करना एवं दहेज प्रथा के खिलाफ कानून को प्रभावी ढंग से लागू करना मददगार हो सकता है। दहेज प्रथा न केवल अवैध है बल्कि अनैतिक भी है, इसलिए दहेज प्रथा के बुराइयों के प्रति हम सब नागरिकों को भी जागरूक होना अत्यन्त आवश्यक है। ताकि समाज में दहेज की माँग करने वालों व्यक्तियों को चिन्हित कर दण्डित कराया जा सके। दहेज लेना या देना, दहेज के लिए उकसाना आदि दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत अपराध है। जिसके लिए पाँच वर्षों तक के लिए कैद अथवा 15 हजार रूपये या दहेज की रकम जो भी अधिक हो के जुर्माने का प्राविधान है। दहेज से सम्बन्धित किसी भी शिकायत के लिए दहेज प्रतिषेध अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी के मो0नं0-7518024052 अथवा देवेन्द्र कुमार पटल सहायक के मो0नं0-9451023002 या टोल फ्री नंबर 181 या पुलिस सहायता टोल फ्री नम्बर 112 पर कॉल कर सूचना उपलब्ध करायी जा सकती है। उक्त अधिनियम की अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी के कक्ष संख्या 113 विकास भवन से सम्पर्क कर सकते है।

### तृतीय श्रेणी कर्मचारी के रिक्त पद पर होगी तैनाती

**फतेहपुर।** मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी धनेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में तृतीय श्रेणी कर्मचारी का एक पद रिक्त है, जिस पर सेवाप्रदाता के माध्यम से नियमानुसार इस शर्त के अधीन तैनाती किया जाना है, जिसकी प्रतिनियुक्ति/सेवा स्थानान्तरण के आधार पर नियमित कर्मचारी उपलब्ध होने या योग्य सेवानिवृत्त कर्मचारी उपलब्ध हो जाने पर उक्त आउटसोर्सिंग के कर्मचारी को वापस कर दिया जाएगा। उक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में तृतीय श्रेणी कर्मचारी के एक पद पर नियुक्ति हेतु प्रदाता कम्पनियों से विज्ञापन के माध्यम से निर्धारित योग्यता रखने वाले पांच अभ्यर्थियों की सूची 02 जुलाई अथवा इसके पूर्व आहूत की जाती है। अभ्यर्थी को इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण तथा सीसी सार्टिफिकेट धारक होने के साथ साथ शासन द्वारा निर्धारित आयु के अन्तर्गत होना चाहिए। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि उक्त पद पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। कर्मचारी के कार्य व्यवहार में किसी प्रकार की शिथिलता/अनुशासनहीनता पाए जाने या नियमित कर्मचारी की नियुक्ति होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल सेवा समाप्त कर दी जायेगी। सेवा प्रदाता कम्पनी यह भी अवगत कराए कि कितने वेतन पर वह कर्मचारी उपलब्ध करा सकता है एवं कितना प्रतिशत जीएसटी आदि में काट कर उसके द्वारा कर्मचारी को मासिक भुगतान किया जाएगा।

# समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने सुनी शिकायतें

**विश्ववार्ता संवाददाता**



समाधान दिवस में शिकायते सुनती जिलाधिकारी निशा अनंत व एसपी अनूप सिंह।

**अमेठी।** शासन के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने मुसाफिरखाना थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली, चकमार्ग पर कब्जे, सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे, अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना प्रीति तिवारी, थानाध्यक्ष मुसाफिरखाना, लेखपाल व कानूनगो सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

जामो थाने में आयोजित समाधान दिवस में एडीएम और एसपी हरेंद्र कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनी और समस्याओं के निस्तारण के लिए संयुक्त टीमों को मौके पर जा कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। दिवस के दौरान एक दर्जन से अधिक प्रार्थना पत्र आये।

अमेठी कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई। एस डी एम आशीष सिंह ने जनसुनवाई की। उन्होंने संयुक्त टीमों को मौके पर जाकर निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। रामगंज थाने में एस ओ ने राजस्व निरीक्षक के साथ शिकायत सुनी। कुल पांच प्रार्थना पत्र आई। एस ओ ने बताया कि सभी शिकायतें जमीन से सम्बंधित रहीं। निस्तारण के लिए टीमें भेजी गई है। संग्रामपुर थाने में कुल 08 शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतों के निस्तारण को टीमें भेजी गई है। मुंशीगंज में भी आयोजित समाधान दिवस में आधा दर्जन शिकायतें प्राप्त हुई। सभी शिकायतें जमीन से सम्बंधित रहीं।

### नि :शुल्क कोचिंग की प्रवेश परीक्षा 28 को

**फतेहपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क कोचिंग का संचालन जनपद के तहसील सदर में राजकीय इंटर कॉलेज फतेहपुर, केन्द्र के रूप तथा तहसील खागा में सुखदेव इंटर कालेज व राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय खासमऊ खागा में उपकेन्द्र के रूप में संचालन किया जा रहा है। इसमें यू पी ए स सी / यू पी पी ए स सी , एनडीए/सीडीएस, नीट एवं जेईई की कक्षायें संचालित की जायेगी।

उक्त निःशुल्क कोचिंग में वर्ष 2024-25 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 28 जून को समय पूर्वाहन 11 से 12 बजे अपरान्ह तक राजकीय इण्टर कालेज में सम्पन्न होगी। इसलिए जिन अभ्यार्थियों द्वारा आवेदन किये गये है, वे 26 जून से किसी भी कार्य दिवस में समय प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक राजकीय पुस्तकालय से प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते है।

## कबीर की शिक्षाओं को अपनाने से ही बदल सकती है नये भारत की तस्वीर : प्रोफेसर रविकांत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ रविकांत चंदन ने शनिवार को कबीर जन्मोत्सव समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि कबीर वह फक्कड़ कवि और समाज सुधारक हैं, जिन्होंने अवतारवाद को खंडित किया। कबीर के राम अयोध्या के राम नहीं, कबीर ऐसे महान संत हैं , जिनके आध्यात्मिक दर्शन पर दुनिया में अभी भी शोध चल रहे हैं। कबीर की शिक्षाओं को अपनाने से ही नये भारत की तकदीर बदल सकती है।

प्रोफेसर रविकांत चंदन ने डॉ अम्बेडकर को कबीर का सबसे योग्य शिष्य बताया और कहा कि डॉ अम्बेडकर का बचपन कबीर की शिक्षाओं को सुनकर आगे बढ़ा। कबीर के जीवन दर्शन के साथ साजिश हुई। उन्हें कलंकित करने के लिए उनके जन्म को ग़लत तरीके से प्रस्तुत और परिभाषित किया गया है। जातिवादी व्यवस्था और धार्मिक अन्धविश्वास को पोषित करने वाली ताकतों ने कबीर को वैष्णव और बुद्ध को विष्णु का अवतार बना दिया है,इसे अम्बेडकरवादी बहुजन समाज कभी स्वीकार नहीं कर सकता है।

डा रविकांत चंदन ने कबीर के दर्शन से अधिक विचार डा अम्बेडकर के जीवन दर्शन और भारतीय संविधान पर व्यक्त किए और कहा कि भारतीय संविधान बदलने की कोशिश करने वाली ताकतों को अमेठी और रायबरेली की जनता ने मुंहतोड़ जवाब दिया है।राम के नाम पर राजनीति की दुकान चला रहे लोगों को राम जी ने सजा दे दी है अवध और अयोध्या के राजा अब और कोई नहीं शूद्र समाज में पैदा हुए पासी अवधेश प्रसाद हैं।

जन्मोत्सव समारोह का उद्घाटन विधायक अशोक कुमार कोरी ने किया। उन्होंने कहा कि दुनिया में संत शिरोमणि कबीर जैसा महान संत और समाज सुधारक दुनिया में कोई नहीं हुआ।

पूर्व विधायक राजाराम त्यागी कार्यक्रम में नहीं आए। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ सामाजिक वैज्ञानिक रघुनाथ, वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक वैज्ञानिक संजीव भारती, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, कमलेश कुमार यादव,शिव प्रताप इंटर कालेज के उप प्राचार्य संजय कुमार राव,डा एस के राव, धर्मराज फौजी, चौधरी राम प्रसाद , सरोज अनिल कुमार, और कबीर आश्रम तारापुर के कबीर पंथी साधु संत मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में सुनी गयीं समस्याएं

**मिर्जापुर।** शासन के निर्देशानुसार (प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व उप पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0सिंह द्वारा उपजिलाधिकारी सदर के साथ थाना को0 शहर पर आये हुये फरियादियों की जन समस्याओ सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को गुणपत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि पैमाइश के मामले में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजते हुये दोनो पक्षो को बुलाकर उनकी समस्या का समाधान कराया जाए।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के साथ थाना चुनार पर उपस्थित रह कर आमजन की शिकायतें सुनकर निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## घूस लेने वाले पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने निलम्बित किया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**तिलोई।** जनपद में मत्स्य पालन के लिए मिले पट्टे के तालाब में खुदाई कर रहे जेसीबी को थाने में बंद करना और पट्टा धारक से चार हजार रुपए छीनना दो दरोगा और एक सिपाही को महंगा पड़ गया। जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर एसपी ने सभी को निलंबित कर मामले की जांच सीओ मुसाफिरखाना को सौंपी है।

आरोप है है सभी पुलिसकर्मियों ने जेसीबी को छोड़ने के लिए 20 हजार रुपए की मांग की थी और पैसे न देने पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दी थी। इन्हौना थाना क्षेत्र के शेखनगांव गांव के रहने वाले महरूफ अहमद को मत्स्य पालन के लिए तालाब का पट्टा मिला था।

इसी पट्टे के तालाब में महरूफ जेसीबी से तालाब के बंधे को मजबूत करवा रहा था। इन्हौना थाने में तैनात उप निरीक्षक अमरचंद्र शुक्ला, उप निरीक्षक वीरेंद्र राय और सिपाही जनार्दन सिंह मौके पर पहुंचे और अभद्रता करते हुए माहरूफ की जेब से चार हजार रुपए छीनकर जेसीबी को थाने ले जाकर बंद कर दिया और गाड़ी छोड़ने के लिए 20 हजार रुपए मांगने लगे।

वही पीड़ित महरूफ ने कहा कि उन्हें मछली पालन के लिए तालाब का पट्टा मिला था जिस पर वो जेसीबी से तालाब के बंधे को बनवा रहे थे। तभी राय दरोगा, शुक्ला दरोगा और जनार्दन सिपाही मौके पर पहुंचे और 20 हजार रुपए मांगने लगे। जब मैंने मना किया तो उन लोगों ने गाली देते हुए मारा पीटा और जेब में रखे चार हजार रुपए छीन लिए। जेसीबी को ले जाकर थाने में बंद कर दिया।

## संदिग्ध मौत की नहीं हो रही जांच, पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री से की न्याय की गुहार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** कोतवाली पीपरपुर के अन्तर्गत पूरे बल्दू -अमेयमाफी में दो सप्ताह पहले हुई एक दलित राजगीर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसके पति की पिटाई करके हत्या की गई और लाश को घर में चारपाई पर रखकर हत्यारे फरार हो गए।विधवा महिला ने अपने देवर और बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। पुलिस अधीक्षक को अर्जी देने के साथ मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार की है।

स्वामी प्रसाद पुत्र कांशी राम कोरी,-45 राजगीर का काम करता था।काम से लौटते समय रोज शराब पीने की बुरी लत का शिकार था।12जून की रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। स्वामी प्रसाद के मरने की जानकारी परिवार के लोगों को 13जून को हुई। पीपरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा दिया। मृतक के भाई राम सजीवन कोरी ने बताया कि उसका भाई स्वामी प्रसाद 21मई घर पर अकेले रह रहा था। भाभी बच्चों को लेकर मायके में रह रही थी । स्वामी प्रसाद से उसकी आखिरी मुलाकात 11जून को हुई थी। मृतक स्वामी प्रसाद की शरीर और कान पर चोट के निशान मिले हैं। उसकी साईकिल हारीपुर में तेजई की दुकान पर अभी भी पड़ी हुई है।भीमी और हारीपुर में अपने अन्य साथियों के साथ उसकी दारु पीने की आदत थी।भीमी में ठेके पर सी सी टीवी कैमरा भी लगा हुआ है।

रानी देवी ने बताया कि उसने सारी बातें थाने पर बड़े दरोगा और छोटे दरोगा को बताई हैं।

### स्टार प्रचारक बनाए गए आकाश आनंद, बसपाइयों ने खुशी जताई

**जगदीशपुर।** बसपा सुप्रीमो बहन मायावती के भतीजे और युवाओं के बीच लोकप्रिय नेता आकाश आनंद को उत्तराखंड उपचुनाव में बसपा का स्टार प्रचारक बनाए जाने पर बसपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। आज लखनऊ में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संगठन के मामले में कई बड़े निर्णय होने की संभावना है। वरिष्ठ बसपा नेता इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, विधानसभा अध्यक्ष महादेव मौर्य, विजय गौतम, लक्ष्मण प्रसाद, शिवराम, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के के आर्य, जिला प्रभारी दिनेश गौतम, राम अभिलाष बौद्ध विक्रम प्रसाद, राम केवल सरोज, रामकरन, किशन सिंह गौतम, अमृत लाल, ओम प्रकाश गौतम, श्याम कुमार, अनिल कुमार आदि ने खुशी जताई है।

## सीडीओ ने संचारी रोग अभियान को लेकर दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**



लोगों को सम्बोधित करते सीडीओ।

**सुलतानपुर।** सीडीओ अंकुर कौशिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक की गई। जिले में संचारी रोगों के उन्मूलन हेतु विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा।

विशेष संचारी रोग अभियान सभी मुख्य विभागों जैसे- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग द्वारा परस्पर जनपद व ब्लाक स्तर पर माइक्रो प्लान बनाकर संचालित किया जा रहा है तथा प्रगति की समीक्षा की अन्तर्विभागीय बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्यक्रम को सफल बनायें तथा तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर प्रगति रिपोर्ट बनाकर संयुक्त रूप से जिला स्तर पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय तथा स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिये लोगों में जागरूकता लायी जाय। उन्होंने कहा कि सभी विभाग संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास करें तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट करें। इस मौके मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओपी चौधरी, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, जिला मलेरिया अधिकारी बंशीलाल यादव आदि मौजूद रहे।

## कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना में दिव्यांगजन करें आवेदन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गौरीगंज।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना संचालित है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना में उपलब्ध धनराशि से उपकरण क्रय हेतु पात्र लाभार्थियों के आवेदन पत्र/माँग पत्र के अनुसार क्रयादेश निर्गत किया जायेगा। जिसके लिए समस्त दिव्यांगजन अपनी आवश्यकतानुसार विभाग की बेवसाईट divyangjanup.upsdc.gov.in पर आवेदन करते हुए मूल प्रति सीधे किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में यथाशीघ्र स्वयं अथवा किसी के माध्यम से सीधे कार्यालय विकास भवन कमरा नं०-20 में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आवेदन/मांग के अनुसार उपलब्ध कराये जाने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों में ट्राईसाईकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी, हेयरिंगएड (सुनने की मशीन), वॉकिंग स्टीक, स्मार्ट केन (अंध छडी) दृष्टिबाधित के लिए क्रय कर वितरित कराया जा सके। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों में दिव्यांग प्रमाण-पत्र (यू०डी०आई०डी० कार्ड), आय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की प्रति, आरक्षित दिव्यांगजन हेतु जाति प्रमाण पत्र एवं उपकरण प्राप्त हेतु डॉ० की संस्तुति (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से) तथा एक फोटो आवेदन पत्र पर चस्पा करना अनिवार्य है।

### पोलियो करेक्टिव सर्जरी को दिव्यांगजन कराएं रजिस्ट्रेशन

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे जिनको कान से सुनाई नहीं देता है उन बच्चों में ऑपरेशन के माध्यम से उच्च तकनीकी की सुनने की मशीन जिसकी कीमत 600000 है, को नि :शुल्क लगवाने तथा 0 से 18 वर्ष तक के पोलियो ग्रसित बच्चे/युवक जिनके घुटनों का ऑपरेशन कर पैर सीधा किया जाना हो, को पोलियो करेक्टिव सर्जरी (शल्य चिकित्सा योजना) के अंतर्गत नि :शुल्क चिकित्सा कराए जाने हेतु इच्छुक दिव्यांगजन अपना रजिस्ट्रेशन यथाशीघ्र जनपद के कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन कमरा नं0-20 गौरीगंज में करा सकते हैं।

### बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले

**जामो।** शनिवार को विकास खंड में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद अचानक मौसम ने अपना मिजाज बदला और सवा चार बजे आसमान में गरज चमक और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने लगी खबर लिखे जाने तक बारिश होती रही।। बारिश होने से किसानों के चेहरे पर मुस्कान छा गई। खेतो में बरसात का पानी भर गया जिससे कृषक खेतो की जुताई कर सकेगे।बारिश हो ने जो धान की नर्सरी सूखने के कगार पर थी उन नर्सरी में हरियाली छा गई। बारिश होने से उमस भरी गर्मी से लोगो को राहत मिली। धान की रोपाई के बारिश का पानी अमृत के समान है। बरसात होने से खेत खलिहानों में पानी भर गया। बारिश से भिंडी , तोरई, लौकी , कद्दू, बैगन आदि सब्जियों की फसलों को फायदा होगा। बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया जिससे लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत

## एबीवीपी के डॉ धनन्जय जिला प्रमुख, शैलेन्द्र जिला संयोजक व डॉ सन्तोष को विभाग प्रमुख बनाया गया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रान्तीय अधिवेशन में डॉ धनन्जय सिंह को अमेठी का जिला प्रमुख की एवं शैलेन्द्र यादव को जिला संयोजक बनाया गया वहीं प्रांतीय अधिवेशन में तीसरी बार कुशभवनपुर विभाग का प्रमुख डॉ संतोष अंश बनाये गये। 18 से 21 जून को माँ खंडवारी महिला महाविद्यालय चहनियां चंदौली में प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ।

काशी प्रांत के इस अभ्यास वर्ग में पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, राष्ट्रीय मंत्री मंत्री अंकित शुक्ला, काशी प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष, प्रान्त मंत्री अभय सिंह, प्रान्तीय उपाध्यक्ष विकास कुमार के साथ विविध विषयों पर विविध सत्रो में मार्गदर्शन के बाद रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धनन्जय सिंह को एबीवीपी जिला प्रमुख, शैलेन्द्र यादव को जिला संयोजक एवं युवराज को अमेठी का जिला विस्तारक बनाया गया। कुशभवनपुर विभाग ( सुल्तानपुर और अमेठी) का विभाग प्रमुख राणा प्रताप पी जी कॉलेज के डॉ संतोष (अंश) को और विभाग संयोजक शिवम दुबे को बनाया गया। दायित्व प्राप्त कर्ताओं को पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, राष्ट्रीय मंत्री मंत्री अंकित शुक्ला, काशी प्रान्त संगठन मंत्री अभिलाष, प्रान्त मंत्री अभय सिंह, प्रान्त उपाध्यक्ष विकास कुमार ने बधाई देकर ध्येय यात्रा की सफलता हेतु शुभकामना दी। डॉ धनन्जय सिंह को एबीवीपी का जिला प्रमुख बनाये जाने पर एबीवीपी के पदाधिकाारियों ने बधाई दी।

### रोजगार मेला व कार्यशाला कल

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 24 जून को प्रातः 11 बजे कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा।

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। जिसमें पीपल दी आनलाइन सर्विसेज हेतु हाईस्कूल, इंटर, स्नातक आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण, आयु 18 से 26 वर्ष, वेतनमान 12800 से 15000 प्रतिमाह पर साक्षात्कार द्वारा तथा एसआईएस इंडिया लिमिटेड हेतु हाईस्कूल, इंटर उत्तीर्ण, लम्बाई 165 सेमी, सीना 80 सेमी से 85 सेमी, आयु 19 से 40 वर्ष एवं वजन 56 किग्रा शारीरिक दक्षता उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का वेतनमान 12000 से 25000 के लिये चयन कर सेवायोजित किया जायेगा।

**श्रद्धांजलि** टेकारी सहन में धूमधाम से मनाया गया सद्गुरु कबीर जन्मोत्सव

# कबीर ने दुनिया को पढ़ाया प्रेम और मानवता का पाठ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जायस/अमेठी।** शनिवार को टेकारी सहन में संत शिरोमणि कबीर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भजन ,संवाद सभा और विचार गोष्ठी के साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ।

जन्मोत्सव में संत कबीर के दर्शन और शिक्षाओं के साथ तथागत बुद्ध, बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के दर्शन और भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समारोह को लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर डॉ रविकांत चंदन ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित किया। उन्होंने डॉ अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जूनियर संवर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त आंशी मौर्य को नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बौद्ध भिक्षु भंते धम्मपाल की ओर से सामूहिक त्रिसरण पंचशील के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।सत साहब की है वानी, छोड़ो झूठ, कपट, बेईमानी, क्योंकि छोड़ कर दुनिया है जाना कि तेरा यहां कोई नहीं --भजन प्रस्तुत करते हुए भजनी और गीतकार पवन तूफानी ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। रामफेर अनुरागी ने सतगुरु तुम्हारे प्यार ने जीना सिखा दिया -सुंदर भजन प्रस्तुत किया।

कमलेश कुमार यादव ने कबीर की वाणी और धर्मदास की ओर से संकलित उनकी रचनाओं का उल्लेख किया और वासनाओं पर विजय पाकर जीवन को धन्य बनाने का संदेश दिया। भारत में इस वर्ष कबीर के सत्य की जीत हुई है। कुर्सी के लिए राम राम की रट लगाने वालों को राम ने ऐसी पटखनी दी कि दुनिया में चर्चा हो रही है।



कबीर जयंती समारोह में शामिल अतिथि व मौजूद लोग

सेवा निवृत्त डिप्टी कमिश्नर शिव प्रसाद वर्मा ने कहा कि संत कबीर अवतारी पुरुष नहीं थे। पोथी पढ़ पढ़ जग मुआ, पंडित हुआ न कोय, ढाई अक्षर प्रेम का पढै सो पंडित होय।-का उल्लेख किया और कहा कि कबीर ने दुनिया को प्रेम और मानवता का पाठ पढ़ाया।

सद्गुरु कबीर जन्मोत्सव समिति आयोजन समिति की ओर से संयोजक राम अहोरे कोरी, रामपाल कोरी,राम केवल , श्री राम वर्मा, सुरेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ पत्रकार संजीव भारती ने कहा कि संत कबीर ने हिन्दू और मुसलमान दोनों को धार्मिक कट्टरवाद के मामले में फटकार लगाई और सबके मंगल और कल्याण की बात की। कबीर की वाणी, बुद्ध की वाणी और रविदास की वाणी में समानता का उल्लेख किया और कहा कि सभी संतों ने तर्कशील समाज और शुद्ध चिंतन का संदेश दिया है। पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी ने कहा कि संत शिरोमणि कबीर ने सत्य मार्ग और मानव धर्म का संदेश दिया है। के जी एम सी, लखनऊ के दंतरोग विशेषज्ञ डॉ हरीराम ने कहा कि धर्मान्धता और पाखंड वाद के विरुद्ध कबीर ने जीवन भर संघर्ष किया। रघुराज ने कहा कि कबीर नाम नहीं एक विचार धारा है,जिस पर दुनिया भर में लोग रिसर्च करते हैं। वरिष्ठ सामाजिक चिंतक और लेखक के पी राहुल ने कहा कि जो कुछ बुद्ध ने पालि, सुकरात ने ग्रीक में कहा वही संत कबीर ने अवधी में कहा। बुद्ध ने कबीर के दर्शन को परिभाषित किया है। कबीर की वाणी कहै कबीर मैं सो गुरु पाया,जाका नाम विवेकू रे---का उल्लेख किया और कहा कि कबीर के साथ धोखाधड़ी हुई है वे न तो विधवा ब्राह्मणी से पैदा हुए ,न ही उनके गुरु रामानंद थे। कबीर की वाणी को आगे बढ़ाने और बौद्ध धर्म को बचाने में सिक्ख धर्म का महान योगदान है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**सुलतानपुर।** घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता फंदे से लटकती मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके मर्चरी भेज दिया। शनिवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज चौकी के अंतर्गत ऊंचगाव तेलियानी निवासी रेखा कोरी (26) पत्नी अरविंद कोरी घर के अंदर कुंडी में साड़ी के सहारे लटकती मिली। सुबह जब घर वालो ने देखा तो परिवार ने कोहराम मच गया। मृतका की दस वर्ष पहले शादी हुई थी जिसके तीन नाबालिग बच्चे है। घटना की सूचना मृतका के पति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज शिव जन्म यादव ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति के अनुसार उसका मानसिक रोग का इलाज चल रहा था। घटना का कारण स्पष्ट नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत के अवसर पर 'प्रथम पूजा' की। सिन्हा ने बाबा अमरनाथ का आशीर्वाद लिया और सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रगति और कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्रद्धालुओं के लिए समग्र यात्रा अनुभव में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रशासन और श्राइन बोर्ड के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उपराज्यपाल ने कहा, 'श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड और संबंधित विभागों के अधिकारी तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आवश्यक सुविधाओं, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव उपाय कर रहे हैं कि यात्रा सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त हो।'

### उरी में घुसपैठ की कोशिश, दो आतंकी मारे गये

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में शनिवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया। घटना गोहलन इलाके में हुई। अधिकारियों के मुताबिक गोहलन में अब भी रुक-रुककर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फायरिंग हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आतंकियों के एक समूह को उरी के गोहलन इलाके में घुसपैठ करते हुए देखा। सुरक्षाबलों ने उन्हें रुकने को कहा और उनकी घुसपैठ को नाकाम किया। इससे पहले 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए। 19 जून को ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हकीम-उद-दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी।

### सेना का कश्मीर में लेजर, लाइट और साउंड शो

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिला में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सैन्य वीरता को दर्शाने के लिए भारतीय सेना ने एक 'लेजर, लाइट और साउंड शो का आयोजन किया गया है। जिसने यह सुनिश्चित किया है कि यह पर्वतीय प्रदेश हमेशा भारत का गौरव बना रहे। केन्द्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को सेना की चिनार कोर, डैगर डिवीजन और उसके पीर पंजाल ब्रिगेड द्वारा परिकल्पित और बोनियार में पुनित बालन ग्रुप द्वारा समर्थित इस शो का उद्घाटन चिनार कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग की उपस्थिति में किया। श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि यह 'अपनी तरह का पहला लेजर, लाइट और साउंड शो यहां आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए एक सौगात है। प्रवक्ता ने कहा कि यह शो दर्शकों को कश्मीर घाटी के सदियों पुराने प्रलेखित इतिहास से लेकर आज के प्रगतिशील कश्मीर तक की पुरानी यादों में ले जाता है।

### तरनतारन गुरुद्वारा में बेअदबी, आरोपी गिरफ्तार

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन के ऐतिहासिक गुरुद्वारा बीर बाबा बुड्ढा साहिब में शनिवार को हुई बेअदबी की घटना के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुद्वारा साहिब में दाखिल होने के बाद एक व्यक्ति ने गुटका साहिब के पन्ने फाड़ दिए। गुरुद्वारा साहिब के सेवादारों ने व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी की पहचान गांव झबल बाबा जल्लन कॉलोनी के हरदयाल सिंह के रूप में की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक पैर से दिव्यांग युवक सुबह गुरुद्वारा साहिब में दाखिल हुआ और अंदर जाकर निट्ठा नीम के गुटका साहिब के हिस्से फाड़ दिए। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### तमिलनाडु शराब कांड अब तक 53 मरे

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में जहरीली शराब पीने से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 53 हो गया है। इनमें तीन महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर भी है। कलेक्टर एमएस प्रशांत ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। वहीं इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक अब तक जहरीली शराब पीने वाले 185 लोगों को कल्लाकुरिची अस्पताल, पुडुचेरी में जेआईपीएमईआर अस्पताल, सलेम सरकारी अस्पताल और विलुप्पुरम सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 135 लोगों का इलाज चल रहा है। 30 लोगों की हालत गंभीर है। तमिलनाडु में जहरीली शराब से मौत का सिलसिला 19 जून की दोपहर से शुरू हुआ था। इनमें पहले दिन 34 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें 24 तो एक ही गांव करुणापुरम के थे। 20 जून को सभी मृतकों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। 21 जून को मृतकों का आंकड़ा 47 पहुंच गया था।

### चीन ने किया नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित

**जिचांग।** चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच लगभग 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में जिचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। एसवीओएम के चीनी प्रमुख अन्वेषक एवं चीनी विज्ञान अकादमी की राष्ट्रीय खगोलीय वेधशालाओं में काम करने वाले वेई जियानयान ने कहा, 'हम कुछ महत्वपूर्ण खोजों की प्रतीक्षा कर रहे हैं जैसे कि सबसे प्रारंभिक गामा-किरण विस्फोट तब हुआ था जब ब्रह्मांड अपने बचपन में था जो हमें ब्रह्मांडीय विकास का अध्ययन करने में मदद करेगा।

### पाक के पांच सैनिक आतंकी हमले में मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### सतना में बिजली गिरने से चार की मौत

**सतना।** मध्यप्रदेश के सतना जिले में आज बिजली गिरने से दो महिलाओं चार लोगों की मौत हो गयी। मझगवां विकास खंड के सेहा के जंगल में आज विजली गिरने से दो महिलाओं और एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच अन्य लोग घायल है। जिन्हें मझगवां के सामुदायिक केंद्र में दाखिल कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार संभवत: लकड़ियां लेने यह सभी जंगल गये लोग थे। इस बीच प्राकृतिक आपदा का शिकार हो गये। इस घटना में गाज गिरने के कारण कुसुमा सिंह और चंपा सिंह नामक दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल प्रमोद सिंह की मौत अस्पताल ले जाने के दौरान हो गई। इसी तरह कोलगवां थाना क्षेत्र के कृष्ण नगर में बिजली गिरने से अंबुज कोल निवासी धवारी की मौत हो गई।

# समय पर त्रुटि रहित बिल पहुंचायें घरों तक

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

### वन टाइम सेटेलमेंट बारे में चलाएं व्यापक जागरूकता अभियान

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऊर्जा विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रस्तुत किये गये प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। सीएम योगी ने कहा कि बिजली का बिल समय से जमा कराने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मोबाइल का बिल नियत समय पर जमा करते हैं उसी प्रकार बिजली का बिल भी तय समय पर जमा कराने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए विभाग एक सुदृढ़ मैकेनिज्म तैयार करे। सीएम योगी ने प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने पर विशेष जोर दिया और कहा कि जनता को इसके लिए तैयार किया जाए। स्मार्ट मीटर आज की आवश्यकता है।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बिजली का बिल सही समय पर और बिना गड़बड़ी के हर उपभोक्ता के घरों तक पहुंचना चाहिए। मीटर रीडर को इसके लिए जवाबदेह बनाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को ओटीएस के बारे में जागरूक करें ताकि बकाया बिजली के बिल को जमा करने में मिलने वाली सहूलियत के बारे में उसे अच्छी तरह से पता हो। बिजली के बिल के नाम पर उपभोक्ताओं को किसी भी सूरत में परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि हमने अपने पहले पांच साल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करने में लगाया है, अब हमें अपना पूरा जोर क्वालिटी मेंटेन करने पर देना होगा।

सीएम ने कहा कि मेंटेनेंस के कारण अगर बिजली कटौती की जाती है तो कब और कितनी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी इसकी पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को देना जरूरी है। इसके लिए सोशल मीडिया का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर की कवायद को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। ईज ऑफ लिविंग के लिए यह बहुत जरूरी है, जिससे सच्चे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश में बिजली सप्लाई के घंटों में बढ़ोतरी हुई है। बीते भीषण गर्मी के बावजूद और केवल लोकल फॉल्ट को छोड़ दें तो बीते 15 मार्च से सरकार 24 घंटे बिजली सप्लाई देने में सफल रही है। प्रदेश में कहीं भी बिजली की कमी नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में 3.45 करोड़ बिजली कनेक्शन हैं। वहीं दो साल में 30 लाख कनेक्शन बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि 2024 में अब तक 70 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा कंज्यूमर टर्नअप शहरी इलाकों में करीब 92 प्रतिशत तो ग्रामीण इलाकों में 51 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री को बताया गया कि प्रदेश में बिजली बिल का 40 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन, 32 प्रतिशत काउंटर से और 30 प्रतिशत विभिन्न ई-वॉलेट के माध्यम से प्राप्त हो रहा है। ऑनलाइन सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए लोड बढ़ाने से लेकर नाम, पता बदलने तक की सुविधा ऐप के माध्यम से दी जा रही है। साथ ही बिजली का बिल जमा करने के लिए प्रतिमाह औसतन 7 एसएमएस भी भेजे जाते हैं।

### खालिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई करे कनाडा सरकार

**नयी दिल्ली।** कुछ दिन पहले कनाड़ा की संसद में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को श्रद्धांजलि दिए जाने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता ने शनिवार को यहां तीन मूर्ति चौक से लेकर चाणक्यपुरी थाना तक रैली निकाली।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि कुछ दिन पहले इटली में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन में कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान विश्व शांति और आपसी प्रेम की जोरदार वकालत की थी। इतना ही नहीं, पिछले दिनों भारत में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान श्री ट्रूडो ने आतंकवाद के गंभीर मुद्दे पर भारत के साथ पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब कनाड़ा की संसद में निज्जर को श्रद्धांजलि दी गई है और दो मिनट का मौन भी रखा गया है जिसका भाजपा और यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट पूरजोर विरोध करता है। उन्होंने कहा कि आज के विरोध प्रदर्शन के माध्यम से हम श्री ट्रूडो से खालिस्तानी आतंकवादियों से दूरी बनाने की अपील करते हैं। इतना ही नहीं, आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू को भी संरक्षण देने की बजाए उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए भारत को जल्द से जल्द सौंपने की अपील करते हैं।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा करने वाले लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन

» वाराणसी में चल रहा था इलाज, मणिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार की सुबह वाराणसी में निधन हो गया। 82 वर्षीय आचार्य पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और गंभीर बीमारी की चपेट में थे। लक्ष्मीकांत प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में पुजारियों की टीम में शामिल है। उनका मर्णिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार किया गया।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान लक्ष्मीकांत दीक्षित का प्रमुख पुजारी के रूप में चयन हुआ था। उनके पूर्वजों ने नागपुर और नासिक रियासतों में भी धार्मिक अनुष्ठान कराए था। लक्ष्मीकांत दीक्षित पूजा पद्धति में सिद्धहस्त और वाराणसी के मीरघाट स्थित सांगवेद महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रहे थे। लक्ष्मीकांत के निधन पर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जाहिर किया। लक्ष्मीकांत दीक्षित की अध्यक्षता में 121 पंडितों की टीम ने अयोध्या अनुष्ठान किया था। इसमें काशी के 40 से अधिक विद्वान थे, जो 16 जनवरी से प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में शामिल रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मुख्य पुजारी और आचार्य पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित ने पीएम नरेंद्र मोदी को रक्षासूत्र बांधा था।



पीएम ने लक्ष्मीकांत दीक्षित का पैर छूकर आशीर्वाद लिया था।

शुक्ल यजुर्वेद के शीर्ष विद्वान वेदमूर्ति लक्ष्मीकान्त मथुरानाथ दीक्षित का जन्म सन 1942 में मुरादाबाद में हुआ था। उनकी माताजी का नाम रुक्मिणी और पिताजी का नाम वेदमूर्ति मथुरानाथ दीक्षित था। वह नेपाल के अलावा भारत के अनेक शहरों में वैदिक अनुष्ठानों में बतौर आचार्य शामिल हुए। उन्हें वेद सम्राट, वैदिक भूषण, वैदिक रत्न, देवी अहिल्या बाई राष्ट्रीय पुरस्कार जैसे पुरस्कार मिल चुके हैं।

## सीवान में नदी पर बना 40 साल पुराना पुल गिरा

### पिलर धंसा और पुल नदी में समा गया, पुल के ढहने से आवागमन पूरी तरह से हो गया ठप

एजेंसी

**सीवान।** बिहार के सीवान जिले में गंडक नहर पर बना 40 साल पुराना पुल अचानक गिर गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ा पंचायत में बना पुल आज सुबह ध्वस्त हो गया। बताया जा रहा है कि पिलर धंसने की वजह से यह हादसा हुआ। पुल के ढहने से आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। यह पुल महाराजगंज प्रखंड के पटेढ़ी बाजार और दरौंदा प्रखंड के रामगढ़ पंचायत को जोड़ता था। इस पुल के जरिए हजारों लोग इस पार से उस पार आते-जाते थे।



हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि पिलर अपनी जगह से खिसकता है, धीरे-धीरे पुल धराशायी हो जाता है। पुल के टूटने से दो गांव के बीच का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग ने नहर की सफाई कराई थी। नहर की मिट्टी काटकर बांध पर फेंकी गई थी। इस वजह से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया था, जिसके कारण टूट गया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि नहर की सफाई के दौरान विभाग ने सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया, जिससे पुल के पिलर पर अतिरिक्त भार पड़ गया और यह हादसा हो गया। इस पुल की चौड़ाई लगभग 30 फीट थी। लगभग 30 साल पहले इस पुल का निर्माण कराया गया था।

हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पुल के टूटने से आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। इससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों का स्कूल जाना, किसानों का खेतों तक पहुंचना और मरीजों का अस्पताल जाना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय नागरिक बलराम साह ने बताया कि यह पुल गांव के ही लोगों ने 1990 में बनवाया था। चंदा जमा करके नींव और 3 खंभे बनाए गए थे। बाद में तब के विधायक उमाशंकर सिंह ने लोगों की मांग पर पुल की ढलाई का काम कराया था। हाल में गंडक विभाग के लोगों ने नहर की सफाई करने के दौरान पिलर के पास की मिट्टी निकाल दी। आज पानी आया और कमजोर हो गया पिलर टूट गया। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के बाद से अभी तक कोई भी सरकारी अधिकारी स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन की इस अनदेखी के कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल के टूटने से संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी से संपर्क नहीं हो पाया। इस घटना से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन को तुरंत इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और पुल की मरम्मत का कार्य जल्द से जल्द शुरू करना चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि इस घटना की जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद महाराजगज के भूमि सुधार उप समाहर्ता श्रीराम रंजन सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आवागमन बाधित नहीं हुआ है। यहां से एक किलोमीटर दूर दूसरा पुल है, उससे लोग आवाजाही कर रहे हैं। पुल गिरने के कारणों पर उन्होंने कहा कि इसके बारे में स्थानीय लोग ही बता सकेंगे। उन्हीं के सहयोग से 1991 में पुल बना था।

## अमेरिका में चीन करने जा रहा बड़ा खेल

### आर्मी बेस के पास खरीद ली जमीन, अब जासूसी की तैयारी?

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चीन की साथ बढ़ती तनातनी के बीच अमेरिका से एक ऐसी खबर आई है जो उसके लिए खतरे की घंटे हो सकती है। चीन ने अमेरिका के सैन्य ठिकानों के पास जमीन खरीद ली है और इसे वह जासूसी के लिए इस्तेमाल कर सकता है। द न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक फ्लोरिडा से लेकर हवाई तक अमेरिका भर में ऐसे 19 ठिकानों की पहचान की गई है। इनमें सेना के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ठिकाने शामिल हैं।

द न्यूयॉर्क पोस्ट ने एक रिटायर्ड अमेरिकी एयर फ़ोर्स ब्रिगेडियर जनरल के हवाले से बताया है कि रणनीतिक रूप से अहम जगहों के नजदीक होने की वजह से यह बहुत चिंताजनक है। उन्होंने कहा, 'इन स्थानों का उपयोग खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए किया जा सकता है। साथ ही इन जमीनों के मालिक स्थानीय राजनीति में प्रभावशाली हो सकते हैं, जैसा कि हमने पहले भी देखा है। यह चिंताजनक है कि हमारे पास ऐसे कानून नहीं हैं जो चीनियों को अमेरिका में संपत्ति खरीदने से रोक सकें।।सूत्रों के मुताबिक खेती की आड़ में चीनी मालिक ट्रैकिंग तकनीक स्थापित कर सकते हैं और ठिकानों को देखने के लिए रडार और इन्फ्रारेड स्कैनिंग का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा सैन्य ठिकानों की जासूसी के लिए उनके ऊपर ड्रोन उड़ाने की कोशिश भी कर सकते हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की सितंबर 2023 की एक रिपोर्ट में बताया गया कि चीनी घुसपैठियों ने पिछले कुछ सालों में 100 से ज्यादा बार सैन्य ठिकानों में घुसने की है। एफबीआई ने इसे गंभीर खतरा' करार दिया है और निर्देशक क्रिस्टोफर रे ने अप्रैल में कहा था कि हैकर्स ने अमेरिका के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में अपना रास्ता बना लिया है और वो हमले के लिए सिर्फ सही मौके का इंतजार कर रहे हैं।



» रिपोर्ट में चीनी घुसपैठियों ने पिछले कुछ सालों में 100 बार सैन्य ठिकानों में घुसने की है

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अमेरिकी दक्षिणी सीमा पर 30,000 से ज्यादा चीनी जासूसों के घुसने के खतरे के बारे में भी चेतावनी दी है। यूएसडीए की कृषि सेवा एजेंसी के नए आंकड़ों के के मुताबिक, 31 दिसंबर, 2022 तक चीनी निवेशकों के पास 349,442 एकड़ अमेरिकी कृषि भूमि थी। चीनी नागरिकों ने अपने निगरानी बढ़ाने के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल किया है। फ्लोरिडा के की वेस्ट में एक खुफिया केंद्र में कई बार ऐसी घटनाएं देखी गई हैं, जहां चीनी 'पर्यटक' सैन्य ठिकानों के पास तस्वीरें खींचते हुए पाए गए।

## हिंदुजा फैमिली नौकरों के शोषण मामले में दोषी करार

### अरबपतियों को चार साल की सजा, स्टाफ से ज्यादा कुत्तों पर करते थे खर्च

एजेंसी

**जेनेवा।** भारतीय मूल के अरबपति और ब्रिटेन की सबसे अमीर हिंदुजा फैमिली नौकरों के शोषण मामले में दोषी पाई गई है। परिवार के चार सदस्यों को स्विट्जरलैंड के कोर्ट ने 21 जून को जेल की सजा सुनाई है। बिजनेसमैन प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल की सजा मिली है। वहीं उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को चार साल की सजा सुनाई गई है।




हिंदुजा परिवार पर उनके स्विट्जरललैंड विला में काम करने वाले लोगों का शोषण करने के आरोप लगे थे। इनमें ज्यादातर भारत के अशिक्षित लोग थे। हालांकि कोर्ट ने मानव तस्करी के आरोपों को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके स्टाफ को इतनी समझ थी कि वे क्या कर रहे हैं। हिंदुजा के वकीलों ने कहा कि उन्होंने फैसले के खिलाफ अपील की है। फैसले के वक्त हिंदुजा परिवार के चारों सदस्य कोर्ट में नहीं थे। हालांकि उनका मैनेजर और 5वां आरोपी नजीब जियाजी मौजूद था। उसे भी 18 महीने की सजा हुई है। हिंदुजा परिवार ने पिछले हफ्ते शिकायतकर्ताओं के साथ समझौता कर लिया था, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने केस जारी रखा। प्रकाश हिंदुजा को 2007 में भी ऐसे ही आरोपों में दोषी पाया गया था। इसके बाद भी उन्होंने बिना सही दस्तावेजों के स्टाफ को भर्ती करना जारी रखा। स्विस अधिकारियों ने सजा सुनाए जाने से पहले ही हिंदुजा फैमिली के हीरे, रूबी और प्लैटिनम के हार समेत कई तरह की प्रॉपर्टीज को जब्त कर लिया था। इनका इस्तेमाल कानूनी खर्च और जुर्माने को कवर करने के लिए किया जा सकता है। स्विट्जरलैंड में सोमवार 17 जून से हिंदुजा परिवार के खिलाफ मानव तस्करी के मामले में ट्रायल शुरू किया गया था। पीड़ितों की ओर से पेश वकीलों ने कोर्ट को बताया कि कई बार रसोइये या घरेलू सहायकों को बहुत कम या बिना छुट्टी दिए 15 से 18 घंटे तक काम करने को मजबूर किया जाता था। हिंदुजा परिवार की जरूरत के मुताबिक उन्हें हर वक्त मौजूद रहना जरूरी था। वकील ने कमल हिंदुजा द्वारा बनाए गए डर के माहौल का भी जिक्र किया।

सरकारी वकील य्वेस बेरतोसा ने कोर्ट से कहा था कि हिंदुजा परिवार ने अपने कुत्ते पर एक नौकर से ज्यादा खर्च किया। स्टाफ को 654 रुपए रोज यानी सालाना करीब 2.38 लाख रुपए दिए गए, जबकि दस्तावेज बताते हैं कि कुत्ते के रखरखाव और खाने पर सालाना करीब 8 लाख रुपए खर्च किए जाते थे। वकील ने बताया था कि इन सभी सहायकों के पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे। कई कर्मचारी सिर्फ हिंदी में बात कर सकते थे, इसलिए वे कहीं जा नहीं सकते थे।

### बुलेट ट्रेन के लिए 6000 श्रमिकों को किया शिक्षित

**अहमदाबाद।** मुंबई से अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन तक आयोजित नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से 6000 से अधिक श्रमिकों को शिक्षित किया गया। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता अभियान के अंतर्गत, एनएचएस आरसीएल द्वारा पूरे एलाइनमेंट के लिए 100 अलग- अलग निर्माण स्थलों पर 'प्रयास नामक नुक्कड़ नाटक का पहला सत्र पूरा किया गया एनएचएसआरसीएल के प्रबंध निदेशक विवेक कुमार गुप्ता ने कहा, 'हमारे निर्माण स्थलों पर हर दिन हजारों कुशल और अकुशल श्रमिक काम करते हैं। यह अभियान बुलेट ट्रेन परियोजना के कार्यबल के बीच सुरक्षा की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रहा है।

**गीदड़ भभकी** — बीजिंग ने अदालत और पुलिस के लिए गाइडलाइन जारी की, देश की अखंडता के लिए उठाया कदम

# ताइवान की आजादी की मांग उठायी तो मौत की सजा देगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को ताइवान की आजादी की मांग करने वाले लोगों को 'मौत की सजा' की धमकी दी है। हालांकि चीन की इस धमकी को बेअसर माना जा रहा है क्योंकि ताइवान की आजादी की मांग चीन में नहीं होती है। ये मांगे ताइवान में होती हैं जहां चीनी अदालत के नियम नहीं चलते।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने शुक्रवार को ये नई गाइडलाइन जारी की। इसमें कहा गया है कि ताइवान की आजादी की मांग करने वाले नेताओं के कदम से यदि देश या जनता को किसी भी प्रकार का नुकसान होता है तो मौत की सजा दी जा सकती है। इसके अलावा सजा के तौर पर 10 साल की सजा का भी प्रावधान है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक गाइडलाइन में कहा गया है कि चीन की अदालतें, सरकारी वकील और सुरक्षा से जुड़ी एजेंसियां ताइवान की आजादी चाहने वाले लोगों को देश को बांटने और अलगाववाद भड़काने के आरोप में कड़ी सजा दी जाए। देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के रक्षा की जानी चाहिए।

चीन, ताइवान में पिछले ही महीने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले लाई चिंग-ते को 'खतरनाक अलगाववादी' मानता है। चीन ने ताइवान के राष्ट्रपति को लेकर दावा किया है कि वो चीन के खिलाफ युद्ध छेड़ना चाहते हैं। वहीं ताइवान के राष्ट्रपति चिंग ते ने चीन के बढ़ते दबाव की शिकायत की है। उनका कहना है कि चीन ताइवान के आसपास द्वीपों के पास आक्रमक तरीके से मिलिट्री एक्शन, कोस्टगार्ड पैट्रोलिंग और ट्रेड सैंक्शन लगा रहा है।

चीन ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। चीन और ताइवान के बीच ये झगड़ा 73 साल



से चला आ रहा है। दरअसल, चीन के साथ ताइवान के बीच पहला कनेक्शन 1683 में हुआ था। तब ताइवान क्विंग राजवंश के अधीन हुआ था।अंतरराष्ट्रीय राजनीति में ताइवान की भूमिका 1894-95 में पहले चीन- जापान युद्ध के दौरान सामने आई। जापान ने क्विंग राजवंश को हराकर ताइवान को अपना उपनिवेश बना लिया। इस पराजय के बाद चीन कई भागों में बिखर गया। कुछ साल बाद चीन के बड़े नेता सुन्-यात-त्सेन ने चीन को एकजुट करने के उद्देश्य से 1912 में कुओ मिंगतांग पार्टी बनाई। हालांकि उनका रिपब्लिक ऑफ चाइना का अभियान पूरी तरह सफल हो पाता उससे पहले ही 1925 में उनकी की मृत्यु हो गई।

इसके बाद कुओ मिंगतांग पार्टी के दो टुकड़े हो गए। नेशनलिस्ट पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी। नेशनलिस्ट पार्टी जनता को ज्यादा से ज्यादा अधिकार देने के पक्ष में थी, जबकि कम्युनिस्ट पार्टी डिक्टेटरशिप में भरोसा रखती थी। इसी बात पर चीन के भीतर गृहयुद्ध शुरू हुआ। 1927 में दोनों पार्टियों के बीच नरसंहार की नौबत आ गई। शंघाई शहर में हजारों लोगों को मार गिराया गया। यह गृह युद्ध 1927 से 1950 तक चला। इसका फायदा जापान ने उठाया और चीन के बड़े शहर मंजूरिया पर कब्जा कर लिया। तब दोनों पार्टियों ने मिलकर जापान का मुकाबला किया और द्वितीय विश्व युद्ध (1945) में जापान से मंजूरिया को छुड़ाने में सफल रहा। कुछ दिन बाद जापान ने ताइवान पर भी अपना दावा छोड़ दिया।

इसके बाद दोनों पार्टियों में फिर झगड़े शुरू हो गए। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और रिपब्लिक ऑफ चाइना यानी चीन और ताइवान। चीन में कम्युनिस्ट पार्टी यानी माओ त्से तुंग का शासन था, जबकि ताइवान में नेशनलिस्ट कुओमितांग यानी चियांग काई शेक का शासन था। दोनों के बीच संपूर्ण चीन पर कब्जे के लिए जंग हुई। रूस की मदद से कम्युनिस्ट जीत गए और शेक को ताइवान में समेट दिया। यानी ताइवान तक सीमित कर दिया। दरअसल ताइवान द्वीप पेइचिंग से दो हजार किमी दूर है। माओ की नजर फिर भी ताइवान पर रही और वे उसे चीन में मिलाने पर अड़े रहे।

### अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष आव्रजन सुविधा शुरू

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-3 पर अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं के लिए विशेष सुविधा फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन, ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम केन्द्र सरकार की एक दूरदर्शी पहल है जिसे भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए सोच समझ कर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से दूसरे देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों एवं ओसीआई यात्रियों की सुविधा बढेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की शुरूआत विकसित भारत के लिए तय किए गए प्रमुख कार्यबिंदुओं में से एक है और यह पहल सभी के लिए यात्रा सुविधा और दक्षता बढ़ाने की सरकार की कटिबद्धता को दर्शाती है। ये सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी।